
लोक दर्पण

रविवार, 15 सितंबर 2024 www.amritvichar.com विश्व ओजोन दिवस विशेष

जीवन के लिए जरूरी ओजोन परत संरक्षण

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन के लिए जरूरी ओजोन परत संरक्षण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 227, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 15 सितंबर 2024



**आज का मौसम** 32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 54 सूर्यास्त 06 :12

40 वर्ष के हुए आयुष्मान खुराना...15

## प्रधानमंत्री आवास में बछिया का जन्म, दीपज्योति नाम



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास में एक नई सदस्य-बछिया का आगमन हुआ है, जिसका नाम दीपज्योति रखा गया है। मोदी ने एक्स के जरिए सूचना दी कि प्रधानमंत्री के आवासीय परिसर में गौ माता ने एक बछिया को जन्म दिया है। मोदी ने लिखा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है- गाव : सर्वसुख प्रदा :। प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

# वंशवादी राजनीति ने सुंदर कश्मीर को बर्बाद किया: मोदी

## प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को दोहराया

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और उनकी सरकार ने इस सुंदर क्षेत्र को नष्ट करने वाली वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए एक नया नेतृत्व पेश किया है।

जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को फिर से सत्ता में लाने को लेकर आगाह किया। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की केंद्र-शासित प्रदेश में यह पहली चुनावी रैली थी।

मोदी ने लगभग 45 मिनट के भाषण की शुरुआत रैली में आए लोगों का कश्मीरी भाषा में स्वागत करके की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, "इस बार चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।" मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, वंशवादी राजनीति ने इस सुंदर क्षेत्र को भीतर से खोखला कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने कभी आपके बच्चों की परवाह नहीं की। उन्होंने सिर्फ अपने बच्चों की परवाह की और उन्हें आगे बढ़ाया तथा नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में केंद्र में उनकी सरकार बनने के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि कश्मीर के युवा आतंकवाद का दंश झेलते रहे हैं। लोगों को गुमराह करके परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों ने सत्ता का आनंद लिया और युवा नेताओं को जड़ें नहीं जमाने दीं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी ने पाप से कम कुछ नहीं किया है, क्योंकि ये तीन परिवार कश्मीर को बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### कुरुक्षेत्र में बोले- जब तक मोदी है, आरक्षण व्यवस्था में रत्तीभर भी कमी नहीं आएगी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार का आरंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का सबसे बड़ा विरोधी करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक मोदी है, बाबा साहब के दिए आरक्षण में रत्ती भर भी लूट नहीं होने देगा, हटाने नहीं देगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लाना चाहती है यानी आतंक और अलगाव के उस कालखंड को वापस लाना चाहती है, जिसमें हमारे हरियाणा के वीर जवानों पर पत्थर फेंके जाते थे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आज छह वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। वे टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सुबह लगभग 10 :30 बजे वह झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

### बारामूला में मुठभेड़, तीन आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में चल रही मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को ढेर किया गया है। शुक्रवार देर रात चक टापर क्रेरी पट्टन तिलवानी मोहल्ले में गोलीबारी शुरू हो गई, जब संयुक्त बलों की एक टीम ने एक खाली इमारत में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, छिपे हुए आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई।

# ज्ञानवापी विश्वनाथ स्वरूप मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण

## समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान विषय पर संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं, वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप हैं।

योगी शनिवार को गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केरल में जन्मे आदि शंकर ने देश के चारों कोनों में धर्म-अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण पीठों की स्थापना की। आदि शंकर जब अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर काशी आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही।

योगी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में जब आदि शंकर गंगा स्नान के लिए निकले तब भगवान विश्वनाथ एक अछूत के वेश में उनके सामने खड़े हो गए। आदि शंकर ने जब उनसे मार्ग से हटने को कहा तब उसी रूप में भगवान विश्वनाथ ने उनसे पूछा कि आप यदि अद्वैत ज्ञान से पूर्ण हैं तो आपको सिर्फ भौतिक काया नहीं देखनी चाहिए। यदि ब्रह्म सत्य है तो मुझमें भी वही ब्रह्म है जो आपमे है। हतप्रभ आदि शंकर ने जब अछूत बने भगवान का परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं वही हूं, जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए वह (आदि शंकर) काशी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है।



गोरखपुर विवि में संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

### रूढ़ियों पर प्रहार करने में आगे रहा नाथपंथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप नाथपंथ ने अपनी भूमिका को सदैव समझा। जब देश बाहरी आक्रमण शुरू हो गए थे, तब नाथपंथ के योगियों ने सारंगी वादन के जरिये समाज को देश पर आए खतरे के प्रति जागरूक किया। इसी तरह सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार करने में भी नाथपंथ अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया।

### देश को जोड़ने की व्यावहारिक भाषा है हिंदी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को राजभाषा हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी देश को जोड़ने की एक व्यावहारिक भाषा है। इसका मूल देववाणी संस्कृत है। भारतेंदु हरिश्चंद्र के 'निज भाषा उन्नति' वाले उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भाव और भाषा खुद की नहीं होगी तो हर स्तर पर प्रगति बाधित करेगी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिंदी को जिस रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है, वह अभिनंदनीय है।

## संवेदनशील जानकारियां जजों की नियुक्ति में देरी की वजहः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शीर्ष अदालत से कहा है कि सरकार के पास मौजूद संवेदनशील तथ्य विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों के क्रियान्वयन में देरी की वजह हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि उन्हें केंद्र सरकार से कुछ जानकारियां मिली हैं, जो संवेदनशील प्रकृति की हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत से यह भी कहा कि इन मुद्दों को सार्वजनिक करना न तो संस्थान के हित में होगा और न ही इसमें शामिल न्यायाधीशों के हित में। वेंकटरमणी ने पीठ से कहा कि मैं जानकारियों और सुझावों को न्यायाधीशों के अवलोकन के लिए सीलबंद लिफाफे में रखना चाहूंगा। मामले की सुनवाई अब 20 सितंबर को होगी।

शीर्ष अदालत अधिवक्ता हर्ष विभोर सिंघल की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र द्वारा उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी

# हिंदू विवाह कोई अनुबंध नहीं तलाक के लिए सहमति जरूरी

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि एक हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता। शास्त्र सम्मत विधि आधारित हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही भंग किया जा सकता है और वह भी संबंधित पक्षों द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर।

जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस दोनाडी रमेश की पीठ ने विवाह को भंग किए जाने के खिलाफ एक महिला की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि पारस्परिक सहमति के बल पर तलाक मंजूर करते समय भी निचली अदालत को तभी विवाह भंग करना चाहिए था, जब आदेश पारित करने की तिथि को वह पारस्परिक सहमति बनी रही। अदालत ने कहा कि यदि अपीलकर्ता का दावा है कि उसने अपनी सहमति वापस ले ली है और इस तथ्य को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तो निचली अदालत अपीलकर्ता को मूल सहमति पर कायम रहने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि ऐसा करना न्याय का उपहास होगा। महिला ने 2011 में बुलंदशहर के अपर जिला जज द्वारा पारित निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपर जिला जज ने महिला के पति की ओर से दाखिल तलाक की अर्जी मंजूर कर ली थी।



### क्या था मामला

संबंधित पक्षों का विवाह 2 फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया, जिसके बाद दूसरी बार मध्यस्थता की गई, लेकिन पति द्वारा पत्नी को साथ रखने से इनकार करने की वजह से यह मध्यस्थता भी विफल रही।

## ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव

**आगरा।** आगरा में पिछले तीन दिन से लगातार जारी बारिश के कारण ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं परिसर स्थित एक उद्यान में पानी भर गया है। ताजमहल परिसर में जलमग्न उद्यान का वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), आगरा मंडल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्य गुंबद में सीलन के कारण रिसाव हो रहा है। आगरा मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् राजकुमार पटेल ने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव को लेकर कहा कि हां, हमने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव देखा है। उसके बाद जब हमने निरीक्षण किया तो पता चला कि यह सीलन के कारण हुआ और मुख्य गुंबद को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमने ड्रोन कैमरे के जरिए मुख्य गुंबद का निरीक्षण किया।



# मेरठ में तीन मंजिला मकान ढहा मलबे में 15 लोग दबे, एक की मौत

मेरठ, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, देर रात तक जारी रहा बचाव अभियान

जाकिर कॉलोनी में भारी बारिश के बाद 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान शनिवार को ढह गया, जिसमें जिसमें एक ही परिवार के लगभग 15 लोग और दर्जनों मवेशी मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद एडीजी से लेकर जिले के तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। लगभग पांच घंटे चले रेस्क्यू के बाद सिर्फ एक महिला को बाहर निकाला जा सका था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में 90 साल की बुजुर्ग महिला नफो उर्फ नफीस का 300 गज में तीन मंजिला मकान है। बताया जाता है कि यह मकान लगभग 50 साल पुराना है। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर नफो के बेटे डेयरी करते हैं, जबकि ऊपर की दो मंजिलों पर नफो के बेटे साजिद और नईम की पत्नी अलीशा, पांच वर्षीय बेटी रिमशा, नदीम की पत्नी फरहाना, बेटा हमजा, शाकिर पत्नी साहिबा समेत 15 रहते हैं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे यह मकान अचानक भरभरा कर जमींदोज हो गया। मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है।



## छत्तीसगढ़ में हिंदी में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को हिंदी दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिंदी में भी होगी। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं। विष्णुदेव साय ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था हम हिंदी में करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। हमारे स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में ये काम हो रहा है। विष्णुदेव साय ने बताया कि हमने छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू कर दिया है।

# भारत-नेपाल सीमा के सैकड़ों गांव बने टापू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पहाड़ों पर भारी वर्षा और जिले में दो दिन की बारिश से हाहाकार मच गया है। बनबसा बैराज से शुक्रवार को 4.61 लाख क्यूसेक पानी शारदा में छोड़ा गया, जिससे बाढ़ विकराल हो गई है। घाघरा, मोहाना और सुहेली नदी के उफनाने से पलिया और भारत नेपाल सीमा के सैकड़ों गांव टापू बन गए हैं।

भीरा क्षेत्र के रैनागंज निवासी मेवालाल मछली पकड़ने के दौरान शारदा नदी में डूब गया, जबकि तिकुनियां थाने के गांव खमरिया निवासी हसीब खेत से चारा लेकर लौटते समय बाढ़ के पानी में बह गया। इससे जिला प्रशासन ने पलिया, निघासन और धौरहरा इलाके में अलर्ट घोषित कर दिया है।

पलिया नगर में शारदा नदी का पानी भरने के साथ पलिया-भीरा मार्ग पर चीनी मिल के सामने सड़क पर डेढ़ से दो फिट पानी चल रहा है। मझगईं और संपूर्णानगर इलाके के गोविंदनगर और भानपुर खजुरिया इलाके को बाढ़ ने अपने आगोश में ले लिया है। प्रशासन ने एहतियातन भीरा के आगे और पलिया की ओर से पूरी तरह आवागमन बंद कर दिया है। इसके चलते शारदा पुल और अतरिया क्रॉसिंग पर वाहनों की लाइनें लग गई हैं। हालांकि अतरिया क्रॉसिंग से नाव के जरिये लोगों का आवागमन शारदा पुल तक हो रहा है। सदर तहसील के गांव श्रीनगर और फूलबेहड़ इलाके में शारदा नदी तबाही मचा रही है। श्रीनगर गांव में बाढ़ के कारण कई परिवार डनलपों पर दिन रात गुजारने को मजबूर हैं।



बाढ़ के पानी के बीच डनलप पर बैठा परिवार।

### बाढ़ हुई विकराल

● बनबसा बैराज से शारदा में छोड़े करीब साढ़े चार लाख क्यूसेक पानी के बाद स्थिति बिगड़ी

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में बरेली मंडल से 32 उद्यमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● नए निर्यातक, महिला उद्यमी और हस्तशिल्पी उत्साहित

**अमृत विचारः** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के पारंपरिक उद्यमियों के लिए 'वैश्विक महाकुंभ' साबित होगा। बरेली मंडल से 32 उद्यमी समेत वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज और झांसी मंडलों के 270 पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने आवेदन किया है। आने वाले दिनों में और तेजी आएगी।

यह आयोजन नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने जा रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्यमी हथकरघा, टेराकोटा, एमएसएमई, ओडीओपी समेत विभिन्न श्रेणियों के उद्यमों का संचालन कर रहे हैं। सहभागिता को लेकर उत्साहित और आशान्वित उद्यमियों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी की नीतियां न केवल प्रदेश की परंपरा को संरक्षित कर रही है, बल्कि उनके उत्पादों की वैश्विक बाजार तक पहुंच सुलभ बना रही है। बरेली जिले से विभिन्न सेक्टर के 22 उद्यमी, बदायूं के 3, पीलीभीत के 4 तथा शाहजहांपुर के 3 उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं। बरेली मंडल से कुल 32 उद्यमी यूपीआईटीएस 2024 में अपनी सहभागिता अब तक सुनिश्चित करा चुके हैं।

## केजरीवाल की रिहाई पर आतिशबाजी, रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने पर उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आवास के बाहर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के बाहर आतिशबाजी करने के मामले में सिविल लाइंस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर पटाखे फोड़े गए थे।

# हिंदी और अन्य भाषाएं सखियां, इनमें प्रतिस्पर्धा नहीं

## हिंदी दिवस पर बोले अमित शाह, कहा- हमारे यहां सभी भाषाएं एक-दूसरे की पूरक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे सखियां हैं और एक-दूसरे की पूरक हैं।

शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता और राजभाषा उन सभी के साथ संवाद स्थापित नहीं करती। शाह ने कहा, 'हिंदी और स्थानीय भाषाओं के बीच कभी प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और सभी स्थानीय भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, इसलिए उनके बीच का रिश्ता और मजबूत किया जाएगा।' गृहमंत्री ने कहा कि हिंदी भू-राजनीतिक भाषा से अधिक भू-सांस्कृतिक भाषा है। उन्होंने कहा कि उनके दोनों मंत्रालयों-गृह और सहकारिता मंत्रालय में फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं। इस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लगे। गृह मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इस भाषा की 75 साल की यात्रा अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के अंतिम चरण में है और अब समय आ गया है कि हिंदी को संचार, लोगों, प्रौद्योगिकी और एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में भी स्थापित किया जाए।



### बरेली के डॉ. शरद अग्रवाल की पुस्तक हिंदी कहावत कोश का किया विमोचन

गृह मंत्री ने बरेली के चिकित्सक शरद अग्रवाल की पुस्तक 'हिंदी कहावत कोश' का शनिवार को विमोचन किया। समाज के हित में अग्रवाल ने आम बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में सरल हिंदी भाषा में उपयोगी जानकारी देने के लिए 'हेल्थहिंदी डॉट इन' वेबसाइट भी बनाई है। हिंदी कहावतों को संरक्षित करने और उन्हें आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शरद अग्रवाल ने 'हिंदी कहावत कोश' लिखी है। इसमें उन्होंने 10,000 से अधिक कहावतें और उनके निर्माण से जुड़ी 200 से अधिक कहानियां संकलित की हैं। इससे पहले, शाह ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान सभा की भावना यह थी कि देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ किसी भारतीय भाषा में संवाद करना चाहिए, चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, तेलुगु हो, मलयालम हो या गुजराती हो।

# तत्काल आरक्षण में दलालों को प्राथमिकता देने का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तत्काल आरक्षण को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। हरदोई में पहले भी रेल कर्मचारियों पर तत्काल आरक्षण को लेकर सवाल खड़े हुए थे। तत्काल आरक्षण को लेकर हरदोई जनपद के कई स्टेशनों पर रेल कर्मियों पर मनमानी करने और अपनों के तत्काल टिकट को बनाने के आरोप लग चुके हैं। हरदोई के शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मी पर अपने करीबी लोगों को तत्काल टिकट का लाभ देने का आरोप लगा है। शाहबाद के रहने वाले अमरीश सक्सेना ने यह आरोप लगाया है। अमरीश ने सोशल मीडिया पर शिकायत कर रेल अधिकारियों से इस मामले में कार्यवाही की मांग की है।

**▸▸ रेलकर्मी की शिकायत अधिकारियों से कर जांच कराने की मांग**

अमरीश का आरोप है कि शाहबाद रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट में बड़ा खेल चल रहा है। शाहजहांपुर से लोग आकर शाहाबाद में तत्काल आरक्षण करा रहे हैं।अमरीश सक्सेना का आरोप है कि शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर अधिक पैसे लेकर रेलकर्मी बालक राम तत्काल टिकट अपने करीबियों और नजदीकियों के बना रहे हैं जबकि अन्य लोगों को तत्काल टिकट का फॉर्म तक देने में रेल कर्मी कोताही बरकते हैं। फिलहाल मंडल कार्यालय की ओर से इस पूरे मामले की जांच सीएमआई रोज़ा को सौंप गई है।

शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर शनिवार को शाहबाद के रहने वाले अमरीश सक्सेना की पुत्री पटना के लिए अपना आरक्षण तत्काल में करने के लिए पहुंची थी।युवती के पिता का कहना है कि उनकी पुत्री का तत्काल में पहला स्थान होता लेकिन आरक्षण काउंटर पर बैठे बाबू बालक राम ने उनकी पुत्री को आरक्षण फॉर्म नहीं दिया और लगभग डेढ़ घंटे तक बैठाये रखा जबकि तत्काल का आरक्षण कराने आए अन्य दो लोगों को रेल कर्मचारियों द्वारा फॉर्म दे दिया गया। अमरीश सक्सेना का आरोप है कि रेलकर्मी द्वारा किए गए इस कार्य से उनकी पुत्री को तीन नंबर का टोकन तत्काल आरक्षण का प्राप्त हुआ जबकि वह पहले स्थान पर पहुंची थी। बताया कि उनके द्वारा इस मामले की शिकायत सोशल मीडिया पर की गई, जिसके बाद रेल अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया और उनकी पुत्री को तत्काल का फार्म उपलब्ध कराया। बताया कि लगातार रेल अधिकारी उन्हें मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने शाहाबाद में चल रहे तत्काल आरक्षण के खेल में जांच की मांग मण्डल के उच्च अधिकारियों से की है।

## महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप, नहीं हो रही सुनवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पड़ोसी गांव के व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन कार्रवाई न होने पर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय महिला ने बताया कि वह 6 सितंबर को गांव से ई-रिक्शा से शाहाबाद आ रही थी। ई-रिक्शा पर उसके पड़ोस के गांव का रमाकांत निवासी परियल भी बैठा था। जो रास्ते में उससे छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने उससे मारपीट भी की। पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को महिला एसपी से मिलने पहुंची थी।

## एक नजर

### महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक वांछित गिरफ्तार

**बेनीगंज, संवाददाता, अमृत विचार।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 14 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसमें छह महिलाएं भी हैं। बेनीगंज पुलिस ने करीमनगर निवासी वकील, शाकिर अली, नेवाजीपुर निवासी आलोक, भन्नू, भुजरेहटा निवासिनी पूनम पुत्री महिपाल, सरोज व लक्ष्मी पुत्री रामौतार, वाजिदपुर निवासी राजपाल, गंगाराम, रामरानी पत्नी रामप्रसाद, रामगौरी पत्नी विक्रम, रेशमा पत्नी राजपाल, गोसवां निवासी श्यामू तथा राजकुमार को जेल भेज दिया।

### चोरों ने नकदी व सामान पर किया हाथ साफ

**माधौगंज, हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर पूर्वी बिल्हौर कटरा मार्ग किनारे स्थित मकान का ताला काटकर चोरों ने सामान सहित नकदी पार कर दी। घटना के समय परिवार के सदस्य गांव में थे। मकान मालिक सियाराम यादव का शनिवार सुबह भतीजी को स्कूल छोड़ने आया तो घर में चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसों में तीन लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**मल्लावां, हरदोई।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से दो लोगों को हरदोई रेफर किया गया है। कस्बे के मुहल्ला काजीटोला निवासी शाने वारिस (18) व उसके मामा नितगंजा बाजार निवासी आरिफ (38) की बाइक से मवेशी टकरा गया। आरिफ की हालत गंभीर देखकर हरदोई रेफर कर दिया। इसके अलावा चकनन्दपुर निवासी मुन्नालाल (45) अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मुन्नालाल को भी हरदोई रेफर किया गया है।

# पुतला दहन के समय भाजयुमो अध्यक्ष के हाथ झुलसे

## अखिलेश यादव के मठाधीशों व माफियाओं वाले बयान के विरोध में कर रहे थे प्रदर्शन, पुलिस से हुई छीना-झपटी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मठाधीशों और माफियाओं वाले बयान पर बवाल मचा हुआ है।

भाजयुमो कार्यकर्ता शनिवार को शहर के सिनेमा चौराहे पर बयान के विरोध में प्रदर्शन करते हुए अखिलेश का पुतला फूंकने पहुंचे थे। उससे पहले वहां तैनात पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ताओं के बीच पुतले की छीना-झपटी होने लगी। नतीजतन पुतले के दो टुकड़े हो गए। उसी बीच कार्यकर्ता ने जैसे ही पुतले पर पेट्रोल डाल कर आग लगाई। उसी बीच आग के भड़कने से भाजयुमो जिलाध्यक्ष के हाथ झुलस गये। एक दूसरे कार्यकर्ता के कपड़े जल गए। कुछ और कार्यकर्ताओं के हाथ जलने की सूचना मिली है। पहले से अलर्ट पुलिस ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुतला दहन करने से रोक दिया। बतातें चलें कि अखिलेश यादव ने हाल ही में अपने बयान में सवाल करते हुए पूछा था कि मठाधीशों और माफियाओं में क्या अंतर है। उनके इसी बयान पर बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने अखिलेश यादव के इस तरह के बयान पर उन्हे हिंदू विरोधी तक कह दिया।


अखिलेश का पुतला फूंकते भाजयुमो के पदाधिकारी। अमृत विचार

शनिवार को भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष आकाश सिंह के नेतृत्व में प्रखर अग्निहोत्री, भास्कर मौर्या, अंशुमान मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, अनुज मिश्रा, मुनि मिश्रा, अभिषेक सिंह, गोविंदा, मयंक सिंह, पंकज व मुकेश आदि कार्यकर्ता अखिलेश यादव का पुतला लेकर सिनेमा चौराहे पर पहुंच गए। लेकिन सीओ सिटी अंकित मिश्रा, एसएचओ नारायण कुशवाहा व एलआईयू इंस्पेक्टर श्रीश शर्मा पुलिस टीम के साथ वहां पहले से मौजूद थे। पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ताओं के बीच पुतले की छीना-झपटी होने लगी। इतना ही नहीं पुलिस ने पुतले के ऊपर पानी की बौछारें भी छोड़ी। आखिरकार पुतले के दो टुकड़े हो गए। कार्यकर्ताओं ने पुतले के लटक रहे कपड़े पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगाई। उसी बीच आग भड़क गई और उससे ज़िलाध्यक्ष आकाश सिंह व एक दूसरा कार्यकर्ता चपेट में आ गया। पांच कार्यकर्त्ताओं के हाथ जलने की बात सामने आ रही है। पहले से अलर्ट पुलिस ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुतला दहन करने से रोक दिया।


अग्निशमन यंत्र के माध्यम से आग बुझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### सपा जिलाध्यक्ष ने कहा-

भाजयुमो द्वारा अखिलेश यादव के पुतला फूंकने के असफल प्रयास की सपा के जिलाध्यक्ष शराफत अली ने निंदा की है। कहा कि धर्म की आड़ में राजनीति करने वाली भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है। पूरे देश में जातीयता और धर्म के नाम पर आग लगाई जा रही है। पश्चिम बंगाल, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर इसके जीते जागते उदाहरण है। भाजपा उग्रवादी संगठनों को उकसाकर आग लगाने का काम कर रही है, जिससे उनका उल्लू सीधा होता रहे। जिले में सुरक्षा और अमन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

## तालाब में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव तेरवा गांव निवासी 22 वर्षीय चेतराम पुत्र राधेलाल शनिवार की दोपहर राजबहादुर के तालाब में नहाने गया था। जहां उसने कपड़े व मोबाइल निकालकर झोपड़ी के पास रख दिए और छलांग लगा दी। कुछ ही पलों में वह लहरों में समा गया। तालाब के पास राजबहादुर ने उसे डूबते देख शोर मचाना शुरू कर दिया। इस बीच गांव के तमाम ग्रामीण व गोताखोर मौके पर पहुंच गए। कई घंटे मशक्कत के बाद देर शाम उसका शव बरामद हो सका। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार देशराज भारती, लेखपाल विजय मिश्रा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। कई घंटे मशक्कत के बाद देर शाम गोताखोरों ने उसका शव बरामद किया। मृतक अविवाहित है। वह चार भाइयों में सबसे छोटा है। दो माह पूर्व उसके भाई चंद्रपाल की मौत हो गई थी।

# बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** मवेशी चरा रही पोती को पानी पिलाने जा रही वृद्धा को सड़क पार करते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को कछौना सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया। वहां पहुंचते ही बुजुर्ग वृद्ध महिला की मौत हो गई।

बघौली थाने के राव बहादुर निवासी सिरदार की पत्नी विद्या देवी (60) की पोती आरती शुक्रवार की शाम गदनपुर के पास भैंस चरा रही थी। आरती ने दादी से पीने के लिए पानी मांगा। दादी अपनी पोती को पानी पिलाने जा रही थी। गदनपुर की सड़क पार करते समय वृद्धा को तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इसका पता होते ही उसके घर वाले पहुंच गए। विद्या देवी को एम्बुलेंस-108 से कछौना सीएचसी ले जाया गया। वहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन बुज़ुर्ग को उसके घर वाले 100 बेड हास्पिटल ले कर पहुंच गए, वहां पहुंचते ही विद्या देवी की मौत हो गई। हादसे की शिकार हुई बुज़ुर्ग विद्या देवी के परिवार में तीन बेटे है। बघौली पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, हादसे की जांच की जा रही है।




### डॉक्टरों ने अपनाया गैर जिम्मेदाराना रवैय्या

विद्या देवी के घर वालों से पूछा गया कि बगैर पुलिस के शव घर क्यों उठा ले गए। इस सवाल पर उसके घरवालों ने जवाब दिया कि मौत होने के बाद वहीं (100 बेड हास्पिटल) के डाक्टरों ने शव को घर उठा ले जाने की सलाह दी थी। जबकि एक्सीडेंटल केस में शव सुपुर्दगी में ले कर उसकी सूचना पुलिस को भेजी जाती है, लेकिन 100 बेड हास्पिटल के डाक्टरों ने शव को घर ले जाने की सलाह दे कर गैर ज़िम्मेदाराना रवैय्या अपनाया है।

# नैमिषारण्य जा रहे श्रद्धालु की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** श्रद्धालु अपनी बाइक से दर्शन करने के लिए नैमिषारण्य जा रहा था। उसी बीच सीतापुर रोड पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास से बरामद हुए मोबाइल से नंबर ट्रेस कर घर वालों को खबर दी।

बेनीगंज कोतवाली के बिलहइया गांव निवासी 35 वर्षीय पंकज यादव पुत्र शांति स्वरूप यादव शुक्रवार की शाम को दर्शन करने की बात कह कर अपनी बाइक से नैमिषारण्य के लिए निकला हुआ था, उसी बीच रास्तें में सुल्तानपुर गांव के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पंकज बुरी तरह से घायल हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए सीएचसी उठा ले गईं, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक सवार के पास से बरामद हुए मोबाइल से उसके घर के नंबर ट्रेस किए, हादसे के अगले दिन शनिवार की सुबह रास्ता देख रहे घर वालों को मौत की खबर दी गई। पंकज की मौत की खबर पहुंचते ही उसके घर में चीख-पुकार मच गई।

# गांव में दवाखाना चला रहे डॉक्टर के इलाज से अधेड़ की हुई मौत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** साइटिका के दर्द से तड़प रहे अधेड़ ने गांव में दवाखाना चला रहे डाक्टर से इलाज कराया। दवा खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। घर वाले उसे सीएचसी ले जा रहे थे। उसी बीच अधेड़ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घर वालों ने पुलिस को दी तहरीर में मौत के लिए डाक्टर को ज़िम्मेदार ठहराते हुए उसके ऊपर गलत इलाज का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के छिबरामऊ निवासी 55 वर्षीय पप्पू पुत्र शिवचरन खेती-किसानी करता था। उसके परिवार में पत्नी गुड्डी देवी, एक बेटा अनिल और चार बेटियां है। जैसा कि उसके घर वालों का कहना है कि पप्पू के पैर में काफी दिनों से साइटिका का दर्द उठता था। उसने इधर-उधर काफी इलाज कराया, लेकिन कहीं से उसे राहत नहीं मिली। उसके बाद उसने गांव में दवाखाना चला रहे सौरभ से हाल बता कर दवाई ली, दवा खाने के बाद अधेड़ पप्पू की तबियत बिगड़ गई। उसके घर वाले सीएचसी ले जा रहे थे, उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर वाले रोने-चिल्लाने लगे। उन्होंने सौरभ के ऊपर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए शनिवार को उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। पप्पू अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था। फिलहाल सारे मामले की जांच की जा रही है।

### शाहजहांपुर व हरदोई में भी एनएचएआई की परियोजना में घोटाले का शक, हो सकती है जांच

**कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** बरेली-पीलीभीत-सितारगंज फोरलेन बनाने की परियोजना की जांच के बाद शाहजहांपुर और हरदोई में भी एनएचएआई के प्रोजेक्ट की जांच शुरू हो सकती है। मंडलीय समिति की जांच में रामपुर के धर्मवीर मित्तल की शाहजहांपुर और हरदोई में भी जमीन मिलने के साक्ष्य मिले हैं। इसकी वजह से इन दोनों जिलों में परियोजना में धांधली होने का शक गहरा गया है। संभावना जताई जा रही है कि दो-तीन दिन में इन जिलों में जांच के आदेश दिए जा सकते हैं।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से गठित मंडलीय समिति द्वारा 10 दिनों में पीलीभीत के सदर तहसील और अमरिया के उन 28 गांवों में जांच की गई, जहां से बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने का मार्ग प्रस्तावित है। इसमें 19 लोगों की ओर से धांधलेबाजी करने के प्रमाण समिति को मिले हैं। समिति के अनुसार इन्हीं 19 लोगों में शामिल रामपुर जिले की तहसील बिलासपुर के गांव चंदेला निवासी धर्मवीर मित्तल की जमीन कई जिलों में पाई गई है। उसने पीलीभीत के अलावा बरेली में रिंग रोड परियोजना से जुड़े उमरसिया में भी जमीन का बैनामा कराया गया है। इसके अलावा शाहजहांपुर और हरदोई में भी जमीन खरीदी है। लखनऊ-पलिया फोरलेन बनाने की एनएचएआई की परियोजना इन जिलों से होकर गुजरी है।

# बीमार मां व बेटे को बिना दवा भगाने के मामले में दी सफाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मां का इलाज कराने आए युवक को हास्पिटल से भगाने और दवा इलाज नहीं करने के मामले में 100 बेड हास्पिटल के डाक्टर ने सफाई दी है। सीएमओ की चिट्ठी के जवाब में चिकित्सक ने कहा है कि युवक पहले अपना मरीज दिखाने के लिए वहां पहले से बैठे मरीजों से झगड़ने लगा था। युवक को भगाने और उसकी मां को दवाई न देने को लेकर डाक्टर ने कहा कि उन्होंने युवक के साथ आए मरीज को नहीं देखा। क्योंकि उस दिन काफी भीड़ थी, 91 मरीज देखे गए थे।


मां का इलाज कराने आये युवक को हास्पिटल से भगाया, नहीं दी दवाई

8 सितंबर को प्रकाशित खबर।

**जांच-पड़ताल**

**▸▸ सीएमओ के जवाब तलब करने पर बोले चिकित्सक**

**▸▸ कहा-दूसरे मरीजों से पहले अपना मरीज दिखाने के लिए झगड़ने लगा था युवक**

बताते चलें कि अमृत विचार में 8 सितंबर को 100 बेड हास्पिटल से युवक रजनीश को भगाने और दवाई न देने की खबर प्रकाशित हुई थी। उसके बाद वहां हड़कंप मच गया। दरअसल रजनीश बुखार से बेहाल अपनी मां रामवती को इलाज के लिए 100 बेड हास्पिटल पहुंचा था। उसका आरोप था कि वहां फिजीशियन के असिस्टेंट ने बुखार से पीड़ित उसकी मां को नहीं दिखाने दिया, बल्कि उल्टे गाली-गलौज कर उसे वहां से भगा दिया और दवाई भी नहीं दी। खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमओ डा. रोहिताश्व ने जवाब तलब किया। 100 बेड हास्पिटल के फीजिशियन डा. प्रतीक नलवा ने सीएमओ को सफाई देते हुए कहा है कि उनका कोई सहायक (असिस्टेंट) नियुक्त नहीं है। कहा कि 5 सितंबर को एक युवक किसी मरीज को लेकर हास्पिटल पहुंचा था और अपने मरीज़ को पहले दिखाने के लिए वहां पहले से मौजूद मरीज़ो से झगड़ा कर रहा था। डा.नलवा ने अपने जवाब में माना कि युवक ने अपने मरीज़ को नहीं दिखाया था, कहा कि उस दिन काफी भीड़ थी, 91 मरीज़ देखे गए थे। सीएमओ को भेजी चिट्ठी में साफ तौर पर कहा गया है कि उन्होंने रजनीश की मां रामवती को नहीं देखा था, जबकि रजनीश का कहना था कि उसकी मां की हालत काफी खराब थी। इसलिए मरीज को दिखाने के लिए फिजिशियन डा. नलवा के कमरे में पर्चे जमा कर रहे युवक के आगे हाथ भी जोड़े, लेकिन फिर भी वह उससे बिगड़ने लगा और गाली-गलौज करते हुए मारने के लिए हाथ तक उठा दिया था।

### छात्रा तालाब में डूबी, घंटों बाद शव किया बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** पांचवी की छात्रा अपने भाई और बच्चों के साथ तालाब में घुस कर नारगुजारी ढूंढ रही थी। उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गई। घंटों रेस्क्यू कर छात्रा के शव को तालाब से बरामद किया। बेनीगंज कोतवाली के अटरा गांव निवासी की 12 वर्षीय बेटी अर्चना गांव के प्राथमिक विद्यालय में पांचवी की छात्रा थी, उसका एक भाई आनंद है। शुक्रवार की शाम को अर्चना अपने भाई आनंद और कुछ बच्चों के साथ गांव के किनारे तालाब में नारगुजारी ढूंढने के लिए गई हुई थी। बताते है कि छात्रा तालाब में नारगुजारी ढूंढ रही थी, उसी बीच वह गहराई में जा कर डूब गई।

**जनता दर्शन** — निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डाक बंगला पहुंचकर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी जनता से हुईं रूबरू

# जनता की सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डाक बंगला पहुंचकर क्षेत्र वासियों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

राज्य मंत्री रजनी तिवारी प्रत्येक शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर जनता से रूबरू होती हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने का हर संभव प्रयास करती है। अपने इसी कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डाक बंगले पहुंची। यहां पर वह पहले अपने कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई और उनकी कुशल क्षेम पूंछने के बाद मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की शिकायतें सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम दीक्षा जोशी, क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू मौजूद रहे।


डाक बंगले में समस्याएं सुनतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

### डोर टू डोर जाकर मंत्री ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सदस्यता अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शनिवार को शाहाबाद नगर मंडल के बूथ संख्या 74 मौलागंज पर जाकर संपर्क किया और भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। राज्य मंत्री मौलागंज मोहल्ले में डोर टू डोर संपर्क करने पहुंचीं। यहां उन्होंने दो दर्जन से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। कहा कि समस्त कार्यकर्ता डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को अधिक से अधिक भाजपा में जोड़ने का काम करें। क्योंकि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है।

### एएसपी ने समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

**हरदोई, अमृत विचार।** एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने लोनार और सवायजपुर कोतवाली पहुंचकर समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में आईं 11 शिकायतों में से मौके पर 7 का निस्तारण कर दिया। एएसपी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को लोनार और सवायजपुर थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी पश्चिमी ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। राजस्व विभाग और पुलिस से संबंधित कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिनमें से मौके पर 7 का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। हरपालपुर और अरवल कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर सीओ हरपालपुर रवि प्रकाश सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का निस्तारण कराया।

### थाना दिवस में आईं 23 शिकायतें

**शाहाबाद, अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में एसडीएम दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में राजस्व और पुलिस से संबंधित कुल 23 शिकायतें आईं। जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। शिकायतों को निस्तारित करने के लिए टीमें भेजी गई है।



## एक नजर

### अधिवक्ता चैंबर्स में खड़ंजा मार्ग का किया उद्घाटन

**हरदोई, अमृत विचार।** अधिवक्ता चैंबर्स में नवनिर्मित खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन शनिवार को जिला जज राजकुमार सिंह व एसपी नीरज जादौन ने फीता काटकर किया। अधिवक्ता चैंबर्स के गेट से लेकर दीवानी कचहरी को जोड़ने वाले गेट तक का खड़ंजा मार्ग का निर्माण किया गया और उसका चौड़ीकरण किया गया। जिला जज ने कहा कि यह खड़ंजा मार्ग अधिवक्ताओं के लिए वरदान साबित होगा और इससे आवागमन में काफी सुविधा होगी। यहां प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ला, महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, सी डीसी विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी, त्रिलोकी सिंह गौर के अलावा अन्य अधिवक्ता रहे।

### बच्चे के साथ विवाहिता लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद, टोंडरपुर, हरदोई।** थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बरगदिया की एक विवाहिता अपने तीन वर्ष के बच्चे के साथ लापता हो गई है। बेहटा गोकुल पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बरगदिया निवासी पीड़ित पति ने बताया कि 12 सितंबर को उसकी पत्नी 3 वर्ष के पुत्र के साथ घर से कहीं चली गई है। पीड़ित पति ने सभी जगह काफी तलाश किया, लेकिन उसकी पत्नी का कहीं कुछ पता नहीं चल सका है।

### शॉर्ट सर्किट से जूता-चप्पल की दुकान में लगी आग

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर एक हारून शू सेंटर के नाम से चप्पल जूते की दुकान पर अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं उठता देख पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाया। शुक्रवार की देर रात हारून शू सेंटर की दुकान में लगी एलसीडी से अचानक शार्ट सर्किट हो गया जिससे दुकान में आग लग गई वहीं देर रात मुख्य चौराहे पर पेट्रोलिंग कर रहे प्रभारी निरीक्षक अनिल यादव ने आग की लपटों को उठता देख फौरन ही फायर ब्रिगेड की सूचना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड पहुंच गई। दुकानदार ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# हिंदी दिवस पर हुईं विविध प्रतियोगिताएं

## श्री सरस्वती सदन की ओर से त्रिदिवसीय हिंदी महोत्सव का आयोजन

संवाददाता, हरदोई



श्री सरस्वती सदन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वाक् प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र। अमृत विचार



जीडीसी टोडरपुर में हिंदी के महत्व पर चर्चा करते शिक्षक व छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिन्दी दिवस के मौके पर जनपद की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन द्वारा त्रिदिवसीय हिंदी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गों में हिंदी सुलेख और हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दो दिनों में सम्पन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 380 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शनिवार को दो वर्गों में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन सरिता अग्रवाल और अभिषेक अग्निहोत्री के संयोजन में हुआ। निर्णायक देवेश चंद्र पाडेय व नीलम अग्रवाल ने कनिष्ठ वर्ग में अनन्या वर्मा प्रथम, साक्षी पाल द्वितीय व आराध्या को तृतीय स्थान दिया। यह तीनों विजेता प्रतिभागी जय विद्या विद्यालय की छात्राएं हैं। इसके अलावा क्रीसेंट एकेडमी के प्रत्यूष और सरस्वती शिशु मंदिर के वरदान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथेय को प्रथम, सेंट जेम्स की करीमा नूर को द्वितीय तथा वेणी माधव की हिमांशी को तृतीय स्थान मिला। रणवीर और कृतिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

हिंदी वाक् प्रतियोगिता डॉ. बीएस पांडेय के संयोजन में दो वर्गों में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हिन्दी मीडियम के तुलना में अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के बच्चों की संख्या ज्यादा रही। वाक् प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में आद्या प्रथम, अर्पित द्वितीय तथा वेदांत तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में निशा प्रथम, तृषा द्वितीय व वर्षा तृतीय स्थान पर रहीं। यह तीनों प्रतिभागी छात्राएं सीएसएन महाविद्यालय, हरदोई की हैं। वर्षिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

हिन्दी समारोह में दूसरे दिन की शुरुआत नई परम्परा स्थापित कर तीन छोटी बालिकाओं साक्षी, कृष्णा और दीपिका द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने सदन पदाधिकारियों के संरक्षण में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वाणी वंदना सदन उपाध्यक्ष श्रवण राही ने की और अतिथियों का स्वागत सदन अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी ने किया। कार्यक्रम का संचालन संदन मंत्री मनीष मिश्र ने किया। इस अवसर पर इंद्रेश्वर नाथ गुप्ता, प्रो. अखिलेश वाजपेयी, सुशील कुमार वर्मा व रामबाबू शर्मा उपस्थित रहे। सीएसएनपीजी कालेज में आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने हिन्दी भाषा के महत्व एवं गरिमा पर प्रकाश डाला। मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़कर का प्रतिभाग किया। व्यवस्थापक अखिलेश सिंह ने कहा है कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि एक भाव है, जिसके जरिए पूरा देश एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है।

श्री बाबूलाल गुप्ता मोंटेसरी स्कूल में दो दिवसीय सुसंगत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने हिंदी भाषा के उत्थान पर परिचर्चा की तथा जिसमें हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा के पद पर सुशोभित करने की आधिकारिक घोषणा तत्काल करने की आशा व्यक्त की। हिंदी शिक्षिका इला गुप्ता तथा ज्योति शुक्ला ने बच्चों को हिंदी दिवस की शुरुआत तथा कुछ नए हिंदी शब्द बताएं। कार्यक्रम का संचालन वर्षा शर्मा ने किया।

### हिंदी की बताई उपयोगिता और विशेषता

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** टोंडरपुर के राजकीय महाविद्यालय टोंडरपुर में हिंदी दिवस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय महाविद्यालय टोंडरपुर में सरोजिनी कल्चर क्लब के तत्वाधान में हिंदी दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता महाविद्यालय के संरक्षक और प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार( हिंदी) थे, जिन्होंने हिंदी के महत्व उपयोगिता एवं उसकी विशेषताओं पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक इंदू भारती, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ पूनम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# साहित्यकारों को किया गया सम्मानित



निरीक्षण भवन, सिंचाई विभाग में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित साहित्यकार। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** निरीक्षण भवन, सिंचाई विभाग में सहित्यलोक के तत्वावधान में और सुनील त्रिपाठी, अवनीश त्रिपाठी, बृजेश सिंह के संयोजन में पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज मानव के बालगीत संग्रह 'पिता की सीख' का लोकार्पण किया गया एवं उन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन लखनऊ के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार एवं आकाशवाणी लखनऊ के उद्घोषक राहुल द्विवेदी 'स्मित' ने किया। इसके साथ ही साहित्य के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले देश के तीन साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ अध्यक्ष अनमोल शुक्ल 'अनमोल', मुख्य अतिथि डॉ अनिल मिश्र, अति विशिष्ट अतिथि इंजीनियर अखिलेश गौतम, विशिष्ट अतिथि महावीर सिंह 'वीर', मुख्य वक्ता डॉ. आरपी सारस्वत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीपक प्रज्ज्वलन और डॉ शोभा दीक्षित भावना की वाणी वंदना से हुआ। इसी क्रम में सुकवि, छंदकार मनोज मानव जी के बालगीत संग्रह 'पिता की सीख' का लोकार्पण हुआ। काव्यपाठ करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों, संयोजकों एवं संचालकों के साथ-साथ काव्यपाठ करने वाले अन्य साहित्यकारों में निर्भय नारायण गुप्त, राजीव वर्मा 'वत्सल', नरेंद्र जीत सिंह सतीश शुक्ल, श्रवण मिश्र 'राही', विमल शुक्ल, धीरज श्रीवास्तव 'चित्रांश' आदि लगभग 60 कवियों ने अपना काव्यपाठ किया।

▸▸ कार्यक्रम में मनोज मानव के बालगीत संग्रह 'पिता की सीख' का किया गया लोकार्पण

### हिंदी लिखने-पढ़ने और बोलने का लें संकल्प : डॉ. राजेश मिश्र

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन हो या समाज, हिन्दी की स्थिति सन्तोषप्रद नहीं है। हमारे यहां अधिकांश कार्य अंग्रेजी में होता है। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में 'हिन्दी दिवस' पर वरिष्ठ नेचरोपैथ डॉ. राजेश मिश्र ने कहा कि 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी परन्तु सरकार का दृष्टिकोण यह है कि जब तक कोई भी राज्य हिन्दी का विरोध करता रहेगा तब तक हिन्दी में राजकाज नहीं चलेगा। डॉ मिश्र ने कहा कि रिक्शा चालक यूनिवर्सिटी जानता है, विश्वविद्यालय नहीं। डीएम ऑफिस जानता है, जिलाधिकारी कार्यालय नहीं। शहर से लेकर गांवों तक रसोई, चौका की जगह किचन शब्द खूब बोला जाता है। उन्होंने कहा कि मामा-मामी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मौसा-मौसी, फूफा-बुआ कहने से सम्बन्ध का पता चल जाता है, जबकि अंकल-आंटी कहने से नहीं। कहा आश्चर्य तो उन्हें तब हुआ जब एक उधारू-मानसिकता के महाशय अपने बच्चे से ताऊ को बड़े पापा और चाचा को छोटे पापा कहलवा रहे थे। कहा कि यह एक ऐसी मानसिक बीमारी पनप रही है, जो जल्दी खत्म नहीं होगी। श्री मिश्र ने कहा कि हिन्दी की गिनती बोल तो रहे हैं परन्तु न लिखना जानते हैं, न पढ़ना। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस पर हिन्दी लिखने-पढ़ने और बोलने का संकल्प लें। इस अवसर पर कायाकल्पकेन्द्रम् के सदस्य व डाक्टर मौजूद रहे।




### हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में ध्रुवराज अव्वल

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के सीतापुर रोड स्थित जीडीसी में शनिवार को हिन्दी दिवस एवं "नीले आकाश हेतु स्वच्छ वायु के लिये अन्तर्राष्ट्रीय दिवस" के उपलक्ष्य में बीएड विभाग तथा वाणिज्य विभाग में भाषण, निबन्ध एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 नेत्रपाल सिंह ने की। बीएड विभाग के प्रभारी डॉ. प्रवेश कुमार ने हिन्दी के महत्व की चर्चा की। वाणिज्य विभाग में कार्यक्रम का संचालन डॉ कृष्ण कुमार कनौजिया एवं बीएड विभाग में डॉ अभिषेक सेंगर ने किया। निर्णायक मण्डल में वाणिज्य विभाग में डॉ अर्पिता मौर्या, डॉ रवि अग्रवाल तथा बीएड विभाग में डॉ नितिन बाजपेयी, डॉ प्रवीन कुमार वर्मा, डॉ सुधीर कुमार, डॉ बलराम सिंह, डॉ सुधीर कुमार सिंह रहे। वाणिज्य विभाग में ध्रुवराज सिंह प्रथम, सूरज मिश्रा द्वितीय, तबस्सुम तृतीय स्थान एवं आस्था को सांत्वना स्थान के लिये विज यी घोषित किया गया। कार्यक्रम में बीएड विभाग एवं वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच कर दी दवा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के कम्युनिटी मेडिसिन की तरफ से शनिवार को टड़ियावां ब्लाक के भड़ायल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विधायक श्याम प्रकाश, मेडिकल कालेज के प्रिंसीपल डा.आर्य देशदीपक तिवारी और कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा.दीपक चोपड़ा ने शिविर का उद्घाटन किया।

स्वास्थ्य शिविर में 245 मरीज़ों की जांच की गई और उन्हे दवाई दी गई। विधायक ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का काम कर रही है। लोगों का सुरक्षित इलाज हो और उन्हे सारी सुविधाएं दी जाए,इसका भरपूर ध्यान रखा जा रहा है। शिविर में स्त्री, बाल रोग और नेत्र विशेषज्ञों के अलावा जनरल मरीज़ देखे गए। इस बीच डा. आयुष ओमर,डा.दिलीप गौतम, सुमित कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार भारद्वाज, संजीव कुमार व महेंद्र प्रताप मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 2,77,187 मामले निपटे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शमशुल हक, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा, अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह, समस्त न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओ, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं वादों का निस्तारण कराया। नोडल अधिकारी/अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों द्वारा 14253 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार प्रकृति के 05 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 124 वाद, पारिवारिक मामलों के 35 वाद, फौजदारी के 13969 वाद, विभिन्न प्रकृति के 154 एवं जिला प्रशासन द्वारा 5819 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते व अभिस्वीकृति के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना वादों में 20,52,7,000 रुपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित पक्षकारों को दिलवाई गई। ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से जिला प्रशासन के विभागों द्वारा 2,54,353 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों ने बैंक ऋण से संबंधित 1267 वादों का निस्तारण किया एवं कुल ऋण धनराशि 12,90,37,000 रुपये का समझौता किया गया व भारत संचार निगम द्वारा 598 वादों का तथा यातायात निरीक्षक द्वारा 897 ई-चालान का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,77,187 वादों का निस्तारण किया गया तथा समझौता धनराशि 15,45,92,975 रुपये रही। लोक अदालत को सफल बनाने में समस्त न्यायिक अधिकारियों, बैंक-बीमा कंपनी तथा जिला प्रशासन व अधिवक्ताओं का योगदान रहा।

# फ्रैक्चर रेलवे ट्रैक से गुजार दी दो यात्री ट्रेनें

संवाददाता, हरदोई,



हरदोई स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरदोई में रेलवे ट्रैक पर फ्रैक्चर होने के बाद भी अधिकारियों ने दो ट्रेनों को लखनऊ की ओर रवाना कर दिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रेल यात्रियों के हंगामे के बाद रेल अधिकारियों ने फ्रैक्चर दुरुस्त कराया।

स्टेशन पर तैनात एडीईएन फर्स्ट पंकज मिश्रा द्वारा प्लेटफार्म पांच व तीन के खाली होने के बाद भी फ्रैक्चर पटरी से ही गरीब रथ और बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस को लखनऊ की और रवाना कर दिया गया। ऐसे में यदि कोई कोच डिरेल हो जाता तो ट्रेन में सवार हजारों रेल यात्रियों की जान पर बन आती। हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर शाम 7:15 पर यात्रियों ने ट्रैक पर फ्रैक्चर होने की जानकारी अधिकारियों को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे एडीईएन फर्स्ट ने पीछे से आ रही दो ट्रेनों को फ्रैक्चर पटरी से ही गुजार दिया जबकि दो डाउन ट्रैक खाली थे।

ट्रेनों के गुजरने के बाद एडीईएन फर्स्ट द्वारा ट्रैक की मरम्मत के समय भी मानकों का उल्लंघन किया गया। एडीईएन फर्स्ट पंकज मिश्रा ने न ही स्वयं कोई भी सुरक्षा के मानक को पहने थे और न ही ट्रैक पर काम कर रहे कर्मचारी सुरक्षा मानक पहने थे। बिना सेफ्टी शू, हेलमेट, जैकेट के स्वयं एडीईएन फर्स्ट और कर्मचारी रेल ट्रैक पर फ्रैक्चर को जोड़ते हुए नजर आए। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर तीन से कई रन थ्रू ट्रेनों को भी गुजारा गया। मण्डल रेल प्रबंधक मुरादाबाद राजकुमार सिंह के निर्देश के बाद भी एडीईएन पंकज मिश्रा की कार्यशैली में सुधार नहीं दिखा। जागरूक यात्रियों का कहना था कि फ्रैक्चर ट्रैक से एडीईएन फर्स्ट ने दो यात्री ट्रेनों को क्यों गुजार दिया, जबकि दो ट्रैक खाली थे। यदि इस दौरान कोई हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता।

# मदरसा गुलशने वारसिया में मनाया ईद मिलादुन्नबी

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी 16 सितम्बर को निकलने वाले जुलूसे मोहम्मदी को मदरसा गुलशने वारसिया में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा.मोहम्मद नसीम वारसी ने कहा कि जुलूस मोहम्मदी शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाएगा, क्योंकि जुलूस पैग़म्बर साहब के शान्ति अमन का प्रतीक है और पैगम्बर साहब ने ये संदेश दिया था कि जिसमें रहो उस देश से प्रेम करो और वहां शांति बनाए रखो।

मदरसा गुलशने वारसिया के प्रबंधक मो. सलीम वारसी ने यह कहा कि हम मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार ईद मिलादुन्नबी है, इसलिए हमें खुशी-खुशी इस मीलादुन्नबी की बधाई देनी चाहिए और पवित्र संदेश को फैलाना चाहिए। मदरसा के प्रिंसिपल क़ारी मुहम्मद शकील वारसी ने पैगम्बर साहब की हदीस बयान करते हुए कहा कि पैगम्बर साहब ने कहा कि शिक्षा एक रोशनी है, शिक्षा के बिना इंसान अंधेरे में रहता है यदि आप अंधकार से बाहर आना चाहते हैं तो ज्ञान का धन अर्जित करना होगा।

## सार-संक्षेप

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**हरदोई, अमृत विचार।** ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट) में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। इस बीच परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ,सुंदर और उन्हे आकर्षक बनाने के लिए ज़ो दिया गया। प्रशिक्षक उज़्मा ज़बी ने कहा कि ऐसा कर के विद्यालयों की ड्राप आउट की समस्या को बड़ी आसानी से दूर किया जा सकता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती ज़बी ने कहा कि अपने विद्यालय को ऐसा आकर्षक बनाए कि वह लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करे, अगर ऐसा होगा तो ड्राप आउट की समस्या खत्म हो जाएगी और नामांकन में तेज़ी से बढ़ोत्तरी होगी। इस बीच डायट के प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने बहुत से ऐसे सुझाव दिए जो परिषदीय विद्यालयों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। प्राचार्य श्री सिंह ने प्रशिक्षण पाने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रवक्ता सौरभ मौर्य ने व्यवसायिक शिक्षा के बारें में तमाम जानकारी दीं। प्रशिक्षण के समापन के दौरान दिवाकर यादव, मुनीश मोहम्मद , शिखा चौहान, अनिता कुमारी और आशा यादव मौजूद रहीं।



अजगर को पकड़ कर ले जाती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

### सत्य साईं दाता आश्रम में निकला 15 फिट का अजगर

**कछौना, संवाददाता, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लोन्हरा गांव स्थित सत्य साईं दाता आश्रम में शनिवार को विशालकाय अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर लगभग 15 फिट लंबा बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया है ताकि अजगर को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा सके। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अजगर को पकड़कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के अजगर आमतौर पर इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होते, लेकिन इन्हें छेड़ने पर ये अपनी सुरक्षा के लिए आक्रामक हो सकते हैं। ऐसे मामलों में सावधानी बरतनी और वन विभाग की मदद महत्वपूर्ण है, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। वन विभाग की टीम ने लोगों से अपील की है कि जंगली जीव जन्तु दिखने पर उसे छेड़ें नहीं और धैर्य बनाए रखें। तत्काल पुलिस या वन विभाग को सूचित करें।

### मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर खाने के बाद वृद्ध की मौत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मेडिकल स्टोर से वृद्ध की दवा लेकर खाने से मौत होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पुत्र के द्वारा शंका जाताए जाने पर शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार अनिल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता पप्पू 63 वर्ष पुत्र शिवचरन निवासी छिबरामऊ के पैरों में दर्द हो रहा था जिसकी दवाई लेने के लिए वह एक गांव स्थित मेडिकल स्टोर चले गए वहां से दवाई ली और खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उन्हें आनन फानन में बिलग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले ले गए जहां उन्हें मृत घोषित किया गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरिक्षक अनिल यादव ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाई की जायेगी।

### गरीबी से लड़ते हुए भी सुदामा ने नहीं छोड़ी श्रीकृष्ण की भक्ति



भागवत कथा सुनाते कथा व्यास अनुज।

**हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर के नुमाइश मैदान में श्री गणेश चतुर्थी उत्सव के तहत चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को सुदामा चरित्र सुनते हुए व्यास अनुज भाई जी महराज ने कहा कि सुदामा श्री कृष्ण के परम भक्त थे। जीवन में बहुत से संघर्षों से गरीबी से लड़ते हुए भी श्री कृष्ण के प्रति अनुराग, भक्ति को नहीं छोड़ा। सुदामा जी का पावन चरित्र सुनाते हुए समस्त भक्तों से निवेदन किया जीवन में कितना भी संघर्ष हो परन्तु भगवान से जीव को दूर नहीं होना चाहिए। पूज्य व्यास जी ने परक्षित मोक्ष के साथ साथ भगवान की अनन्य कथाओं की अमृत वर्षा की। पूज्य व्यास जी ने बताया कि हम सब को प्रभु पद की सेवा करने वाले हनुमान जी की आराधना करें। पूज्य व्यास जी ने समस्त भक्तों को नाम जप की तरफ प्रेरित किया। इसके बाद कलाकारों द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, युवा कमेटी अध्यक्ष सलिल अवस्थी, आशीष मिश्रा, रामजी दुबे, प्रिंस अग्निहोत्री, दीपांशु सिंह सहित अन्य बहुत से भक्त मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा की निकाली विसर्जन यात्रा

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



गणपति प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा में रंग-गुलाल उड़ाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री गजानन सेवा समिति बटेश्वर धाम निम्बी तालाब द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव के समापन पर नगर से शोभायात्रा निकालकर मेहंदीघाट पर गंगा मे मूर्ति भू विसर्जित की गई ।

कस्बे के मोहल्ला निम्बी तालाब में चल रहे गणेश महोत्सव के समापन पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाल कर गणेश मूर्ति का गंगा में भू विसर्जन किया गया। शनिवार को सुबह से ही श्री गजानन सेवा समिति द्वारा विसर्जन की तैयारी की गई। इसके बाद शोभायात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते हुए गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा मोरिया अबके बरस जल्दी आना के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा निकाली। निम्बी तालाब मोहल्ले से शुरू हुई यात्रा श्यामपुर, सुभाष पार्क, बड़ा चौराहा, कटरा होते हुए कल्याणपुर, शुक्लापुर, ठठिया, राघौपुर से मेहदीघाट पर गंगा नदी पर ले जाकर भगवान की मूर्ति का भू विसर्जन कर दिया गया। यात्रा का स्वागत समाजसेवी विशाल जायसवाल, व्यापारी नेता नीलेश गुप्ता, अभिजीत मिश्रा ने किया। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि आत्माराम यादव,अजय यादव, ओमी कुशवाहा, अभिषेक सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### भव्य शोभा यात्रा निकाल गणपति बप्पा को दी विदाई

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री विनायक समिति ने श्री गणेश उत्सव के 25 वर्ष पूर्ण हो जाने पर संस्थापक सोमेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल धर्मशाला में अपने रजत जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए स्थापित गणेश महोत्सव का समापन बप्पा के विसर्जन के साथ हुआ। नैमिषारण्य के आचार्य राजेश शास्त्री जी द्वारा वैदिक रीति से गणपति की पारंपरिक आरती पूजन के बाद ढोल नगाड़ों की धूम और गणपति के जयकारों के बीच शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ हुई। उत्साह आस्था और भक्ति से डूबे हुए भक्त शोभायात्रा के आगे अबीर गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते आगे आगे चल रहे थे। पूरे शहर का भ्रमण किया। । विदाई की इस बेला में मानो प्रकृति भी सजल हो उठी थी। गणपति के अगले वर्ष पुन: आकर अपनी कृपा बरसाने की संतोष सभी भक्तों के चेहरे पर छलक रहा था।



## एक नजर

### कच्ची दीवारी गिरी, मलबे में दबने से तीन घायल

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** नैमिषारण्य इलाके के बड़ेरा गांव में शनिवार सुबह एक कच्ची दीवार गिर गयी। मलबे में दबने से तीन लोग घायल हो गए। इसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि निरंजन (55), मिश्रीलाल (50) और उसकी पत्नी सुलोचना (48) अपने घर में थे। इसी दौरान बारिश के कारण कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य ले जाया गया। जहां मिश्रीलाल और निरंजन की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### हमले में पत्नी घायल पुलिस से की शिकायत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** टांडा सालार निवासिनी एक महिला ने पति पर दांतों से नाक काटने के प्रयास का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। मन्नी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसका पति इश्तियाक उसे छोड़ चुका है। इश्तियाक उसके घर पर आकर गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी दी। दांत से नाक काटने का प्रयास किया, जिससे उसकी नाक में काफी चोट आई है।

# ऑयल मिल में आग से लाखों की क्षति

## उपकरण की मरम्मत करने के लिए वॉल्व खोलते ही तेल पर गिरी चिंगारी से भड़क उठीं लपटें

**हादसा**

- हेमपुरवा में हुई घटना से लोगों में मच गया हड़कंप
- आग की भयावहता देख सभी तहसीलों की बुलायी गयी दमकल

**11** बजे दिन में अचानक भड़क उठीं आग की लपटें
**14** दमकल वाहनों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया
**03** घंटे की मशक्कत के बाद पाया जा सका आग पर काबू
**09** श्रमिकों ने भागकर किसी तरह बचायी अपनी जान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** शहर स्थित हेमपुरवा में शनिवार को ऑयल मिल व नमकीन फैक्ट्री में वाल्ब खोलकर उपकरण की मरम्मत की जा रही थी। चौथा वाल्ब खोलते ही उससे गिरी चिंगारी पास ही रखे तेल के ड्रम में गिरी इससे आग तेजी से भड़क उठी। वहां मौजूद 9 श्रमिक जान बचाकर भाग निकले। गनीमत रही कि कोई झुलसा नहीं। आग की विकराल लपटों को बुझाने के लिए सभी तहसीलों से दमकल वाहन भी बुला लिए गए। तीन घंटे तक चली मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में लाखों का माल खाक हो गया।

कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित हेमपुरवा में अरविंद अग्रवाल की एसआर इंटरप्राइजेज ऑयल मिल व नमकीन फैक्ट्री है। यहां रोज की तरह श्रमिक अपना कार्य कर रहे थे। डीएम के आदेश पर शुरू हुई जांच देर तक चली। इसमें निष्कर्ष निकला कि हादसे का कारण ब्वॉयलर का फटना नहीं था। बल्कि फैक्ट्री के भीतर वॉल्ब को खोलकर उपकरण की मरम्मत की जानी थी। इसी लिए 4 वाल्ब खोले गए। बताते हैं कि अंतिम वाल्ब खुलते ही चिंगारी गिरकर तेल की चपेट में आ गई। इसी के पास झिल्लियों का बड़ा गत्ता भी थी। इसके चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। फिलहाल फैक्ट्री मालिक अरविंद अग्रवाल से भी जानकारी ली गई है।

एएसपी प्रकाश कुमार के मुताबिक, आग बढ़ती देख श्रमिकों में अफरातफरी मच गई। पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। खबर मिलते ही सीओ सिटी अमन कुमार, कोतवाली प्रभारी सहित चीफ फायर आफीसर सुभाष सिंह मौके पर पहुंच गए। पहले स्थानीय दमकल वाहन की मदद ली गई। नतीजा न निकलता देख आसपास तहसील क्षेत्रों में मौजूद दमकल वाहन बुला लिए गए। तीन घंटे तक चली मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में लाखों का सामान नुकसान होने की बात बताई जा रही है।


ऑयल मिल के अंदर धू-धूकर जलती आग। अमृत विचार


आग बुझाते अग्निशमन कर्मचारी। अमृत विचार

### फैक्ट्री में मानकों के विपरीत थी व्यवस्था

चीफ फायर ऑफीसर ने बताया कि फैक्ट्री के भीतर पानी की तो व्यवस्था थी, लेकिन मानक पूरे नहीं हो सके। इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। अन्य मामलों में भी जानकारी ली जाएगी।

### लपटों को देख घबरा गए मोहल्लावासी

हेमपुरवा स्थित आश्रम में रहने शेर सिंह बताते हैं कि लपटें देख लोग घबरा उठे। तो संकरी गलियों की वजह से वाहन नहीं जा पा रहे थे। ऐसे में बाल्टियों की मदद से नलों के सहारे आग बुझाने में लोगों ने मदद की।

### तहसील की टीम ने शुरू की जांच

शहर के भीतर बड़ा हादसा टल गया। लेकिन डीएम अभिषेक आनंद इस मामले में गंभीर है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि मामले में जांच कराई जाए। ये भी देखा कि नियमों के मापदंड में फैक्ट्री खरी उतर रही है अथवा नहीं।

# चोर के शक में युवक को पीटा, मिली पुलिस की वर्दी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**उअमृत विचार:** महमूदाबाद इलाके के एक मोहल्ले में लोगों ने चोर समझकर एक संदिग्ध की पिटाई कर दी। खबर मिलने पर पुलिस पहुंची तो युवक के कब्जे से पुलिस की वर्दी, टोपी सहित कई दस्तावेज मिले हैं। फिलहाल संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला नई बाजार उत्तरी में महर्षि वाल्मीकि मंदिर के निकट मोहल्लावासियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इलाके में देखा। कुछ ही देर में यह खबर फैल गई। भीड़ जमा हो गई और युवक को पकड़कर खम्भे में बांध दिया, फिर पिटाई की गई। बढ़ते बवाल की खबर मिलने पर इंस्पेक्टर महमूदाबाद अनिल सिंह फोर्स सहित मौके पर पहुंचे और युवक को बंधन मुक्त कराया।

इंस्पेक्टर महमूदाबाद के मुताबिक, तलाशी ली गई तो युवक के पास से आधार कार्ड, पुलिस की वर्दी, हथौड़ी, छेनी व कई कागजात मिले। फटे-पुराने कागज में बैंक लूटने की बात लिखी मिली। फिलहाल युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि संदिग्ध युवक से पूछताछ की जा रही है, जल्द ही स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी।

### पुलिस देख कार छोड़कर भागे संदिग्ध लोग


बरामद वैन

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे कार सवार बदमाश गश्त कर रही पुलिस को देख वाहन छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की है। सदरपुर थाना इलाके के पोखरा कला गांव के पास देर रात कार सवार घूमते दिखे। संदिग्ध हालत में वाहन गुजरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसी के बाद घेराबंदी होती देख कार सवार कार छोड़कर फरार हो गए। सदरपुर पुलिस ने कार को कब्जे में लिया। ग्रामीण कार में बदमाश होने की आशंका जता रहे हैं। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि कार के नंबरों के आधार पर डिटेल खंगाली जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एक बेड पर भर्ती किये जा रहे दो रोगी

**बुखार का प्रकोप**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिले में बुखार का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। हाल यह है कि जिला अस्पताल में एक बेड पर कहीं तीन तो कहीं दो मरीज भर्ती किये जा हैं। कुछ मरीज तो ऐसे भी है,जो जमीन पर चटाई लेटकर उपचार करा रहे हैं। शनिवार को कुल 718 मरीजों की खून की जांच की गयी। पैथॉलोजी से रिपोर्ट आनी बाकी है। अस्पताल के भीतर पुलिस चौकी तो है, लेकिन मरीज और तीमारदारों की सुरक्षा कागजों तक ही सीमित रह गई है।

शनिवार सुबह 10 बजे, स्थान जिला अस्पताल परिसर। मेडिकल ए और बी वार्ड में एक बेड पर तीन तीन मरीज लेटे थे। कुछ बेड पर दो रोगी भी थे। पूछने पर पता चला कि तेज बुखार के बढ़ते मरीजों के कारण भर्ती करना मजबूरी हैं। तंबौर इलाके से आई बिटाना जमीन पर दरी बिछाए बैठी थीं, उन्होंने बताया कि इलाके में उनके अलावा कई परिवार तेज बुखार से पीड़ित है। यहां पहुंचे तो बेड नहीं मिला। मजबूरी में दरी बिछाकर इलाज करवा रहे हैं। हरगांव से दवा लेने एक बुजुर्ग श्रीराम को व्हील चेयर नहीं मिली तो परिवार के लोगों के कंधो का सहारा लेकर ओपीडी पहुंच गए। वृद्ध ने बताया कि एक घंटे तक लाइन लगाने के बाद भी डॉक्टर तक नहीं पहुंच सके। अधिक भीड़ में दिक्कत थी, पुलिस भी नहीं दिखी।

करीब 11:00 बजे ककराही से आए दिव्यांग धर्मेन्द्र ने बताया कि पर्चा काउंटर पर गए तो दो पुलिस वालों ने बेतुका जवाब दिया। ऐसे में वहां से निकलना बेहतर समझा। उधर, दवाओं के काउंटर में महिलाओं की भीड़ अपेक्षाकृत अधिक मिली।


जिला अस्पताल में एक बेड पर भर्ती बुखार के दो मरीज।

### स्टाफ की सुरक्षा का रखा जाए अधिक ध्यान

एक स्टाफ नर्स ने नाम न छापने शर्त पर बताया कि अक्सर मरीजों के साथ तीमारदार आकर अभद्र व्यवहार शुरू कर देते हैं। कहने को तो परिसर के भीतर चौकी है, लेकिन पुलिस की सक्रियता कम दिखती है। जिसके कारण कई बार परेशानियां उठानी पड़ती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक आ रहे हैं मरीज

शहर से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज आ रहे हैं। इनमें अधिकतर बुखार के मरीज हैं। यदि स्थानीय स्तर पर इन्हें राहत मिल जाएं, तो मरीज और तीमारदार दोनों को मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। दूर से आने के कारण इनको भर्ती किया जा रहा है। बेडों की संख्या कम होने के बावजूद सभी का उपचार कराया जा रहा है।

-डॉ. इंद्र सिंह, सीएमएस

# गिरे पेड़ से टकरायी बाइक, महिला की मौत

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार:** नैमिषारण्य इलाके में शनिवार को गिरे पेड़ से एक बाइक टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी जबकि युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हादसा करखिला गैस एजेंसी के पास हुआ। खैराबाद थाना क्षेत्र के लड्डूपुर गांव की 60 वर्षीया सुनीता नैमिषारण्य के रहीमाबाद निवासी प्रवीण रहीमाबाद के साथ जा रही थी। इसी दौरान बाइक गिरे पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में महिला की मौत हो गई। प्रवीण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# युवती ने नहर में लगायी छलांग

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** शारदा सहायक पुल मुबारकपुर के पास 20 वर्षीया युवती नहर में कूद गयी। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। कोतवाली क्षेत्र महमूदाबाद की पुलिस चौकी पैंतेपुर के अंतर्गत अंजुम पुत्री अयूब निवासी मुबारकपुर शनिवार को शारदा सहायक नहर में कूद गयी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### सूचना

प्रस्तावित मत्स्यजीवी सहकारी समिति लि0 गर्रानदी रामपुर मंझियारा की द्वितीय बैठक कल दिनांक–15.09.2024 दिन रविवार को ग्राम जरौली नेवादा ब्लाक बिलग्राम तहसील बिलग्राम जिला हरदोई के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आहुत की गई है जिसमे समस्त क्षेत्र वासी व ग्राम वासी उपस्थित हो।

### कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड – शुकुल बाजार, जनपद – अमेठी

पत्रांक: विज्ञप्ति / 193–201 / 2024–2025 दिनांक –13–09–2024

**विज्ञप्ति / निविदा सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक : एसएसए / निर्माण / 925 / 2024–25 दिनाँक 16.08.2024 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड शुकुल बाजार के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित निम्नलिखित जर्जर भवनों की नीलामी / ध्वस्तीकरण हेतु मूल्याकंन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य / सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है। जिनकी विद्यालयवार न्यूनतम धनराशि निम्नवत है :–

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्याकंन धनराशि (रू.) |
|---|---|---|
| 01 | स्वयंबर शुक्ल | 31436.00 |
| 02 | दक्खिनगांव क्यार– I | 31692.00 |
| 03 | दक्खिनगांव क्यार – II | 32999.00 |
| 04 | पूरे शुक्लन | 56102.00 |
| 05 | रसूलपुर | 56169.00 |

नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति विद्यालयों को नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर ले तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्याकिंत धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि डी.डी. प्रतिभूत के रूप में सम्बन्धित विद्यालय की विद्यालय प्रबन्ध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तो सहित प्राप्त कर सकते है। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 25.09.2024 को सांय 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। नीलामी हेतु न्यूनतम 03 आवेदनकर्ता प्रति विद्यालय अनिवार्य है। नीलामी दिनांक 26.09.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पादित की जायेगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
वि0क्षे0 – शुकुल बाजार, अमेठी।

# लापरवाही में एसओ रेउसा लाइन हाजिर

**सीतापुर, अमृत विचार:** रेउसा में सुरक्षा-व्यवस्था में हुई लापरवाही एसओ घनश्याम राम को भारी पड़ी। सेउता विधायक की खरी-खरी के बाद इन्हें लाइन हाजिर होना ही पड़ा। एसपी ने थानाध्यक्ष रेउसा घनश्याम राम को लाइन हाजिर करते कमान थानाध्यक्ष थानगांव हनुमंत लाल तिवारी को सौंपी है। इनके स्थान पर पुलिस अधीक्षक के पीआरओ उमेश चन्द्र चौरसिया थानगांव थाना प्रभारी बनाए गए हैं। संदना थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल को हटाकर अपराध शाखा भेजा गया है। यहां मॉनीटरिंग-सम्मन सेल प्रभारी चंद्रभान यादव को भेजा है। सदरपुर के निरीक्षक अपराध शाखा धीरज कुमार शुक्ला प्रभारी मॉनीटरिंग-सम्मन-वीसी सेल भेजे गए हैं। खैराबाद के अतिरिक्त निरीक्षक राजेश कुमार को हटाकर अतिरिक्त निरीक्षक साइब्रर क्राइम पुलिस थाना बनाया गया है। उमाकांत शुक्ला निरीक्षक अपराध शाखा से अतिरिक्त निरीक्षक साइब्रर क्राइम पुलिस थाना बनाए गए हैं। उप निरीक्षक यज्ञपाल वर्मा की पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के रूप में तैनाती की गई है।

# घर से नकदी समेत लाखों के जेवर उठा ले गए चोर

**सीतापुर, अमृत विचार:** सकरन इलाके के ऊंचगांव करेहका में चोर एक घर से नकदी और गहने समेट ले गए। गृहस्वामी ने करीब सात लाख के गहने और नकदी चोरी हो जाने का दावा किया है। सकरन थाना क्षेत्र के ऊंचगांव करेहका वासी गृहस्वामी हरिनाम शुक्ला के मुताबिक, उनकी पत्नी पिछले कुछ समय से बीमार चली आ रही थीं। इसीलिए उनका पुत्र संजय अपने साथ लेकर महमूदाबाद चला गया। ऐसे में वे पिछले कुछ दिन से घर पर अकेले थे। रात के किसी पहर चोर पीछे से घर में दाखिल हुए और दो अलमारियों का ताला तोड़ा, अलमारी में रखे नकदी और गहने समेट लिये, फिर दबे पांव माल लेकर फरार हो गए। हरिनाम ने बताया कि आंख खुली तो घर के भीतर अलमारी में रखा सामान बिखरा हुआ मिला। घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दे दी गई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**NOTICE**

Service no JC-345406 Y Nb sub Anil Kumar Maurya R/o vill & post Tandauli dist Ayodhya (Faizabad) pin 224161 in my army records my wife's name is wrongly recorded as Jyotasna but her correct name is Jyotsana Maurya an affidavit signed before the notary Ayodhya on 09-09-2024.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सेवा पुस्तिका में मेरे पता में जिले का नाम सुल्तानपुर अंकित है। जबकि वर्तमान समय में सुल्तानपुर से हटकर मेरा जनपद अमेठी हो गया है। सुल्तानपुर जनपद को अब अमेठी समझा जाय। **शपथी – राजेंद्र कुमार यादव पुत्र श्री राम चंद्र यादव, निवासी– ग्राम धनेशा पाठक, पोस्ट व थाना शुकुल बाजार जनपद अमेठी राज्य –उत्तर प्रदेश, पिन –227811**

**NOTICE**

Service no JC-345406Y Nb sub Anil Kumar Maurya R/o vill & post Tandauli distt. Ayodhya (Faizabad) pin 224161 in my army records my mother's name is wrongly recorded as Mangla Devi but her correct name is Mangala and also date of birth as 11-09 1959 but her correct date of birth is 01-01-1954 an affidavit signed before the notary ayodhya on 09-09-2024.

**सूचना**

मैं, **मोहम्मद अहमद पुत्र आफताब आलम निवासी–म0नं0 653, फेथफुलगंज रेलबाजार, थाना– रेलबाजार, कानपुर नगर** मैने अपनी पत्नी श्रीमती अरीबा शाहिद पुत्री शाहिद अख्तर, निवासिनी म0नं0– 81 फेथफुलगंज थाना रेलबाजार, कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में दिनांक 29–08–2024 को प्रथम तुहर में तलाक दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नहीं रह गय है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक नोटिस दि0 29–08–2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

**सूचना**

सूचित हो कि **बन्नू लाल तिवारी, वयस्क पुत्र गोपाल प्रसाद, निवासी– 311/12, शास्त्रीनगर, कानपुर नगर।** मैने अपने बड़े पुत्र अरविन्द कुमार तिवारी उम्र लगभग 57 वर्ष उनकी आदतों एवं बुरे लक्षणों के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णतया बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में हिमांशी चतुर्वेदी एवं जन्मतिथि–01.08.2008 अंकित है, जबकि मैने अपनी पुत्री का नाम अंशिका चतुर्वेदी रखा है एवं उसकी वास्तविक जन्मतिथि–12.05.2008 है तथा मेरी पुत्री अंशिका चतुर्वेदी के नाम से जानी व पहचानी जाती है। **अरूण प्रकाश चतुर्वेदी पुत्र स्व0 मुक्ति नाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम जलालपुर महाराजगंज, आजमगढ़– 276137, उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राम ज्यावन पुत्र राम सुमिरन, निवासी– ग्राम मटेरा, पोस्ट बहरौली, मजरा आदमपुर नौबस्ता, थाना गोसाईगंज, तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ मेरे तीन लड़के क्रमशः गोविन्द (बालिग), आकाश (बालिग), आयु (नाबालिग आयु लगभग 13 वर्ष) व 01 लड़की अनन्या (नाबालिग आयु लगभग 11 वर्ष) है। मेरा बड़ा पुत्र गोविन्द आवारा किस्म का लड़का है. जो मुझसे व मेरे परिवार के सदस्यों से आये दिन मार–पीट, गाली–गलौज करता है, तथा उसका चाल–चलन ठीक नहीं है, वह मेरी कोई भी बात नहीं मानता है इसलिए अपने बिगड़ैल पुत्र गोविन्द को आज से अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। यदि उसके द्वारा कोई भी गैर कानूनी कार्य किया जाता है या किसी आपराधिक कृत्य में लिप्त पाया जाता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा, आज के बाद से अपने पुत्र गोविन्द से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुशील कुमार वर्मा, विकास नगर मटिहा रोड, निकट– पुलिस लाइन** का निवासी हूँ। मेरी पुत्री यशी वर्मा उर्फ रिया वर्मा की भा. जी. बी. निगम शाखा प्रथम रायबरेली में पालिसी संख्या– 214683601 है। जिसमें उसका नाम कु. रिया वर्मा पुत्री सुशील कुमार वर्मा अंकित है, जबकि बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम यशी वर्मा पुत्री सुशील कुमार वर्मा (YASHI VERMA D/O SUSHIL KUMAR VERMA) लिखा है। उक्त दोनों नाम (YASHI VERMA and RIYA VERMA) एक ही व्यक्ति के है। जो मेरी पुत्री के हैं।



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

### जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK
## वाचक आयुर्वेद®

### आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### तीन बदमाशों ने युवक से छीनी बाइक

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार : हरगांव थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने असलहा दिखाकर एक युवक से बाइक छीन ली और फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। हरगांव थाना क्षेत्र के उदनापुर कला निवासी श्यामू अपनी बाइक की सर्विस कराने मेवारामनगर जा रहा था। गांव से करीब डेढ़ किमी दूरी पर रास्ते में नहर की पटरी पर पहुंचा। इसी दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने असलहे के बल पर जबरन मोटर साइकिल छीन ली। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि लूट की सूचना नहीं है।

### फल विक्रेता से मारपीट करने वाले गिरफ्तार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : रेहड़ी पटरी, फल विक्रेताओं से मार पीट कर फल का ठेला पलटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को राम कुंड चौराहे पर एक फल विक्रेता से मारपीट और ठेला उलटने वाले आरोपी नरेंद्र निवासी ग्राम चंदौली थाना रेउसा, अरुण, सतीश, तिलकराम, अरुण, सुशील कुमार सभी निवासी ग्राम कलुवापुर कोतवाली महमूदाबाद को रामकुंड चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### हरगांव में हटाया गया अतिक्रमण

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार : हरगांव कस्बे में स्टेट बैंक के सामने अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान ईओ श्रीष मिश्रा, तहसीलदार सदर सत्य प्रकाश, हरगांव पुलिस बल के साथ पहुंच कर अवैध रूप से सड़क किनारे अतिक्रमण हटवाया। जेसीबी से खोखे ध्वस्त कर लोहे की बनी हुई दुकानों के मालिको को दो दिन का समय देकर हटाने का आदेश दिया।

# 100 गांवों में घुसा पानी, ग्रामीणों ने किया पलायन

## बैराजों द्वारा छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से चौका और घाघरा एक बार फिर उफना गयीं

**बाढ़ का कहर**

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचारः** बरसात के साथ ही बैराजों द्वारा छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से चौका और घाघरा एक बार फिर उफना गयी हैं। शुक्रवार की रात 100 गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। 7 से अधिक गांवों के लोग बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पलायन को मजबूर हुए।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में सबसे बिगड़ी स्थिति शुकुलपुरवा, बगस्ती, कनरखी, अटौरा, अंगरौरा, अखरी, कलुआपुर सहित कुछ अन्य ग्राम पंचायतों की है। यहां शनिवार सुबह से जलस्तर ने बढ़ना शुरू किया, जो देर शाम तक जारी रहा। नदी में बढ़ते जल स्तर से लोगों ने अपना सामान लेकर पलायन शुरू कर दिया। रामरूप पुरवा, भूषन पुरवा, कुन्ना पुरवा, सुंदर पुरवा, नागेश्वर पुरवा, लोधन पुरवा, छोटे पुरवा, नई बस्ती, कोठार, पीतांबर पुरवा, अर्जुन पुरवा, बंगाली पुरवा, निरंजन पुरवा, अंगरौरा, प्यारे पुरवा, बाबा कुटी, अखरी, परमगोंडा आदि गांव में तेजी से पानी बढ़ रहा है। गांव के लोगों ने नाव के सहारे सुरक्षित ठौर पर पहुंचे।

**रात में सबकुछ ठीक-ठाक, सुबह हर तरफ पानी-पानी :** अंगरौरा निवासी मुंशी ने बताया कि शाम को सबकुछ ठीक-ठाक था। सुबह होते देखा तो दरवाजे पर पानी था। बुजुर्ग मनोहर ने बताया कि सुबह शौच के लिए तो देखा गांव पानी से घिरा है, लौटकर किसी तरह घर पहुंचे और गांव से पलायन किया। बाबा कुटी निवासी रामदेवी, कल्लू, सुकई ने बताया की गनीमत रही कि नाव पहुंच गई नहीं तो सामान ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ता।

**खाके से मिटा शंकरपुरवा का अस्तित्व :** शंकर पुरवा में एक मात्र घर प्रभावती का बचा था। बाढ़ का पानी आने से ये नदी में समाहित हो गया। अब शंकरपुरवा पूर्ण रूप से समाप्त हो गया है। परम गोंडा में चार घर बचे हुए हैं, जो किसी भी दिन नदी में समाहित हो सकते हैं। ऐसे में लोग नाव द्वारा अपने तोड़े गए घरों की ईंट व अन्य गृहस्थी का सामान लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाते दिखे।


बाबकुटी मजरे में झोपड़ी में घुसा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


कुन्नूपुरवा में रास्ते में भरे पानी के बीच से गुजरती महिला और बच्चा। अमृत विचार

### तहसीलदार ने बंटवाई खाद्य सामग्री व सामान


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मौजूद तहसीलदार अनिल कुमार व राजस्व कर्मी।

तहसीलदार अनिल कुमार राम ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वे टीम के साथ सुबह से लगे हुए हैं। लंच पैकेट, तिरपाल, दवाइयां व पशुओं के लिए भूसे की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ प्रभावित कई गांवों में लोगों को निकालने के लिए नाव की व्यवस्था भी की गई हैं। इलाके में मुनादी भी करवाई जा रही है। ऐसे में लोग तटबंध पर तेजी से आ रहे हैं।

### प्रभावित लोगों की मदद की जा रही

तहसील प्रशासन बाढ़ ग्रस्त गांवों में मौजूद है। ग्रामीणों के लिए लंच पैकेट और पशुओं के लिए भूसे की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ दवाओं का वितरण भी कराया जा रहा है।

–अभिषेक आनंद, जिलाधिकारी


नाव के सहारे सुरक्षित स्थान की ओर जाते ग्रामीण। अमृत विचार

# शारदा और गोमती नदी का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट जारी

**रहें सावधान**

- खतरे के स्थान पर बह रही चौका और घाघरा नदी
- लहरपुर तहसील के 15 गांवों में किया गया प्रशासनिक अलर्ट

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले में शारदा और गोमती का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। चौका और घाघरा भी खतरे के स्थान पर बह रही हैं। ऐसे में लहरपुर तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने 15 गांवों में पहुंचकर लोगों को अलर्ट किया है।

नैमिषारण्य से गुजरी गोमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। इसका जलस्तर 119 मीटर रिकार्ड किया गया, जो तेजी से बढ़ा है। शहर से गुजरी सरायन नदी 125 मीटर पर बह रही है। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र से होकर निकली चौका नदी का जलस्तर खतरे के स्थान 118 पर रिकार्ड किया गया। वहीं कनरखी गांव से निकली नदी खतरे के निशान एक मीटर नीचे बह रही है।

घाघरा भी खतरे के निशान पर बह रही है। इसका जलस्तर 119 मीटर के करीब रिकार्ड किया गया। बनबसा बैराज से 2 लाख 63 हजार 816 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं शारदा बैराज से 1 लाख 64 हजार 702 क्यूसेक निकाला गया। ऐसे में लहरपुर तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने पहुंचकर गांव के लोगों को अलर्ट किया।

# राज्यमंत्री ने रतौली गांव के ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, भदफर, सीतापुर

**अमृत विचारः** लहरपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव रतौली में शारदा नदी का बढ़ रहे जलस्तर को लेकर शनिवार को कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के कारण शारदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए आप सभी जागरूक रहें। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मनोज यादव ने बताया कि शारदा नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। उधर, एसडीएम लहरपुर आकांक्षा गौतम ने मीतमऊ, परेवा, रतौली, बरेती, गौर चौखड़िया, सेतुही, अमर नगर, गुरेला, बेलवा डिगुरां, कुसेपा, समोदीडीह, पट्टी देहेली, भदफर, हरकीबेहड़ आदि 15 गांव के लोगों को नदी के आसपास न जाने की सलाह दी। कहा कि विशेष स्थितियों में बाढ़ कंट्रोल रूम के नंबर 9651389091 पर सूचना दी जा सकती है।

# देश की एकता का सूत्र है हिंदी : सांसद

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचारः** भाषा वही जीवित रहती है जिसका प्रयोग जनता करती है। भारत में लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिन्दी है। हिंदी देश की एकता का सूत्र है। हिंदी दिवस के दिन हम संकल्प लें कि अपने बोलचाल की भाषा में हिंदी का ही उपयोग करेंगे।

ये उद्गार हिंदी सभा द्वारा हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राकेश राठौर ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हिंदी सभा सीतापुर अमूल्य धरोहर है। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए अपने पिता स्व. सुंदरलाल राठौर की स्मृति में व्यक्तिगत रूप से 50 हजार रुपये व सांसद निधि से 5 लाख रुपये की सहायता भवन आधुनिकीकरण के लिए देने का एलान किया। हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने हिंदी के विकास के प्रति सांसद की निष्ठा व प्रतिबद्धता की सराहना की। संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अरुन त्रिवेदी ने कहा कि हिंदी अनुवाद की नहीं, बल्कि संवाद की भाषा है। किसी भी भाषा की तरह हिंदी भी मौलिक सोच की भाषा है। भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। इस अवसर पर हिंदी सेवियों व हिंदी में अपना शोध कार्य पूर्ण करने वाली शिक्षिका धनलक्ष्मी शुक्ला, साहित्यकार अवधेश शुक्ला व अमिय किरण अवस्थी, शिक्षिका पूजा सिंह सहित सांसद राकेश राठौर को अंगवस्त्र पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर हिंदी सभा पदाधिकारियों ने समानित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में अमिय किरण अवस्थी, चंद्रप्रकाश मिश्र, अरुणेश मिश्र, झंकार नाथ शुक्ल, राकेश मिश्रा, अरुन शर्मा बेधड़क, अम्बरीष श्रीवास्तव, जीएल गांधी, कमलेश पांडेय ज्ञानवती दीक्षित, उदय प्रताप त्रिवेदी सुरेश तिवारी, पूजा सिंह, आलोक यादव, अशोक कुमार मिश्रा, अनुपमा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में हिंदीसेवी उपस्थित रहे।


सांसद राकेश राठौर को स्मृति चिह्न भेट करते हिंदी सभा के पदाधिकारी।

# शिव्यांश हत्याकांड का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता सकरन, सीतापुर

**अमृत विचारः** शिव्यांश हत्याकांड के मास्टरमाइंड पांचवें आरोपी को 10 दिन के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

सकरन थाना क्षेत्र के सिरकिंडा गांव निवासी शिव्यांश ( 11 ) को बीती 3 सितम्बर की शाम पांच बजे फिरौती के लिए चकलेबाबा मंदिर के पास से अपहरण कर लिया गया था, आरोपियों ने पहले तो बालक को लात-घूंसों से पीटा था, उसके बाद चलती कार में ही उसका हत्या कर दी थी। हत्यारों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव के हाथ पैर बांध कर उसको लखीमपुर खीरी के शारदानगर में बैराज के पास शारदा नदी में डाल दिया था। मामले में पुलिस ने अंकुर त्रिवेदी, पुनीत शुक्ला निवासी उमरियाकलां थाना लहरपुर, रिंकू मिश्रा निवासी सिरकिंडा थाना सकरन, अभिषेक कुमार उर्फ राज निवासी गुलरिया चीनी मिल थाना बिजुआ जिला खीरी तथा अनुज शुक्ला निवासी लहरपुर को आरोपी बनाया गया था। मामले में पुलिस अंकुर, पुनीत, रिंकू, अभिषेक को पहले ही जेल भेज चुकी थी। पांचवें आरोपी अनुज शुक्ला एसओ कृष्णकुमार ने सकरन थाना क्षेत्र के उमरकलां मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### शरारती तत्वों पर ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी:एएसपी


बैठक करते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : जल बिहार व बारावफात को लेकर कोतवाली परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने की। उन्होंने कह कि किसी भी जुलुस में कोई नई परम्परा नही होगी। सदैव की भांति जुलूस निकलेगा। सभी लोग आपसी सद्भाव के साथ सकुशल त्योहार मनाएं। उन्होंने जल बिहार व बारावफात जुलूस को लेकर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम आयोजकों से ली। कहा कि जुलूस में शरारती तत्वों पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनिल सिंह, डॉ. प्रतीक सिंह, कमल वर्मा, सभासद संघ अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पाण्डेय, अनवार हुसैन, मौलाना रईस, मौलाना नुरुल हुदा, वसी अहमद आदि मौजूद रहे।

### बांसुरा में अधबने नाले ने बढ़ाई परेशानी

महमूदाबाद, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के रामपुर मथुरा ब्लॉक इलाके से जुड़े बांसुरा गांव में दो हफ्ता पूर्व इसी गांव की नई बाजार के पास जलनिकासी की समस्या से निजात पाने के लिए जेसीबी द्वारा लगभग पचास मीटर लंबा, दो मीटर गहरा और डेढ़ मीटर चौड़ा नाला खोदवाया गया था। दो हफ्ते बीत जाने के बाद अभी तक निर्माण कार्य नहीं शुरू कराया जा सका है। मूसलाधार बारिश के चलते नाला पानी से लबालब है। ऐसे में नाले से सटे दुकानदार बाबू, रमेश, अखिलेश, गुड्डू, अतिक और जाहिद अली आदि लोगों का कहना है कि दुकानों सटे चौड़े नाले को पार करने के लिए बल्ली, बांस और तखत का सहारा लेना पड़ रहा है। समाजसेवी कफील काजी कहते हैं कि जुलूसे मोहम्मदी का त्यौहार है। भारी भीड़ होने की वजह से पानी से भरे इस नाले में हादसे की आशंका है। जिला पंचायत प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि नाले के निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार से कह चुका हूं। बारिश के मौसम के चलते कार्य रुका हुआ है। पानी निकलने के बाद ही काम शुरू होगा

### नेत्र शिविर में 100 मरीजों ने कराई जांच

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में सीतापुर आंख अस्पताल के सौजन्य से नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत वर्मा किलोल द्वारा किया गया। शिविर में 100 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। नेत्र शिविर में डॉ. मयंक ओझा व उनकी टीम के सिमरन, प्रीति शुक्ला बृजेंद्र सिंह आदि ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया और 50 मरीजों को जांच के दौरान ऑपरेशन के योग्य पाया गयाइस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में मरीज व उनके परिजन मौजूद रहे।

# सीज की गयी अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी

संवाददाता, भदफर, सीतापुर

**अमृत विचार :** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखनापुर में चल रही अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी को आवश्यक प्रपत्र न होने पर सीज कर दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक तंबौर डॉ. मनोज कुमार द्वारा क्षेत्र के ग्राम शेखनापुर स्थित आरोही डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की गई। केंद्र के संचालक द्वारा कोई भी आवश्यक प्रपत्र न दिखा पाने पर संचालक को सभी चिकित्सीय अभिलेखों के साथ दो दिन के अंदर अधीक्षक कार्यालय पर प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए और केंद्र को सीज करने की कार्रवाई की गई। डायग्नोस्टिक सेंटर के सीज होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित सभी क्लीनिक, अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर बंद करके संचालक मौके से फरार हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि एक पैथोलॉजी लैब को सीज किया गया है और उसे आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कोई भी अवैध रूप से अस्पताल या पैथोलॉजी को लैब संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

# रंजिश में किसान को मारी गोली

सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव मे खेत की रखवाली करने गये किसान को शनिवार की देर शाम विरोधियों ने रंजिश मे गोली मारकर घायल कर दिया। सोनारी के मजरा हैदरपुर निवासी रामकिशोर (32) शनिवार को देर शाम अपने खेत की रखवाली करने गया था उसे रंजिश मे गांव के ही कुछ लोगों ने जान से मारने की नीयत से घेर लिया और उस पर फायर कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अन्य लोग मौके पर पहुंच गये तो हमलावर फरार हो गये। परिजनो ने घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कि जानकारी मिली है प्रथम द्रष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच की जा रही है।

# 1 लाख से अधिक वाद निस्तारित

**लोक अदालत**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिला जज मनोज कुमार तृतीय और अपर जिला जज नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी की मेहनत रंग लाई। लोक अदालत में एक लाख से अधिक वादों का लोक अदालत में निस्तारण हुआ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय द्वारा एक वाद का निस्तारण किया गया। अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-2 द्वारा कुल 2 वाद, अपर जिला जज/स्पेशल एससीएसटी एक्ट द्वारा 3 वाद, स्पेशल ईसी एक्ट द्वारा कुल-167 वाद, अपर जिला जज स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14 द्वारा 3 वाद, अपर जिला जज/एमपीएमएएल द्वारा 3 वादों, अपर जिला जज/एफटीसी न्यू द्वारा कुल 3 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 103424 वादों का निस्तारण किया गया।


लोक अदालत के दौरान उपस्थित न्यायाधीश। अमृत विचार

**थाना समाधान दिवस** — डीएम और एसपी ने सदरपुर थाने में सुनीं लोगों की समस्याएं

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले में थाना दिवस का आयोजन हुआ। सदरपुर थाने पर डीएम-एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। लोगों से सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सदरपुर संवाददाता के अनुसार थाना समाधान दिवस में फरियादियों की व्यथा सुनने पहुंचे डीएम-एसपी ने थाना दिवस में सदरपुर कस्बे में बारावफात की हो रही तैयारियों के दौरान घर के सामने झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच शुक्रवार को हुई कहासुनी के बाद शनिवार को दोनो पक्षों के बीच मध्यस्ता कराई। इस दौरान उन्होंने कस्बे का जायजा भी लिया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा सदरपुर पहुंचे, पहले इलाके का भ्रमण किया। फिर थाने पहुंचे, डीएम ने फरियादियों से लंबी बातचीत की। उन्हें आश्वासन भी दिया। जिम्मेदारों को समझाते हुए कहा कि त्योहार प्रेम भाव और अनुशासन में रहकर मनाएं। इस मौके पर एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला, क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना क्षेत्र में तैनात सभी लेखपाल, ग्राम प्रधान और कस्बा सहित आस- पास गांवों के बड़ी संख्या में लोग उपस्तिथि रहे। उधर रामपुर मथुरा संवाददाता के अनुसार, थाना परिसर में समाधान दिवस पर 24 शिकायतें राजस्व की आई, जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया 20 शिकायतें लम्बित हैं। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी, नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। अन्य थानों पर भी समाधान दिवस आयोजित हुए।


सदरपुर थाने पर लोगों की शिकायतें सुनते डीएम- एसपी। अमृत विचार

# शान से निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचारः** मरकजी कमेटी जुलूस-ए-मुहम्मदी के सदर अल्हाज मो. अय्यूब कुरैशी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन मोहल्ला काजी टोला स्थित उनके आवास पर किया गया।

मो. अय्यूब कुरैशी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही शान ओ शौकत व अदब के साथ जुलूस-ए-मुहम्मदी का जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होकर निकाला जायेगा। जुलूस में किसी भी प्रकार से मोटर साइकिल व डीजे साउंड सिस्टम शामिल नहीं किया जायेगा। जुलूस में आग का करतब नहीं किया जायेगा। जुलूस में शामिल लोग अपनी अंजुमन में सिर्फ एक माइक और दो हार्न का इसतेमाल करेंगे। जुलूस के दिन 11 बजे तक सभी अंजुमन कंकर वाली शाही जामा मस्जिद के निकट अपनी मौजूदगी दर्ज कराएं। इस मौके पर मरकरी कमेटी के सदर अल्हाज मो. अय्यूब कुरैशी, मुख्य संरक्षक मो. शाहिद हुसैन एडवोकेट, सेक्रेट्री डॉ. अहमद अली अंसारी, सरपरस्त हाफिज जमीर रजा, मौलाना फैजान हुसैन कादरी आदि मौजूद रहे।


बैठक करते कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### भटकते बुजुर्ग को परिजनों के हवाले किया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बिहार राज्य से भटक कर बाराबंकी आ गए एक बुजुर्ग व्यक्ति को थाना कोठी पुलिस के प्रयास के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। थाना कोठी क्षेत्र अन्तर्गत करीब 70 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति रास्ता भटक बिहार राज्य से जनपद बाराबंकी आ गया था। वह अपना नाम व पता बताने में असमर्थ रहा। थाना कोठी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पता लगाया कि उक्त बुजुर्ग व्यक्ति बिहार राज्य के रहने वाले है। बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों से सम्पर्क कर उक्त व्यक्ति को सकुशल सुपुर्द किया गया।

### जिम के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकमल के निकट स्थित एक जिम के बाहर से अज्ञात चोर बाइक चुरा कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर के मोहल्ला अभयनगर निवासी मुकेश भट्ट ने तहरीर देकर कहा कि उनका पुत्र मनीष अपनी मोटर साइकिल पैसन प्लस यूपी 32 बीसी 5637 है से फिटनेश जिम गया था। जहां से लौटने पर जब मनीष ने 10 बजे के आसपास अपनी बाइक पुनः अपने स्थान पर नही देखी तो उसने तुरंत जिम में जाकर वहाँ के संस्थापक से घटना के बारे में बताया। जिम संस्थापक अनस ने अपने सीसीटीवी कैमरे मे देखने पर पाया कि एक सफेद शर्ट पहने सिर पर कैप लगाए एक संदिग्ध व्यक्ति ने 9 .07 मिनट पर उसकी बाइक चोरी की है।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** ग्राम धौरहरा विकास खंड सिद्धौर में जल जीवन मिशन के तहत गांव में उखाड़ी गई आरसीसी रोड पर मेघा कंपनी के कथित ठेकेदारों द्वारा मानक विहीन निर्माण कार्य किए जाने को लेकर भाकियू धर्मेंद्र गुट द्वारा प्रदर्शन किया।

# हिन्दी को पहचान की नहीं बल्कि अपनेपन की जरूरत

**हिन्दी दिवस विशेष**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** हिन्दी किसी परिचय की मोहताज नहीं, जरूरत उसकी चिंता करने की नहीं बल्कि ईमानदारी और खुशी से अपनाने की है। टीवी, अखबार, आम बोलचाल और इंटरनेट पर हिन्दी हर जगह है, जितना सूचना तंत्र व प्रौद्योगिकी ने प्रगति की उसी के सापेक्ष हिन्दी भाषा ने भी। इस भाषा के प्रकार और शैली भले ही अलग अलग हो पर मूल पहचान हिन्दी ही है। इंटरनेट पर हिन्दी की उपयोगिता और इसे समझने व जानने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही। यह कम उपलब्धि हिन्दी के पक्ष में नही है कि अंग्रेजी के बाद सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली भाषा हिन्दी ही है। माना जाता है कि हिन्दी से अपनापन अगर आम हो जाए और अंग्रेजी दा बनने के बजाय हिन्दी भाषी बनने पर जोर दिया जाए तो इसके लिए चिंता भी नहीं करनी होगी।

हिन्दी भाषा ने अपना स्थान प्राप्त कर लिया है। आधुनिक युग में भी इस भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है। माइक्रोसॉफ्ट ने ऑफिस हिन्दी के माध्यम से भारतीयों के लिये कम्प्यूटर का प्रयोग आसान कर दिया। यही कारण है कि अब हिन्दी न जानने वाले भी इंटरनेट के जरिये अपना काम आसानी से कर रहे हैं। समाचार, साहित्य, सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार, ज्योतिष आदि के वेब पेज अलग-अलग प्रकार की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। इंटरनेट पर हिन्दी, अंग्रेजी जितनी लोकप्रिय तो नहीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट पर हिन्दी की वेबसाइटों की संख्या में काफी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्तमान में इंटरनेट छोटी जगहों तक भी पहुँच गया है और मोबाइल पर सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला की वर्ड हिन्दी ही है। सबसे बड़ी बात यह है कि हिन्दी में ई-मेल की सुविधा भी कई वेबसाइटों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इंटरनेट पर हिन्दी में सामग्री की उपलब्धता के साथ ही हिन्दी जानने, समझने और बोलने वालों की संख्या बढ़ रही है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में हिन्दी के आने से हिन्दी को लिखने, पढ़ने, समझने, और बोलने वालों की संख्या भी काफी है। कई वेबसाइटें हिन्दी समाचारों तथा अखबारों की हैं। रही बात हिन्दी अखबारों की तो देश में करीब 16 हजार से ज्यादा अखबार हिन्दी भाषा में ही छप रहे हैं।

### हिन्दी भाषा का कोई सानी नहीं

वरिष्ठ साहित्यकार व राष्ट्र भाषा परिषद से जुड़े अजय सिंह कहते हैं हिन्दी सर्वव्यापी है। इसका मुकाबला कोई भाषा नहीं कर सकती। महान संत तुलसीदास ने रामचरित मानस का अवधी भाषा में अनुवाद किया जो हिन्दी का ही स्वरूप है। पश्चिमी देशों की नकल हमें पहचान नहीं दे सकती। स्वयं को राष्ट्रवादी कहने के लिए हिन्दी भाषा को खुलकर अपनाना ही होगा।

### बाराबंकी में हिन्दी का सिर्फ इतिहास

पठन-पाठन हो या साहित्य विधा या फिर आम बोलचाल, समय के बदलाव के साथ हिन्दी भाषा के प्रति दुराव भी बढ़ा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बाराबंकी के संत, कवि, साहित्यकार हिन्दी भाषा की कीमती विरासत छोड़ गए हैं लेकिन यह सिर्फ इतिहास ही है। धनोखर तालाब से कुछ दूरी पर स्थापित हिन्दी पुस्तकालय की पहचान ही खत्म हो गई। बात करें साहित्य विधा की तो वह सब पुस्तकों और यदा कदा की गोष्ठी तक ही सीमित रह गई है।

### 19 सदस्यीय साइकिल जत्था यात्रा पर हुआ रवाना

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खण्ड बंकी के अन्तर्गत अल्लीपुर के पौराणिक देवी मन्दिर से माता वैष्णों देवी यात्रा पर जा रहे 19 सदस्यीय साइकिल जत्थे को पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व डीडीसी इं . कृष्ण कुमार रावत ने सभी भक्तों को अंग वस्त्र भेंट कर माला पहना कर माता के जयकारों के बीच रवाना किया। जत्था संचालक रामसनेही यादव, दिलीप यादव, गुड्डू यादव, त्रिभुवन यादव, सोनू यादव, पुष्पेंद्र यादव, शुभम् यादव, ननकऊ यादव, लाल जी यादव,द्वारा हर वर्ष माता के चरणों में हाजिरी लगाने के लिए यात्रा का शुभारंभ किया जाता है। इस अवसर पर बलराम, उमाकांत यादव, सोनू, बंशीलाल, संदीप, भोला आदि मौजूद रहे।

## चोरी से पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज

**बनीकोडर, बाराबंकी:** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीते सप्ताह चारागाह की जमीन पर लगे अर्रा के पेड़ काटकर लकड़ी उठा ले जाने के मामले में लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। मामला थाना क्षेत्र के गैरिया गांव का है। बीते 7 सितंबर की रात चारागाह की भूमि पर लगे अर्रा के सात कीमती पेड़ अज्ञात लोग चोरी से काटकर उसकी लकड़ी उठा ले गए थे ।जानकारी होने पर समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर लेखपाल ने जांच की। शनिवार को लेखपाल इंद्रमणि त्रिपाठी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी से पेड़ काटकर लकड़ी उठा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है ।

# बच्चों को हिन्दी का महत्व समझाया

रामसनेहीघाट, बाराबंकी



हिन्दी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास खंड बनीकोडर के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में हिंदी दिवस पर छात्र छात्राओं की निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को इसे राजभाषा के रूप में अपनाया गया। इसके साथ ही कक्षा दो से कक्षा पांच तक के हिंदी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा दो से रितेश कक्षा तीन से कोमल कक्षा चार से सौम्या व कक्षा पांच में मानवी का लेखन अव्वल रहा। जिससे उन्हें प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। लेखन सुधार को देखते हुए रुचि, आदर्श कुमार रावत, सौम्या कोमल आदि बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए उन्हें भी पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मोर्य, अनीता देवी, सरस्वती, सरोज जियालाल सहित लगभग डेढ़ सौ बच्चे उपस्थित रहे।

# हिन्दी दिवस पर हुई निबंध व भाषण स्पर्धा

सतरिख, बाराबंकी


निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** टीआरसी लॉ कॉलेज में हिन्दी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का अयोजन किया गया। आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता का शीर्षक भारतीय न्यायिक व्यवस्था में हिन्दी भाषा का प्रयोग रहा। इसमें छात्र छात्रओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका शीर्षक भारत के विकास एवं प्रगति में हिन्दी भाषा का योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में अंजली शुक्ला, शिवम पाण्डेय, सीमा सिंह, नारेन्द्र कुमार त्रिवेदी, अर्चना कनौजिया, आफरीन बानो, विमल कुमार, विकास गौतम, जाहन्वी यादव, आदित्य नारायण जायसवाल आदि छात्र छात्रओं ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा की महत्ता एवं विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला ''कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी'' के माध्यम से हिन्दी भाषा के रुपों पर स्पष्ट किया। छात्रा जाहन्वी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा को कैसे समृद्ध किया जा सकता है? स्वामी विवेकानन्द की 1893 शिकांगो विश्व धर्म सम्मेलन कि घटना को सुनाया कि स्वामी जी ने हिन्दी मातृ भाषा का कैसे सम्मान किया था। छात्र आदित्य नारायण जायसवाल ने रामायण एवं वैदिक ग्रन्थों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा के माध्यम से विश्व में भारत का झण्डा लहराया जा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने फूंका अखिलेश का पुतला

## मठ को लेकर दिए गए बयान पर सपा को बताया हिंदू विरोधी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


अखिलेश का पुतला फूंकते भाजयुमो नेता।

**अमृत विचारः** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व सीएम एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने उनके विरुद्ध नारेबाजी की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ' मठ ' को लेकर दिए गए बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश दिखा। कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी को हिंदू विरोधी बताया।

प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव का मठाधीशों को लेकर दिया गया बयान समस्त हिन्दू समाज और साधु, संतों का अपमान है। जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सपा को सनातन विरोधी कहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव को इस गलती के लिए हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।इसके पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ता गांधी भवन से पैदल मार्च करते हुए पटेल तिराहे तक पहुंचे। जहां नारेबाजी करते हुए अखिलेश यादव का पुतला फूंका। इस अवसर पर सर्वेश अवस्थी, शिव कुमार यादव, सुधाकर सोनी, सूरज भान,प्रमोद गोस्वामी, अनुज वर्मा, सत्या पंडित, हरिकेश, दिनेश सिंह, ताम्रध्वजनन्द, शुभ वर्मा, सूरज यादव, मनोज विश्वकर्मा, सचिन प्रताप सिंह, ललित मिश्रा, मोनू पंडित, मानस कनौजिया, अंशुमान सिंह, कार्तिकेय, मोहन यादव, लवकुश पटेल आदि युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक जी आधार कार्ड के लिए लगवाएं शिविर

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** राशनकार्ड धारकों को केवाईसी कराने में आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। जैदपुर में आधार कार्ड सेंटर न होने से दिक्कतें सामने आ रही हैं।

80 हजार आबादी वाले कस्बे में सिर्फ़ डाक खाने में आधार कार्ड मशीन है। जिसमें प्रति दिन मात्र 10 से 15 आधार कार्ड अपडेट और नए आधार बनाने का काम होता है। वहीं क्षेत्र की सड़कों की खराब हालत को लेकर भी क्षेत्रवासियों में नाराजगी दिख रही है। इन दोनों समस्याओं को लेकर कस्बेवासियों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत से मुलाक़ात करके एक मांग पत्र सौंपा।

मांगपत्र में कहा है कि जैदपुर बाराबंकी समेत कस्बे के अंदर की सड़के चलने लायक नहीं हैं और यही गड्ढे हादसे का कारण बन जाते हैं जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही आधारकार्ड कैंप लगवाए जाने की भी मांग की। वहीं विधायक गौरव रावत ने आधार कार्ड के संबंध में मौक़े पर ही आला अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही ब्लॉक स्तर और नगर पंचायत कार्यालयों में आधार कैम्प लगाने को कहा है।

# नर्सिंग छात्रा के पीछे पड़ा शोहदा तेजाब फेंकने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** हिन्द अस्पताल में नर्सिंग की छात्रा के आत्महत्या प्रकरण को अभी कुछ ही समय बीता है। एक और घटनाक्रम उसी अंजाम तक पहुंचाने की ओर इशारा कर रहा है। मेयो हास्पिटल में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा के पीछे हाथ धोकर पड़ा युवक उस पर बेजा दबाव डालते हुए शारीरिक संबंध बनाने की मांग कर रहा, हद तो तब हो गई जब युवती की शादी तय होने के बाद आरोपी युवक ने वर पक्ष तक छात्रा की अश्लील फोटो पहुंचा दी। जिससे उसका रिश्ता टूट गया। भाई की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिला बस्ती की रहने वाली एक युवती लखनऊ मार्ग पर स्थित मेयो हास्पिटल में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। वह लखनऊ में एक निजी कमरा लेकर रह रही। उसके जिले ही नहीं बल्कि गांव का भी रहने वाला शनी उर्फ हीरालाल निषाद काफी समय से उसकी बहन को फोन करके शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव बनाता तथा अभद्रता करता आया है। वह युवती को फोन कर अपने रूम में बुलाने का दबाव डालते हुए भाई को जान से मरने की धमकी दे रहा। पीड़िता के भाई का कहना है कि उसने अपनी छात्रा बहन की शादी तय कर दी, आरोपी युवक वहां पहुंच गया और बहन के अश्लील फोटोग्राफ दिखाये जिस कारण बहन की शादी टूट गयी। आरोपी युवक अलग अलग नम्बरो से करीब एक वर्ष से फोन करके अश्लील बाते कर रहा। धमकी दी है कि अमुक जगह आकर न मिली तो मुँह पर तेजाब फेंक देंगे, जिससे पूरी जिन्दगी खराब हो जायेगी। भाई बहन को लेकर साथ बताए स्थान पर गया तो शनी ने साथ जाने से मना करने पर उसकी बहन को झापड़ मार दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पेड़ कटने के बाद का नजारा। अमृत विचार

### प्रतिबंधित पेड़ों को काटा, प्रधान पर लगे आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले विखं बनीकोडर अंतर्गत गैरिया गांव में सरकारी भूमि पर लगे आधा दर्जन से ज्यादा प्रतिबंधित पेड़ों को चोरी-छिपे ठेकेदारों द्वारा काट लिया गया था। पेड़ चोरी के तीन दिन बाद जब ग्राम प्रधान विनोद साहू को गांव के लोगों ने इसकी जानकारी दी तो मौके पर पहुंचकर कटे पेड़ों को वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। कुछ ग्रामीणों का कहना है जो पेड़ चोरी हुए हैं वह प्रधान की मिलीभगत से चोरी हुए हैं। वहीं ग्राम प्रधान का कहना है कि जब उन्हें इसकी सूचना हुई तो उन्होंने ही उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उनके विरोधी फर्जी आरोप लगा रहे हैं। रामसनेहीघाट रेंजर संतोष संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जानकारी हुई थी मौके पर वन दरोगा अपनी टीम के साथ जाकर जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

# इस वर्ष रेलवे से नहीं मिला मनरेगा श्रमिकों को काम

**पिछले वर्ष 13 ब्लाकों पर 215 कार्य मनरेगा से कराये गये थे**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

> निर्धारित दिवस के हिसाब से रेलवे मनरेगा मजदूरी का भुगतान करता है। पिछले वर्ष 215 कार्यों पर मनरेगा श्रमिकों को करीब तीन करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया था।
> -ब्रजेश त्रिपाठी, उपायुक्त मनरेगा

**अमृत विचार।** रेलवे भी मनरेगा से अपने काम करा रहा है और समय पर भुगतान भी दे रहा है। जिले में 13 विकास खंड क्षेत्रों में रेलवे द्वारा कराए गए 215 कार्यों पर मनरेगा श्रमिकों को पिछले वित्तीय वर्ष में 3 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इस हालांकि इस वित्तीय वर्ष में कोई काम मनरेगा श्रमिकों को नहीं दिया गया है।

जिले में लखनऊ से छपरा तक रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण का काम पिछले दो सालों से चल रहा है। इसके अलावा हैदरगढ़, फतेहपुर, दरियाबाद, रामनगर समेत अन्य क्षेत्रों से होकर गुजरीं रेलवे लाइन पर निर्माण कार्य चलता रहता है। कोरोना काल में मुंबई, हैदराबाद, सूरत, दिल्ली, जालंधर से कई प्रवासी मजदूर कामकाज छोड़कर घर आ गए थे। घर में काम न मिलने से प्रवासी मजदूरों के सामने रोजी रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया था। ऐसे मजदूरों को रेलवे ने काम देने का निर्णय लिया था। तब से लगातार रेलवे मनरेगा श्रमिकों को काम देकर समय से भुगतान करता है। पिछले वित्तीय वर्ष में 13 विकास खंड क्षेत्रों में रेलवे प्रशासन ने मनरेगा श्रमिकों से 215 कार्य कराए थे। इस पर मजदूरी के रूप में 3 करोड़ 14 लाख 87 हजार रुपये का भुगतान श्रमिकों को किया थ। सबसे अधिक 97 रेलवे के काम सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में हुए हैं। कुल 215 कार्यों में 48 पर अब भी काम चल रहा है जबकि 73 काम पूर्ण हो चुके हैं। वहीं कुछ कार्य हटा दिए गए हैं। वहीं इस वित्तीय वर्ष अभी रेलवे प्रशासन द्वारा मनरेगा श्रमिकों की मांग नहीं की गई है।

**पिछले वर्ष रेलवे कार्यों पर एक रिपोर्ट**

| ब्लॉक | कुल कार्य | चालू कार्य | पूर्ण कार्य | भुगतान लाखों में |
|---|---|---|---|---|
| बनीकोडर | 1 | 0 | 1 | 6.89 |
| बंकी | 8 | 3 | 4 | 8.56 |
| दरियाबाद | 2 | 0 | 1 | 1.1 |
| देवा | 34 | 10 | 9 | 18.19 |
| फतेहपुर | 11 | 2 | 3 | 13.89 |
| हैदरगढ़ | 5 | 1 | 1 | 0.5 |
| हरख | 15 | 2 | 2 | 4.02 |
| मसौली | 2 | 0 | 2 | 4.05 |
| निंदूरा | 26 | 4 | 8 | 37.08 |
| पूरेडलई | 3 | 0 | 3 | 13.62 |
| रामनगर | 9 | 2 | 7 | 34.6 |
| सूरतगंज | 97 | 24 | 30 | 163.52 |
| त्रिवेदीगंज | 2 | 0 | 2 | 8.87 |
| कुल | 215 | 48 | 73 | 314.87 लाख |

*नोट:-ये आंकड़े मनरेगा पोर्टल से लिए गए हैं।*

## सार-संक्षेप

### सात में से तीन शिकायतों का किया निस्तारण


शिकायतें सुनतीं उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सम्पूर्ण समाधान दिवस कुल सात शिकायतें आईं। तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तीन मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है। शनिवार को कोतवाली बदोसराय परिसर के सभाकक्ष में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर सम्बंधित राजस्व कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी संन्तोष कुमार ने बताया है कि कुल 7 शिकायतें आईं। जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। तीन मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है। दिवस में राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार वर्मा विनय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### 254 किशोरियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा में किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को सीएचसी देवा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया। चिकित्सा अधीक्षक देवा डॉ .राधेश्याम गोंड ने बताया कि 408 किशोर और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। 254 किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण व खून की जांच भी की गई। किशोर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए चार्ट प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम, दितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### चोरों ने दुकान से पार की नकदी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा बदोसराय की एक दुकान का ताला काटकर अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी पार कर दिया। कस्बे में जनता इंटर कॉलेज के गेट के पास सुनील कुमार की बेकरी की दुकान का ताला काटकर बीती रात अज्ञात चोर करीब सात आठ हजार रुपए उठा ले गए। सुबह दुकान मालिक का लड़का दुकान खोलने गया तो ताला कटा अलग पड़ा मिला। दुकान खोलने पर देखा समान सभी मौजूद था। गल्ले से अलग रखे रुपए गायब थे। पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

# धरती पर हरियाली लाने में जुटे युवा

सुबेहा, बाराबंकी



पौधरोपण के दौरान मौजूद टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पर्यावरण के प्रति बच्चों के बढ़ते रुझान को देखते हुए लोग सराहना कर रहे हैं। क्षेत्र के हरपालपुर गांव निवासी सचिन सिंह व कौशल सिंह ने पर्यावरण के प्रति संजीदगी दिखाते हुए एक लाख पौधे रोपने का संकल्प लिया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए वह अपनी टीम के साथ आसपास के गांवों, जंगलों और खेतों में पौधे लगा रहे हैं। मुहिम का शुभारंभ किए एक महीना हो गया प्रतिदिन लगभग 100 पेड़ इन बच्चों द्वारा लगाया जा रहा है। लोगों को इस मुहिम में जोड़ने के उद्देश्य से यूट्यूब चैनल बना रखा है। जिसके माध्यम से कब कहां पौधा लगेगा इसकी जानकारी दी जाती हैं साथ ही जो लोग अपने नाम से पौधा लगवाना चाहते हैं उनके नाम से पौधा लगाया जाता है। टीम के हेड सचिन सिंह ने बताया तीस दिन से पौधे रोपे जा रहे हैं। टीम द्वारा एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। पर्यावरण को हरा-भरा रखने की जिम्मेदारी हम सबकी हैं और पर्यावरण हरा - भरा तभी होगा जब हम ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने होंगे। आठ लोगों की यह टीम सचिन सिंह, कौशल सिंह, कन्हैया दीक्षित, गोलू, अभय, आकाश, नैतिक व नीतिश पौधे रोप रहे हैं।

# कृषि स्नातकों की ट्रेनिंग पूरी, मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


प्रमाणपत्र के साथ कृषि स्नातक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्टॉर आर-सेटी प्रशिक्षण केन्द्र में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन ) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में चयनित 42 कृषिस्नातकों का 13 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। इस मौके पर ज़िला पंचायत सदस्य भुल्लन वर्मा द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण पत्र प्रदान दिया। एग्रीजंक्शन (वन स्टाप शाप) के संचालन के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नियमानुसार समस्त प्रकार के अभिलेखों को तैयार करने एवं उनके रख-रखाव की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। समस्त प्रशिक्षुओं को उर्वरक, बीज एवं पेस्टिसाइड के निःशुल्क लाइसेंस प्रदान किये जायेंगे। साथ ही व्यवसाय के लिए ली गई दुकान के किराये पर प्रथम एक वर्ष के लिए किरायानामा के आधार पर अधिकतम एक हजार रुपये प्रतिमाह की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त व्यवसाय संचालन के लिए पांच लाख रुपये तक लोन पर प्रथम तीन साल के ब्याज अनुदान के रुप में एकमुश्त 60 हजार का बैंक इण्डेड अनुदान भी उपलब्ध कराया जायेगा।

# ब्लैकमेल कर युवती से किया दुष्कर्म

## निकाह करने के बाद दिया तलाक, युवक ने अपना धर्म छिपाया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** घटना लव जिहाद से जुड़ी कई साल पुरानी और शहर की है। एक युवक ने अपना धर्म छिपाकर युवती को प्यार के जाल में फंसाया। इच्छा के विरुद्ध उससे रेप किया। सच जानने के बाद युवती के दबाव पर आरोपी ने उससे निकाह कर लिया। युवक का रवैया बदला, कुछ वक्त बाद गर्भवती युवती ने बच्चे को जन्म दिया तो युवक ने उसे पीटकर जान से मारने की धमकी दी फिर तलाक दे दिया। पुलिस से शिकायत की पर नहीं सुनी गई, आखिरकार सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रकरण कुछ यूं है कि 2016 में शहर की एक युवती को मो. आजम जैदी निवासी देवां रोड, श्रीनगर कालोनी ने धर्म छिपाकर प्यार के जाल में फंसाया। बाद में प्यार दोतरफा हो गया। तब युवक ने अपना नाम अमन बताया था। 22 वर्ष की युवती से अमन ने माह जनवरी 2016 में सच्चे प्यार का सुबूत देने के लिए शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। युवती ने उसकी बात मान ली। इसी बीच युवती को युवक के वास्तविक धर्म का पता लग गया तो उसने विरोध किया। यह सिलसिला लंबा चला और युवती गर्भवती हो गयी। माह सितम्बर 2016 में दोनों ने निकाह कर लिया। वर्ष 2017 में युवती ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद से ही आरोपी का पत्नी व पुत्री के प्रति रवैया बदल गया। उसने मारपीट करने के साथ ही धर्म बदलने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। न मानने पर युवती व उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं विरोध करने पर आरोपी ने गैर मर्दों के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। जनवरी 2024 में आरोपी ने पत्नी व पुत्री को छोड़ दिया और मौखिक व व्यक्तिगत तौर पर तलाक दे दिया। उसके बाद से आरोपी पत्नी व पुत्री से मिलने तक नहीं गया। युवती का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह पुलिस के पास गई तो वहां भी अभद्रता की गई। विवश होकर उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश के बाद पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वाकिफ नहीं तुम अपनी निगाहों के असर से...

▸▸ शहंशाह-ए-गजल का इंतजार करती थी महफिल

योगेश शर्मा, बाराबंकी



खुमार बाराबंकवी। फाइल फोटो

**अमृत विचार:** यही खुसूसियत थी शहंशाह-ए-गजल खुमार बाराबंकवी की कि वह महफिल की नहीं बल्कि महफिल उनका इंतजार करती और उनके आने के बाद महफिल उन्हीं की होकर रह जाती थी। एक बार और फरमाएं, सुनने की उन्हें आदत पड़ चुकी थी, वास्तव में वह शायरी से भी ऊपर थे और गजल उनके अल्फाजों की मोहताज। मिजाज के तो क्या कहने, किसी ने आदाब किया नहीं कि उसे एवज में ढेर सारी दुआएं हासिल हो जाती थीं। सादा लिबास और पान के शौकीन। विदेश तक मोर्चा संभाल आए, बाराबंकी का नाम रोशन कर आए, फिल्मों में उनके लिखे गीत गाए गए पर आज बाराबंकी वासी खासकर उर्दू अदब से जुड़े लोग सिर्फ जन्म और अंतिम दिन याद करते हैं।

15 सितंबर को जनाब खुमार बाराबंकवी की यौम ए पैदाइश का दिन है। शहर की मुख्य कर्बला में उन्हें दफन किया गया, वहीं पर समाधि बनी हुई है। फजर्लुरहमान पार्क से पहले उनका पुराना घर था जो अब पहचान खो चुका लेकिन उनके नाम की तख्ती आज भी लगी हुई है। आगे की पीढ़ी उनका नाम नहीं चला सकी लेकिन उर्दू अदब से जुड़े लोग ही उनके व्यक्तित्व को बखूबी जानते और समझते हैं। खुमार साहब के बीते सुनहरे कल पर नजर डालें तो 15 सितम्बर 1919 को जन्मे खुमार बाराबंकवी का मूल नाम मोहम्मद हैदर खान था। बाराबंकी को अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने वाले अजीम शायर खुमार बाराबंकवी को प्यार से बेहद करीबी लोग 'दुल्लन' भी बुलाते थे। उनके समय के लोग बताते हैं कि उन्होंने शहर के सिटी इंटर कालेज से आठवीं तक शिक्षा ग्रहण की। इसके पश्चात वह राजकीय इंटर कालेज से कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण की। हाईस्कूल पूरा कर लखनऊ के जुबली इंटर कालेज में दाखिला लिया पर उनका मन पढ़ाई में नहीं लगा। वर्ष 1938 से ही वह मुशायरे में जाने लगे। उन्होंने अपना पहला मुशायरा बरेली में पढ़ा। पहला शेर 'वाकिफ नहीं तुम अपनी निगाहों के असर से, इस राज़ को पूछो किसी बरबाद नजर से' रहा। कम समय अंतराल में ही वह बाराबंकी फिर यूपी के बाद पूरे मुल्क में मशहूर हो गये।

खुमार साहब का 'तरन्नुम' गजब का रहा इसलिए वह जल्द ही बड़ों का मुकाबला करने लगे। बड़े शायरों के बाद अगर किसी को तवज्जो दी जाती थी तो वो खुमार साहब ही थे। महान शायर और गीतकार मजरूह सुलतानपुरी उनके अज़ीज़ दोस्त थे। जितना बड़ा क़द विनम्रता की उतनी ही बड़ी मूरत, कभी-कभी तो मुशायरों में उन्हें घंटों तक ग़ज़ल पढ़नी पड़ती थी, लोग उठने ही नहीं देते थे। हर मिसरे के बाद "आदाब" कहने की इनकी अदा इन्हें बाकियों से मुख्तलिफ़ करती। अपने जीवन काल में खुमार साहब ने कुछ फ़िल्मों के गीत भी लिखे। 1942-43 में प्रख्यात फिल्म निर्देशक एआर अख्तर ने उन्हें मुम्बई बुला लिया। यहां से शुरू हुआ उनका फ़िल्मी सफ़र। फ़िल्म 'बारादरी' के लिये लिखा गया उनका यह गीत 'तस्वीर बनाता हूं, तस्वीर नहीं बनती' आज भी लोगों के दिलों में बसा है। इसके अलावा भी तमाम गीत आज भी हमारी ज़िन्दगी में रस घोल देते हैं। खुमार साहब ने चार पुस्तकें भी लिखीं ये पुस्तकें शब-ए-ताब, हदीस-ए-दीगर, आतिश-ए-तर और रख्स-ए-मचा हैं। खुमार की पुस्तकें कई विश्वविद्यालयों के पाठयक्रम में शामिल की गई। उन्हें ढेर सारे मंचों पर तरह तरह के सम्मान हासिल हुए।

# सरयू का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों में खौफ

## ट्रैक्टर ट्रॉली और बाढ़ के पानी से होकर गांव पहुंचे अफसर, लोगों को किया आगाह, घर छोड़ने की अपील



नदी में समाया मकान। अमृत विचार



गांव तक पहुंचा सरयू नदी का पानी। अमृत विचार

सूरतगंज/रामनगर/सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**अमृत विचार:** पहाड़ों पर हो रही बारिश व बैराजों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी का असर तराई इलाके में दिखने लगा है। सरयू का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। सरयू की तलहटी में बसे हुए दर्जनों गांव के लोग नींद से जागे तो पानी घरों के करीब देख उनके होश उड़ गए सरयू नदी का पानी बाहर निकल करके आस-पड़ोस के गांव को अपनी चपेट में ले रहा है।

बाढ़ का पानी अब बेलहरी, ललपुरवा, बाबापुरवा, कोड़री, केदारीपुर, सरसंडा, सुंदरनगर व मदरहा, क्योलीपुरवा, हेतमापुर, उधिया और अकौना सहित करीब एक दर्जन गांव पानी से पूर्णतया घिर गए हैं। जबकि सुंदरनगर और बेलहरी गांव के लोग पलायन कर तटबंध पर शरण ले रहे हैं। राजकुमार, मनीष, आनंद मिश्रा, श्यामू आदि का कहना है की यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो देर रात तक हालात और बेकाबू हो सकते हैं। वहीं ट्रैक्टर और बाढ़ के पानी से होकर गांवों में पहुंचे तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह व नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने बाढ़ पीड़ितों से गांव छोड़ने की अपील की है। तटबंध पर शरण लिए लोगों को भोजन, बिजली और शौचालय आदि की व्यवस्था करवा दी उधर बेलहरी गांव में रामकृपाल, छंगालाल, नकछेद, मनीराम, राजेंद्र प्रसाद, रामचन्द्र, रामशंकर के सात पक्के घर नदी में समा गए हैं।

### गिरजा व बनबसा बैराजों से छोड़ा गया पानी

**रामनगर प्रतिनिधि** के अनुसार पड़ोसी देश नेपाल के पहाड़ी इलाकों में भारी जल वर्षा के चलते गिरजा व बनबसा बैराजों से छोड़े गए 5 लाख क्यूसेक पानी के चलते सरयू नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। जिसके चलते नदी की तलहटी में बसे दर्जनों गांव के ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गयी हैं। शनिवार को सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106 .07 से बढ़कर 67 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। नदी का जलस्तर लगातार दो सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। बढ़ रहे जलस्तर के चलते पानी तलहटी क्षेत्र के तपेसिपाह, कोरिनपुरवा, परसादीपुरवा, तिवारीपुरवा, जैनपुरवा, सिसौंडा और लहड़रा सहित दर्जनों गांवों में पानी प्रवेश कर गया है। जिससे गांव के मार्गो पर पानी भर गया है तथा सैकड़ो एकड़ किसानों की खड़ी फसले जलमग्न हो गई हैं। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर लगातार लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड शशिकांत सिंह ने बताया कि नदी लगातार बढ़ रही है। जिसके मद्देनजर तटबंधों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### गांवों की ओर नदी का रुख

**सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि** के अनुसार नेपाल के बैराज से सरयू नदी घाघरा में छोडा गया लाखों क्यूसेक पानी से नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। नदी का पानी गांवों की तरफ से अलीनगर रानीमऊ तट बांध की ओर रुख कर दिया है। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, लेखपाल रामकरण आदि राजस्व टीम सनांवा, कहारनपुरवा, पासिन, टेपरा, कुर्मिन टेपरा, भौरीकोल, तेलवारी, करोनी, इटहुवा पूरब, कोठीडीहा, सिरौलीगुंग बबुरी, कुंडवा इत्यादि गांवों में पंहुच कर ग्रामीणों को अलर्ट किया एंव सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया है कि बाढ चौकियों का निरीक्षण कर एलर्ट कर दिया गया है। बाढ चौकी पर तैनात राजस्व कर्मियों को बाढ की स्थिति की अपडेट तहसील कन्ट्रोल रूम को देते रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर राम आशीष आदि उपस्थित रहे।

## जांच में मिली एक्सपायरी नमकीन, नष्ट कराई



जांच करती टीम। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मिलावटी व एक्सपायर्ड नमकीन बिक्री पर रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शनिवार को नमकीन बनाने वाली इकाईयों की जांच की। इस दौरान 735 किलो अनुपयोगी नमकीन नष्ट कराई गई। नमकीन सीज कराने के साथ ही तीन नमूने जांच के लिए भेजे गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय के नेतृत्व में शनिवार को जांच की गई। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी स्थित नमकीन निर्माता ईकाई टोटल स्वीट्स स्नैक्स सॉल्यूशन में लगभग 700 किलोग्राम दूषित व एक्सपायरी नमकीन को नष्ट कराया गया एवं हल्दी, मिर्च, बूंदी व नमकीन का नमूना लिया गया। आलापुर में लगभग 35 किलोग्राम नमकीन नष्ट कराते हुए 240 किलोग्राम नमकीन सीज किया गया व तीन नमूने लिए गए।

## सार-संक्षेप

### लोक अदालत में डेढ़ लाख से अधिक वादों का निस्तारण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, आनंद कुमार एडीजे प्रथम, अनिल कुमार शुक्ल एडीजे द्वितीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। लोक अदालत में राजस्व, बैंकों, विभिन्न विभागों एवं सिविल कोर्ट बाराबंकी के समस्त न्यायालयों द्वारा समग्र रूप से कुल 1,51,122 मामलों का निस्तारण कर 251820692 रुपए अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराया गया। उक्त निस्तारित मामलों में सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 15833 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 33306641 रुपए अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप वसूल किया गया। प्री-लेटिगेशन स्तर पर राजस्व विभाग, बैंकों, विभिन्न विभागों के कुल135349 मामलों का निस्तारण करते हुए 218514051 रुपए धनराशि वसूल की गई।

### पीएम आवास की नींव तक नहीं खुदी, फटकार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम शहरी आवास योजना के तहत आवंटित आवासों के प्रगति की समीक्षा के लिए हैदरगढ़ पहुंचे राज्य नगरीय विकास अभिकरण के अधिकारी उस समय आश्चर्य चकित रह गए जब कई लाभार्थियों के आवासों की नीव तक खुदी नहीं देखी। इस पर विभागीय अवर अभियंता को फटकार लगाई। डीएम के निर्देश पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण के अधिकारी संतोष विश्वकर्मा की जांच टीम नगर के विभिन्न मोहल्लो में पहुंची और प्रगति की हकीकत देखी।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रही राष्ट्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा संपन्न हो गई। मुख्य अतिथि डीएम सत्येंद्र कुमार का स्कूल समिति के उपायुक्त बीके सिन्हा ने स्वागत किया। इस मौकेपर विधायक दिनेश रावत व एसपी दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित वीएस चौहान ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### कार की टक्कर से छात्रा की हालत गंभीर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कार ने स्कूल से घर जा रही छात्र को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। नगर के पटेल चौराहे पर अनियंत्रित कार ने सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अर्पिता कुमारी को टक्कर मार दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने की दी हिदायत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने हटाने की हिदायत दी है। पांच दुकानदारों पर जुर्माना लगाया है। अधिकारी ने शुक्रवार को कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान कई दुकानदार बाहर सामान लगाए देखे गए। पांच दुकानदारों से 2100 का जुर्माना भी वसूला गया।

### हैंडपंप रिपेरिंग का पूर्व प्रधान नहीं दे रहे पैसा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत ग्राम देवीगंज मजरे सूरजपुर निवासी इंडिया मार्का हैंडपंप रिपेयरिंग मिस्त्री को पूर्व प्रधान द्वारा उसका 333 नलों की रिपेयरिंग का बकाया न दिया जाने पर उसने शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम से की। शिव शंकर ने कोतवाली रामसनेहीघाट में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि पूर्व प्रधान पारसनाथ उर्फ परसू के कहने पर 2021, 2022, 2023 में गांवों में लगे 333 नलों की मरम्मत का कार्य किया था। कुल मजदूरी 99900 रुपये बनती है। कई बार पूर्व प्रधान से रुपए मांगने घर गया तो मजदूरी देने से मना कर दिया।

### युवक बेहोश होकर गिरा, मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** अखैयापुर गांव में शनिवार को कोचिंग सेंटर पढ़ने गये युवक की बेहोश होकर गिरने से मौत हो गई। गांव निवासी रवींद्र कुमार (22) त्रिवेदीगंज चौराहे पर एक कोचिंग सेंटर पर कोचिंग कर रहा था। जहां अचानक गिरकर बेहोश हो गया। कोचिंग संचालक ने उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के नामित किए गए प्रभारी मंत्री 17 सितंबर को जिले के भ्रमण पर आ रहे हैं। जिला प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा ग्राम पंचायत नसीरनगर में होने वाली चौपाल व स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारम्भ को लेकर शनिवार को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे एवं अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत नसीरनगर में चौपाल का आयोजन करेंगे तथा स्वच्छता ही सेवा है अभियान का शुभारम्भ करेंगे तथा प्राथमिक विद्यालय चंदनपुरवा का निरीक्षण करेंगे।

### बोल्ट इंफोटेक ने प्रदेश के टॉप टेन स्टार्टअप में बनाई पहचान




सम्मानित होते स्टार्टअप के संस्थापक। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** बोल्ट इन्फोटेक (आईटी और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट स्टार्टअप) ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप्स में अपनी अलग पहचान बनाई है। 13 सितंबर को लखनऊ के होटल हयात रीजेंसी में फोर्ब्स इंडिया द्वारा अयोजित स्टार्टअप बिजनेस समिट में अपने उत्कृष्ट नवचार और विकास के लिए आलोक कुमार प्रमुख सचिव द्वारा सम्मान दिया गया। संस्था की स्थापना वर्ष 2018 में हुई है। संस्था का उद्देश्य नई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी (क्लाउड ईआरपी और मोबाइल ऐप) की सहायता से स्कूलों को डिजिटाइज़ करना है। हाल ही के वर्षो में बोल्ट इन्फोटेक ने जिले के अलावा लखनऊ, लखीमपुर, अयोध्या और आस पास के लगभाग 100 से ज्यादा स्कूलों को डिजिटाइज कर दिया है।

### बोर्ड की बैठक में छाया नए वार्डो में साफ-सफाई का मुद्दा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नपं की बोर्ड बैठक में एसडीएम की उपस्थिति में नपं में शामिल नए वार्डो में साफ का मुद्दा छाया रहा। सभासदों ने वार्डो में कराए जाने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने कहा नपं के सीमा विस्तार के बाद जो गांव शामिल हुए हैं, उनमें मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कई विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव हो चुका है। नपं की सीमा में स्टेडियम पार्क बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में नालापार दक्षिणी, फैय्याजपुर, ब्राम्हणी टोला, कटघरा लहसी, दशरथपुर में नालियों के निर्माण के साथ जिन मार्गों का निर्माण नहीं हो सका है, उनको कराने का भी प्रस्ताव शामिल किया गया। इस दौरान सभी वार्डो के सभासदों ने 21 कार्यों के प्रस्ताव दर्ज कराए। एसडीएम ने कहा जो भी विकास कार्य कराया जाए, वह मानक के अनुरूप हो।

# डीएम-एसपी ने देखी केला व धान की खेती



प्रगतिशील किसान नवनीत वर्मा के धान के खेत में मौजूद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार:** छुट्टी के बावजूद अपने कार्यक्रम संग डीएम ने ग्राम तेजवापुर में किसानों से संवाद के अतिरिक्त थाना दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। इसके पूर्व उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें यातायात के नियमों से अवगत कराया।

पूर्व मावि तेजवापुर में पहुंचे डीएम सतेन्द्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह सीधे छात्रों के कक्ष में प्रवेश कर गये। यहां उन्होंने छात्रों से संस्कृत की शिक्षा पर सवाल जबाव किए। इसके बाद वे मीना मंच की शिक्षा देते समय सीधे कक्ष में पहुंचे।

मंच पर पहुंचे डीएम ने सीधे किसानों की ओर रुख करते हुए कृषक परिचर्चा पर पराली प्रबंधन गोष्ठी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत की। केला व टमाटर की फ़सल के लिए पहचान बना चुके नवनीत वर्मा से फ़सल प्रबंधन पर चर्चा की। संग्राम सिंह व हरिश्चंद्र सिंह से ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में जानकारी ली। धान व गेहूं की खेती के लिए पहचान बनाने वाले प्रगति शील किसान मंशा राम यादव से भी परिचर्चा की। इस अवसर पर नीतेश भोडले, रजित राम, अतुल अवस्थी, सहायक आयुक्त सहकारिता निबंधक लोकेश त्रिपाठी, तहसील दार हैदरगढ़ सीमा भारती, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अश्विनी सिंह, डॉ. समीर, डॉ. भास्कर सहित भारी पुलिस बल व स्थानीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पगचिन्ह से सियार की हुई पुष्टि

**निंदूरा, बाराबंकी:** छिलगवां में एक बार फिर जंगली जानवर ने ग्रामीणों व एक मवेशी पर हमला कर दिया था। हमले में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए थे। वहीं शोर होने पर ग्रामीण पहुंचे और जंगली जानवर को घेरकर मार डाला। अगले दिन शनिवार को सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। उसने सियार होने की पुष्टि कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घुंघटेर थाना क्षेत्र के आसपास गांवों मे कई दिनों से जंगली जानवरों का झुंड दिख रहे है। गुरुवार रात को छिलगवां गांव निवासी आफताब पर एक जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। आफताब शाम को लघुशंका के लिए खेत गया था। शुक्रवार सुबह जंगली जानवर ने इसी गांव निवासी शिवकुमार गौतम, उनकी पत्नी व एक मवेशी पर हमला कर दिया था।

# मित्र बनी पुलिस तो दूर हुई किसान की पीड़ा

सचिन कुमार, सतरिख



फरियाद सुनते प्रभारी निरीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नातिन की शादी करने के लिए महिला किसान ने अपनी जमीन बेची। खरीदार की नीयत डोली और उसने अतिरिक्त जमीन कब्जा ली वहीं बिक्री के एवज में दो लाख रुपये कम भी दिए। दो साल से न्याय के लिए टहल रही महिला के सामने पौत्र के दिल में छेद होने की समस्या खड़ी हो गई। आपरेशन की तारीख तय है पर हाथ में रुपया नहीं। पीड़िता के पति ने पुलिस से गुहार लगाई तो पुलिस ने मित्रवत व्यवहार कर न सिर्फ अतिरिक्त जमीन से तत्काल कब्जा छुड़वाया बल्कि बैंक खुलते ही बकाया रुपया दिलवाने का आश्वासन भी दिया। किसान की पीड़ा अब संतोष में बदल गई। वह मित्र पुलिस की तारीफ कर रहा है।

मलौली मज़रे बरकतनगर निवासी तेजरानी पत्नी सभाजीत ने करीब दो साल पहले नातिन सीनिल के विवाह के लिए 12 विस्वा जमीन जमीन 7 लाख 20 हज़ार में गांव के ही ओमप्रकाश को बेची थी। ओम प्रकाश ने अपने पुत्रों के नाम जमीन का बैनामा करा लिया था, उसके बाद 12 विस्वा जमीन के बाजाय 14 विस्वा जमीन पर कब्ज़ा कर लिया। उसने किसान को 5 लाख 25 हज़ार दिए जबकि दो लाख रोक लिए। महिला किसान दो साल से जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराने व बकाए के लिए ठोकरें खा रही है। बताया जा रहा कि महिला किसान के पोते रुद्रांश के दिल में छेद है। 18 सितम्बर को उसका ऑपरेशन होना है। इलाज के लिए रुपये नहीं हैं। शनिवार को किसान फरियाद लेकर थाने पंहुचा और प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया से मिलकर अपनी समस्या बताई। समस्या सुन मित्र पुलिस दिल पसीज़ गया, उन्होंने फरियादी को चाय पिलाई और फ़ौरन लेखपाल चंद्रसेन और चौकी इंचार्ज मोहद्दीपुर जितेन्द्र राज को मौके पर भेज कर किसान की अतिरिक्त जमीन को कब्ज़ा मुक्त करा दिया।

# पकड़ी गई फर्जी बीमा कंपनी, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बाराबंकी में एक और फर्जी बीमा कंपनी पकड़ी गई है। इस कंपनी के एजेंट डेढ़ गुना ब्याज का लालच देकर खाते में रुपया जमा करवा रहे थे। करीब 13 सौ से अधिक लोगों से 12 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए लेकिन एक रुपया भी वापस नहीं दिया। राज तब खुला जब दो लोगों ने इनकी चोरी पकड़ी और रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और पूरा गैंग दबोच लिया। पुलिस ने एलआईसी भवन के पास चल रहे कार्यालय से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से पासबुक, डायरी व कम्प्यूटर सेट बरामद किया है।

बताते चलें बच्चालाल पुत्र शिवदास व मीरा देवी पत्नी वेद प्रकाश व कुछ अन्य लोगों ने थाना कोतवाली में शिकायती पत्र दिया कि रेखा देवी ने खुद को रिच डायमंड इण्डिया लिमिटेड की एजेंट बताकर अपने साथियों से मिलकर अधिक ब्याज का लालच देकर रुपये जमा कराए, जबकि पूरे रुपयों को अभिलेखों में न दिखाकर कम दिखाये गये। शनिवार को एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने धोखाधड़ी करने वाले पांच अभियुक्तों एजेंट रेखा उर्फ धर्मावती, निदेशक शैलेन्द्र कुमार वर्मा, शाखा प्रबंधक सौरभ वर्मा, कार्यालय सहायक उपेन्द्र कुमार व फील्ड वर्कर अंकित कुमार यादव पुत्र रामहर्ष निवासी मोहिद्दीनपुर थाना जहांगीराबाद को आवास विकास में एलआईसी बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे व निशांदेही से 28 पासबुक, 7 डायरी व एक कम्प्यूटर सेट बरामद हुआ। पूछताछ से पता चला कि यह सभी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एल.आई.सी. आफिस के निकट आवास विकास स्थित सांई प्लाजा में रिच डायमण्ड इण्डिया लिमिटेड के नाम से फर्जी कम्पनी बनाकर जनता के भोले भाले व कम पढ़े लिखे लोगों को डेढ़ गुना ब्याज का लालच देकर खाता खुलवाने के पश्चात पैसा जमा कराते हैं। लोगों से जो पैसा प्रति महीना जमा किया जाता है उसे अभिलेखों में कम अंकित करते हैं। इन लोगों ने कूटरचित दस्तावेज बनाकर अभी तक 1200-1300 लोगों से पैसा जमा कराया, किन्तु किसी को भी पैसा वापस नहीं किया गया।

# सट्टी बाजार कहीं और लगाने को लेकर की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



पवन कुमार जैन।



आर.जगत साईं।

**अमृत विचार:** शहर में लगने वाली सट्टी बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के चल रहे प्रयासों के क्रम में शनिवार को व्यापारियों की बैठक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई। इस दौरान स्थानांतरित होने वाले संभावित स्थानों पर बात की गई। कई जगहें सुझाई गईं हैं, आगे किसी एक का चयन कर बाजार वहीं पर लगवाई जाएगी। बाजार पुराने स्थान से हटाए जाने पर आम सहमति बन गई है।

बताते चलें कि शहर में फजर्लुरहमान पार्क से घंटाघर पर लगने वाली सट्टी बाजार का दायरा काफी बढ़ गया है। समय बीतने के साथ अब यह बाजार धनोखर चौराहे तक पहुंच गई है। शुक्रवार को लग रही इस बाजार की वजह से आमजन को तो दिक्कतें उठानी ही पड़ रहीं, साथ ही यह अतिक्रमण की वजह भी बन गई है। आपात स्थिति में कोई भी वाहन बाजार से गुजरना संभव नही है। इन्ही हालातों को देखते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने एसडीएम आर जगतसाईं को मौके पर जाकर जायजा लेने व अपेक्षित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को बाजार के दिन एसडीएम सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ल आदि के साथ बाजार का भ्रमण किया और अतिक्रमण न करने की ताकीद की। इसके बाद शनिवार को अलग अलग व्यापारी संगठनों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में एसडीएम आर. जगतसाईं की व्यापारियों से वार्ता हुई। जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पवन कुमार जैन ने बताया कि एसडीएम की मौजूदगी में सार्थक बातचीत हुई, कुछ जगहों के नाम सामने लाए गए हैं। निर्णय होते ही सट्टीबाजार स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। आमजन के हित को देखते हुए यह काम जरूरी भी है। इससे शहर वासियों और हम व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही सट्टी बाजार में आने वाले व्यापारियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

# संघ की सर्वोपरिता राष्ट्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 बरस का होने जा रहा है। संघ संप्रति दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। दुनिया का कोई भी देश ऐसा स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया। डॉ. हेडगेवार ने इसकी स्थापना विजयदशमी (सन 1925) के दिन की थी। तब से अब तक हजारों झंझावात झेलते हुए संघ लगातार सक्रिय है। संघ की कार्य पद्धति विशिष्ट है इसके बारे में कम लोग जानते होंगे। कई स्वयंभू विद्वान संघ को ब्रेनवाश कर देने वाला संगठन मानते हैं। कई इसे सांप्रदायिक भी कहते हैं। केवल कहते ही नहीं संघ का विरोध करने के लिए हिन्दू विरोधी तमाम घटनाओं में संघ की साजिश बताते हैं,लेकिन संघ अपने सेवा कार्यों में संलग्न रहता है। सो डॉ. हेडगेवार द्वारा रोपा गया बीज अब विराट वृक्ष बन गया है।

संघ और भाजपा के रिश्तों पर बहसें चलती हैं। तब भाजपा का नाम जनसंघ था। देश की राजनीति में तुष्टिकरण था। अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने भारतीय स्वाधीनता की घोषणा (20-2-1947) की। मुस्लिम लीग की अलग मुल्क की मांग पर युद्ध जैसी आक्रामकता थी। कट्टरपंथी अलगाववाद को तुष्टिकरण का पुष्टाहार मिला। देश बंट गया। हजारों लोग मारे गए। महात्मा गांधी की भी हत्या हुई। संघ पर प्रतिबंध लगा। पाकिस्तानी कबाइली हमला (1948) हुआ। तत्कालीन राजनैतिक दल व नेता राष्ट्रवाद से दूर थे। हिन्दुओं के मर्म से दूर थे। एक राष्ट्रवादी दल की आवश्यकता थी। श्री गुरुजी की प्रेरणा से भारतीय जनसंघ की स्थापना (1951) हुई। जम्मू कश्मीर के दो निशान, दो प्रधान, दो विधान का विरोध, गोवध निषेध और समान नागरिक कानून जैसे राष्ट्रवादी मुद्दे गरमाए। सरसंघचालक गुरु जी ने गोवध निषेध व हिन्दू श्रद्धा स्थान को नष्ट करने की प्रवृत्ति पर लिखते (1952) हुए कहा, "गाय अनादि काल से आराध्य है। समाज विजेता के उन्माद में पराजित जाति को अपमानित करते हुए श्रद्धा स्थानों को नष्ट करना, धन, मान लूटना, मानो विजय आनंद लेना है।" तिब्बत पर चीनी कब्जा हुआ गुरु जी ने इसे हृदय विदारक (18 मई 1959) बताया।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।"

भारत पर चीन का हमला 1962 में हुआ था। तत्कालीन सरसंघचालक ने दिल्ली में कहा था, "सेना के लोगों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनके परिवारों की सहायता करनी चाहिए। जाति, भाषा और राजनीति सहित सभी मतभेदों को हृदय से हटाएं। हमारा समूचा राष्ट्र और उसके सामने खड़ा शत्रु,केवल इतना ही ध्यान में रखें।" संघ चीन युद्ध के दौरान सरकार के साथ था। राजनैतिक दलों व संघ के ध्येय व लक्ष्यों में भी अंतर है। संघ की दृष्टि में पृथ्वी माता है। भारत माता है। संघ के लोग इसी सेवा में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लिया था,लेकिन राहुल गांधी ने संघ के संबंध में अपनी समझ में एक मजेदार टिप्पणी की है। उनकी इस टिप्पणी की खासी चर्चा है। उन्होंने कहा है कि, "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुछ मतों व भाषाओं को कमतर आंकता है। राहुल गांधी की टिप्पणी निराधार है। राहुल गांधी ने कुछ समय पहले संघ को समझने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि संघ से सीधी लड़ाई लड़ने के लिए उपनिषद और गीता पढ़ेंगे। आलोचना बुरी नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को आलोचना का अधिकार है,लेकिन संघ कार्य पारदर्शी है। कह सकते हैं कि संघ एक ओपन यूनिवर्सिटी है। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास व अभ्युदय के लिए संघ के स्वयंसेवक सदा तत्पर रहते हैं। नासमझी में अनेक सुशिक्षित विद्वान भी संघ के आलोचक हैं। तुष्टिकरणवादी वोट बैंक के कारण संघ की निंदा करते हैं।

राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं,जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।" खुशवंत सिंह ने 'आरएसएस एंड हिन्दू मिलिटरिज्म' के हवाले से कई सवाल पूछे। ईसाइयों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गुरु जी ने कहा, "धर्मांतरित करने के तरीकों के अलावा हमारा उनसे कोई विरोध नहीं है।" मुसलमानों के बारे में कहा कि, "मुसलमानों को भारतीयता के प्रवाह में मिल जाना चाहिए।" ईरानी मूल के पत्रकार डॉ. जिलानी से कहा, "पाकिस्तान ने पाणिनि की 5000 वीं जयंती मनाई है। पाणिनि पूर्वज हैं। भारत के मुसलमान पाणिनि, व्यास और वाल्मीकि आदि को महान पूर्वज क्यों नहीं मानते? भारतीय राष्ट्रवाद प्राचीन धारणा है। यहां राष्ट्र संस्कृति आधारित है। इस राष्ट्रवाद के स्रोत वैदिक वांगमय में हैं। ऋग्वेद, अथर्ववेद में राष्ट्र शब्द की आवृत्ति कई बार हुई है। स्वयंभू विद्वान स्वाधीनता संग्राम के दौरान विकसित राष्ट्रभाव को अलग मानते हैं और सनातन राष्ट्रवाद को कमतर। स्वाधीनता आंदोलन हर तरह से प्रत्येक भारतवासी को प्रिय है। स्वाधीनता आंदोलन के आदर्श व मूल्य आदर योग्य हैं।

दुर्भाग्य से भारत को आजादी मिलने के बाद नए सत्ताधीश राष्ट्रवाद से पृथक हो गए। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखी गई अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की कविता 'वंदे मातरम' के एक हिस्से को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत घोषित किया था,लेकिन स्वाधीनता के बाद अनेक पंथिक मजहबी संस्थाओं ने वंदे मातरम गाने से इंकार किया, लेकिन संघ के कार्यक्रमों में वंदे मातरम प्रशंसा पूर्वक गाया जाता है। आज भारत के कोने-कोने में वंदे मातरम का गान होता है। वंदे मातरम गाने से इंकार करने वाले संगठन अकड़ते रहे। संघ ने सबको साथ लेते हुए भारतीय राष्ट्रवाद को सर्वोपरि बताया है। सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान देने की परंपरा संघ ने यत्र तत्र सर्वत्र प्रसारित की। संघ की सांगठनिक क्षमता बड़ी है। उच्च शिक्षित युवा संघ कार्य को राष्ट्रीय दायित्व मानते हैं। वे उच्च शिक्षा से प्राप्त अवसरों की चिंता नहीं करते। वे घर परिवार छोड़कर संघ कार्य में जुटते हैं। वे संघ का अनुशासन मानते हैं और देश के लिए काम करते हैं। संघ राजनैतिक दल की तरह मेंबरी नहीं कराता। संघ के पास सैकड़ों पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। दुनिया का कोई भी देश ऐसे सुशिक्षित समर्पित कार्यकर्ताओं का स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया।

आने वाली विजयादशमी के दिन संघ 100 बरस का हो जाएगा। संघ शाखा पर प्रार्थना में लक्ष्य सुस्पष्ट हैं। परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं, समर्था भवत्वाशिषा ते भृशम्-यहां राष्ट्र का परम वैभव ही संघ का लक्ष्य है। संघ के कार्यकर्ता सुबह उठते ही भारत भक्ति स्तोत्र पढ़ते हैं। इस स्तोत्र में अनेक महापुरुषों के मध्य डॉ.आंबेडकर को भी प्रणाम किया गया है। जाति-पाति, पथ, मत और मजहब से भिन्न राष्ट्र की सर्वोपरिता संघ की मान्यता है। संघ कार्य देश के सनातन विचार प्रवाह का हिस्सा है। राष्ट्रवाद से ओत प्रोत कार्यकर्ताओं का निर्माण होता रहता है। संघ राष्ट्रवादी संस्कार देने के काम में संलग्न है। संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं।

# भाषाओं का भविष्य

हिन्दी दिवस के अवसर पर किसी ने कहा था, 'हिन्दी की विजय हुई है, इसका जश्न मनाया जा रहा है।' हिन्दी ने किस पर विजय प्राप्त की है, इसने किसे पराजित किया है? वह हिन्दी जिसने बलात किसी पर विजय पाकर अपनी जगह बनाई है, वह हमारी हिन्दी नहीं है। मेरा ख्याल है कि हिन्दी दिवस को भारतीय भाषाओं के आत्मसम्मान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं का 21 वीं सदी के नए दौर में एक साथ उत्थान होना है या इन्हें एक साथ अप्रासंगिक हो जाना है। इनका विकास परस्पर निर्भर है। भारतीय भाषाओं के भविष्य के साथ ही हिन्दी का भविष्य जुड़ा हुआ है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिन्दी और भारतीय भाषाओं की अपने देश में हालत यह है कि कस्टमर केयर वाले कहते हैं कि अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर एक दबाइए। अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर दो क्यों नहीं दबाया जाए? दरअसल आम लोगों के भीतर जब तक अपनी भाषा को लेकर आत्मविश्वास पैदा नहीं होगा,अपनी भाषा से प्रेम भी बढ़ नहीं पाएगा। मुश्किल है कि सारी नई चीजें, सारे ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी में लाकर सार्वभौम स्तर पर उपर्युक्त आत्मविश्वास तोड़ा जा रहा है। मानो कहा जा रहा हो, एक बाजार-एक भाषा। यह समय विविधताओं का शत्रु बना हुआ है। कोई भी भाषा तालाब नहीं है। वह चिड़िया की तरह है,जो सरहद नहीं देखती। भारत की हर राष्ट्रीय भाषा का अपना एक विश्व है,जो परस्पर आदान-प्रदान से और कठिन संघर्षों के बीच से बना है। हमें भारतीय भाषाओं के बीच आपसी भिन्नता के साथ उनके बीच संबंधों को भी पहचानना चाहिए।

साल भर पहले संस्कृति मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीजहर सरकार का एक लेख पढ़ा था। इसमें उन्होंने लिखा है, 'हिंदुत्व से भी भयंकर है हिन्दीत्व। बहुसंख्यकता के बल पर देश पर जबरदस्ती हिन्दी थोपने की कोशिश हो रही है।' कहना न होगा कि यह वक्तव्य उनकी राजनीतिक दरिद्रता का प्रमाण है, वे 'आमरा बंगाली' की भाषा में बात करते रहे हैं।

सभी जानते हैं कि खुद संविधान किसी भी प्रदेश पर हिन्दी थोपने के विरुद्ध है, पर जो अंग्रेजी थोपे जाने या अंग्रेजी वर्चस्व के विरुद्ध हैं, उन्हें अपनी भाषा में ज्ञान पाने तथा काम करने का अधिकार क्यों नहीं है? अंग्रेजी वर्चस्व के विरोध का अर्थ निश्चय ही अंग्रेजी में ज्ञान प्राप्त करने या जहां जरूरी है,वहां अंग्रजी में काम करने का विरोध नहीं है।

हिन्दी की दुनिया में हिन्दीत्व जैसी चीज नहीं है और हिन्दी को किसी को पराजित करके अपना स्थान नहीं बनाना है। हिन्दी कई भाषाओं और बोलियों का सामूहिक निर्माण है। इसकी प्रकृति में ही असीम खुलापन, उदारता और मिश्रणशीलता है। रामानंद ने दक्षिण के रामानुजाचार्य को, सूरदास ने दक्षिण के वल्लभाचार्य को, भारतेंदु ने बांग्ला के विद्यासागर को, निराला ने रवींद्रनाथ को कभी गैर नहीं माना। नजीर अकबराबादी की भाषा कहां हिन्दी और कहां उर्दू है, तय करना मुश्किल है। हम हिन्दी के लोगों ने सैकड़ों साल से वर्चस्व ( हेजीमनी) और सामंजस्य (हार्मनी) में हमेशा सामंजस्य चुना है। पूरे भारत में तो निश्चित रूप से, खुद हिन्दी संसार में भी बोलने के टोन, विश्वासों और रुचियों की विविधता है। यह विविधता दीवारों वाली नहीं खिड़कियों वाली है।

हिन्दी की प्रकृति में ही सामंजस्य है, हार्मनी है। हार्मनी की भावना संगीत के सात सुरों सरीखी होती है-अंतर निर्भर। हार्मनी में आनंद है, वर्चस्व पीड़ा देता है। मुझे यही कहना है इस सुखवादी आधुनिक संसार में, 'मनी' के साथ थोड़ी 'हार्मनी' की भी चिंता करें। परस्पर सद्भाव से ही भारतीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध और अंतरजातीयता विकसित की जा सकती है। हिन्दी पर आक्रामक हिन्दीत्व का आरोप या हिन्दी की विजय का मिथ्या दंभ वस्तुतः एक न एक किस्म के अंध राष्ट्रवाद की ही देन है।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पैक्स

दुनिया भर में 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025' के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पैक्स अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए



शाजी के.वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था,जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पैक्स के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।

शाह ने पैक्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पैक्स की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर, उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे-बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पैक्स ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पैक्स अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पैक्स की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एसआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार सहकारी समितियों के बीच सहयोग एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है, जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी। सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है।

इस योजना का उद्देश्य पैक्स स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां और अन्य कृषि अवसंरचनाएं बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। चूंकि पैक्स ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पैक्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है,वहीं इससे करीब 1 लाख पैक्स से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

## हिन्दी दिवस का पाखंड पर्व

हिन्दी की विशेषताओं के बारे में जितना कुछ कहा जा सकता है, आपने अब तक पढ़-सुन लिया होगा। आज हमारी हिन्दी जिन कुछ कमियों की वजह से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपेक्षित गौरव हासिल नहीं कर पाई है,उनकी बात कोई नहीं करेगा।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह सही है कि देश-दुनिया में आज हिन्दी बोलने या समझने वालों की संख्या हमेशा से ज्यादा है और उसमें कुछ अच्छा साहित्य भी रचा गया है,लेकिन अर्थ और विज्ञान के इस युग में किसी भी भाषा का सम्मान उसे बोलने वालों की संख्या और उसका साहित्य नहीं, विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने और रोजगार देने की उसकी क्षमता तय करती है। आज की युवा पीढ़ी में हिन्दी के प्रति जैसी उदासीनता और अंग्रेजी के प्रति जो क्रेज है, वह अकारण नहीं है। हिन्दी में साहित्य के अलावा कुछ भी काम का नहीं लिखा गया। अगर युवा विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल, प्रबंधन, विधि की पढ़ाई करना चाहे तो अंग्रेजी के बगैर उनके पास चारा क्या है? इन विषयों पर हिन्दी में कायदे की किताब ही नहीं लिखी जा सकी,जो कुछ किताबें हिन्दी में उपलब्ध हैं,उनमें तकनीकी शब्दों के अनुवाद इतने जटिल और कहीं-कहीं हास्यास्पद है कि अंग्रेजी की किताबें पढ़ लेना आपको ज्यादा सहज लगेगा। हालत यह है कि हम में से 'हिन्दी-हिन्दी' करने वाला शायद ही कोई होगा,जो अपनी संतानों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में नहीं पढ़ा रहा हो।

हिन्दी हमारी भावनाओं की भाषा है। हम हिन्दीभाषी अपनी भाषा के प्रति जितने भावुक हैं,उतने व्यावहारिक कभी नहीं हुए। तेजी से भागते के इस समय में वे वही भाषाएं टिकी रह जाएंगी,जिनमें विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने की क्षमता है। इस कसौटी पर रूसी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी जैसी भाषाओं ने अंग्रेजी को चुनौती दी है। हिन्दी ही नहीं, अपने देश की तमाम भाषाएं इस दौड़ में पीछे छूट गई हैं। यकीन मानिए कि अगर अगले कुछ दशकों में हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में विकसित नहीं किया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे गंवारों की भाषा कहकर खारिज कर देंगी।

## मातृभाषा को लिखने-बोलने में शर्म क्यों

हम सभी हिन्दी दिवस मनाते तो हैं,पर विडंबना यह है कि मनाकर भूल जाते हैं। सितंबर आते ही हिन्दी की अलख चारों ओर जगने लगती है और जैसे ही हिन्दी पखवाड़ा खत्म होता है वैसे ही हिन्दी को हम फिर से भूलने लगते हैं। क्या हिन्दी दिवस मनाने भर से हमारी हिन्दी का विकास हो जाएगा या हमारी हिन्दी भाषा को सम्मान मिल जाएगा? नहीं बिल्कुल नहीं, जब तक हम हिन्दी में पढ़ना, हिन्दी में लिखना और हिन्दी में ही बोलने का संकल्प नहीं लेंगे, तब तक हमारी हिन्दी भाषा उन्नति नहीं कर पाएगी।



राजबाला धैर्य
शिक्षिका

दूसरी भाषाओं को सम्मान करना ठीक है, लेकिन अपनी मातृभाषा/राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान देना,उसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। हम कहीं भी हो किसी भी पद पर हो, हिन्दी बोलने में हमें शर्माना नहीं चाहिए। नेपाल,भूटान, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी को बहुत सम्मान दिया जाता है। फिर हम भारतवासी अपनी मातृभाषा को बोलने में लिखने में क्यों शर्म और संकोच महसूस करते हैं? आप अपनी बात हिन्दी में कहकर तो देखिए, समझना न समझना दूसरों पर छोड़ दीजिए। जब हम अपनी बात को हिन्दी में कहने पर झिझकते हैं तो दूसरों से उसको समझने की या सम्मान देने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? आज अंग्रेजी भाषा को जिस सम्मान और गर्व से समाज में देखा समझा जाता है उस गर्व-सम्मान से हिन्दी को नहीं। यदि स्कूलों की बात करें तो हिन्दी मीडियम स्कूल और अंग्रेजी मीडियम स्कूल कहकर अक्सर ही अंतर दिखाने का प्रयास किया जाता है। हिन्दी मीडियम स्कूलों को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है। जहां बहुत जरूरी है, वहां हम अंग्रेजी बोलते हैं तो चलता है,पर जहां जरूरी नहीं है हम वहां भी अंग्रेजी बोलते हैं। यह हिन्दी के साथ अन्याय ही है।

क्या अंग्रेजी बोलने से रिश्तों की अहमियत बढ़ जाती है या प्रेम बढ़ जाता है? अपनी मातृभाषा को अपने जीवन में सम्मान सहित स्थान देने पर आखिर गुरेज क्यों? हजारों साल से जो हिन्दी भाषा हम सभी भारतवासियों के जीवन में संवाद का कार्य कर रही है,उसे अंग्रेजी के कवर से ढकने की क्या जरूरत है?

# हिन्दी के प्रसार में माननीयों का योगदान

हिन्दी दिवस के मौके पर लेख लिखने की परंपरा है। अधिकतर में हिन्दी की स्थिति के मजे लिए जाने का चलन है। लोग देवनागरी में अंग्रेजी लिखकर हिन्दी की खिल्ली टाइप उड़ाते हैं। थोड़ा पढ़े-लिखे लोग परसाई जी का कथन दोहरा देते हैं-'दिवस तो कमजोर का मनाया जाता है।' इस बहाने वे घुमा-फिराकर यही कहना चाहते हैं कि हिन्दी दिवस मनाना बेकार का काम है। बंद कर देना चाहिए,लेकिन उनके कहने से क्या होता है। दिवस नहीं मानेगा तो हिन्दी के नाम पर स्यापा और गर्व कैसे होगा? राजभाषा ग्रांट कैसे ठिकाने लगेगी?

इस मौके पर हिन्दी के प्रसार में तमाम लोगों के योगदान की चर्चा होती है। फिल्मों, गानों और दीगर लोकप्रिय माध्यमों का हवाला दिया जाता है। देवकीनंदन खत्री के चंद्रकांता सीरीज लेखन के बारे में बताया जाता है कि लोगों ने उसको पढ़ने के लिए हिन्दी सीखी। इधर बेव सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई पिक्चरों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान किया है। इन फिल्मों ने गाली-गलौज और नितांत अकेले में प्रयोग की जाने वाली शब्दावली को सार्वजनिक रूप से प्रयोग करने में होने वाली झिझक मिटाने में बहुत मेहनत की है। जिस तरह हमारे देश की राजनीति ने भ्रष्ट आचरण



अनूप शुक्ल
कानपुर

माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है।



को सहज और स्वीकार्य बनाया है उसी तरह इन फिल्मों ने भी खराब मानी जानी वाली बातचीत को प्रचलित करते हुए भाषा की संपदा में इजाफा किया है। इनका योगदान भी कालजयी फिल्मों से कमतर नहीं है।

तमाम लोगों के योगदानों के अलावा राजनीति के माननीयों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान दिया है। आम बोलचाल की भाषा में अपने बयान देते हुए गाली-गलौज, गलीच और गुंडई की भाषा का प्रयोग करते हुए आम जनता को संदेश दिया है कि भाषा की गरिमा के चक्कर में पड़कर अपनी भाषा के विकास में रुकावट न पैदा करें।

कुछ महानुभावों की भाषा सुनकर उस प्रदेश के गुंडे-माफिया कहते होंगे-"माननीय, आप तो हमारे पेट पर लात मार रहे हैं। आपने तो दिन-दहाड़े हमारी भाषा का अपहरण कर लिया है। हमारी भाषा में जनता को संबोधित कर रहे हैं। हम पर दया करिए। हम किसी को धमकाते हैं तो लोग धमकने से इंकार कर देते हैं। कहते हुए-'ये भाषा तो हमारे मुखिया बोलते हैं। तुम उनकी नकल करके हमको धमकाने की कोशिश मत करो।'

माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है। ठोंकना, पेलना, गाड़ देना जैसे सभा वर्जित शब्दों को आम बोलचाल की भाषा बनाया है। बहुत काम किया है माननीयों ने। गाली-गलौज और पहले कभी गंदी समझी जाने वाली भाषा को खुलेआम प्रयोग करके जनभाषा के रूप में मान्यता दिलाई है।

गलीच माने जाने वाली भाषा को जनभाषा के रूप में स्थापित करने के अलावा माननीयों ने अपने आचरण से भाषा के व्याकरण में भी बहुत काम किया है। मुहावरों के मतलब बदलने में योगदान दिया है। कुछ दिनों तक 'गले लगना'और 'गले पड़ना' अलग-अलग माने जाते थे। उनके अर्थ अलग-अलग माने जाते थे। माननीय ने अपने आचरण दोनों के मतलब एक ही कर दिए। दोनों का मतलब 'गले पड़ना' ही हो गया।

हिंदी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार में माननीयों ने अतुलनीय योगदान किया है। उनके योगदान की हमेशा उपेक्षा की गई है। यहां जो चंद उदाहरण जो पेश किए गए वह तो माननीयों के सार्वजनिक वक्तव्यों और आचरण को देखते हुए किए गए। अपने निजी और 'तखलिया' व्यवहार में अगर उनके योगदान शामिल कर लिया जाए तो उसकी महिमा का बखान असंभव ही हो जाएगा।

अपनी भाषा के प्रसार में सभी को योगदान करना चाहिए। हमसे इतना ही हो पाया। बाकी आप भी करिए। सब कुछ माननीय ही करेंगे क्या? वो यही सब करेंगे तो जोड़-तोड़ और माननीय बने रहने के लिए जरूरी दीगर सियासी हरकतें कौन करेगा?

## हिन्दी का शत्रु कौन

जब हिन्दी को बढ़ावा देने की बात आती है, तो हिन्दी सिनेमा को श्रेय दिया जाता है। सच तो यह है कि बोलचाल की हिन्दी को लोकप्रिय बनाने में हिन्दी फिल्म उद्योग ने महत्वपूर्ण योगदान किया है,किंतु यह भी उतना ही सच है कि हिन्दी का बंटाधार करने में भी सिनेमा वालों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है।



डी पी शुक्ल
स्वतंत्र पत्रकार

उदाहरण देखिए, धंधा शब्द को फिल्म जगत ने गंदे काम के पर्यायवाची के रूप में बदल दिया, जबकि धंधा शब्द अत्यंत पवित्र है और संस्कृत के धन और धान्य से मिलकर बना है। किसी भी भाषा के विकास की पहली शर्त होती है कि वह समय के साथ स्वयं को बदले और चर्चा व चलन में आ चुके अन्य भाषाओं के शब्दों को अंगीकार करें। हिन्दी ने यह काम बखूबी किया है,अन्य भाषाओं के शब्द खुले दिल से अपनाए हैं। हालांकि कुछ भाषाविदों को दूसरी भाषाओं के शब्दों को अपनाना अखरता भी है। स्कूल, कालेज, कोर्ट, रेल, ट्रेन हों या हाजिर जवाब, असल, हकीकत, खैर, सेहत जैसे शब्द हों, ये दूसरी भाषाओं से आए और हिन्दी में खूब उपयोग किए जाते हैं। इसके बावजूद युवा पीढ़ी को हिन्दी से जोड़ने के लिए मुहिम चलाने की आवश्यकता पड़ रही है, क्यों? क्योंकि रूढ़िवादी लोगों, विशेष कर सरकार के विभिन्न विभागों में भाषा अधिकारी के पद पर लोगों ने हिन्दी को सरल बनाने की बजाय जटिल बनाने का कार्य किया है। यदि कोई आपसे पूछ ले कि परिवीक्षाधीन क्या होता है तो क्या आप बता पाएंगे? ट्रेनी के लिए सरकारी शब्द यही है। इसी तरह अधिशासी का अर्थ पूछने पर सिर चकरा सकता है,जो कार्यकारी यानी एक्जीक्यूटिव का सरकारी हिन्दी शब्द है।

एक शब्द ही क्यों,यदि कोई कहे कि मैं राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण जा रहा हूं तो आपको समझ में नहीं आएगा कि वह कहां जा रहा है। यह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानि एनआईए की सरकारी हिन्दी है। अरे भाई, जब इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी लिखा जा सकता है तो इतना जटिल बनाना जरूरी है क्या? प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अधिशासी अभियंता जैसे शब्द हिन्दी को जटिल बनाएंगे या सरल?

## एक नजर

### पांच पीपीएस अधिकारियों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने शनिवार को पांच पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। अमित सक्सेना को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू मुख्यालय को पुलिस उपाधीक्षक कुशीनगर, राजवीर सिंह गौर को पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ मुख्यालय से पुलिस उपाधीक्षक बांदा, युवराज सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर, योगेंद्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम मुख्यालय से पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, दिलीप सिंह-1 को पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर से पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अलीगढ़ स्थानांतरित किया गया है।

### कूटरचित दस्तावेज से नौकरी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 1995 से शिक्षा विभाग में परिचारक पद पर नियुक्ति पाकर नौकरी करने वाले व्यक्ति को देवरिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि गौरीबाजार देवरिया के रहने वाले हरि प्रसाद पुत्र पतरू प्रसाद के विषय में शिकायत प्राप्त हुई थी। इस दौरान डीआईओएस देवरिया से अभिलेखों की जांच कराई गई। जन्मतिथि की भिन्नता पाए जाने पर कार्रवाई की गई। हरिप्रसाद ने टीसी में अपने वास्तविक जन्मतिथि के स्थान पर कूटरचित तरीके से जन्मतिथि को कम दिखाते हुए फर्जी प्रमाण-पत्र (टीसी) तैयार करा लिया था।

### परिवीक्षा अवधि पूरी कर 16 जिला कमांडेंट हुए स्थायी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स सेवा समूह ख के जिला कमांडेंट संवर्ग के उन अधिकारियों को स्थाई करने की संस्तुति प्रदान की है, जिन्होंने निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली है। ऐसे अधिकारियों की संख्या कुल 16 है। जिन अधिकारियों को स्थाई किया गया है उनमें धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सतीश कुमार सिंह, वेदपाल सिंह चपराना, धीरेंद्र पांडेय, अंकिता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ चौधरी, राहुल कुमार, श्यामजीत शाही, नीरज कुमार शर्मा, हरिशंकर चौधरी, शैलजा एन, सिंह, ज्ञान प्रकाश, राजमणि सिंह, दिनेश कुमार पांडेय, अंतिम कुमार सिंह, विंध्याचल पाठक शामिल है।

# संगठनों की चेतावनी के बीच टेस्ट मैच की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षात्मक तैयारियों के लिए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट को जारी किए गए दिशा-निर्देश
- एलआईयू हुई सक्रिय, ले रहे पल-पल की अपडेट, यातायात की भी समीक्षा शुरू

**अमृत विचारः** हिंदू संगठन की चेतावनी के बीच पुलिस मुख्यालय ने 27 सितंबर को होने वाले भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच कराने की तैयारी शुरू कर दी है। तैयारियों को लेकर मुख्यालय ने कानपुर पुलिस कमिश्नरेट को सुरक्षात्मक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

यही नहीं टेस्ट मैच में किसी भी तरह का अवरोध न हो इसके लिए स्थानीय एलआईयू को सक्रिय कर दिया गया है, जिन्होंने हिंदू संगठनों की गतिविधियों की टोह लेना शुरू कर दिया है। बतादें कि भारत-बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर को दूसरा टेस्ट मैच प्रस्तावित है। चूंकि बांग्लादेश तनाव के दौरान वहां पर हिंदुओं के साथ अत्याचार होने की खबरें आ रही थी। इन सबके बीच हिंदू संगठनों ने कानपुर में विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, साथ ही ऐलान किया था कि बांग्लादेश की टीम का पूर्ण विरोध किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन की सूचनाओं पुलिस मुख्यालय पहुंची थी। उधर, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ उप्र. पुलिस ने भी कमर कस ली है।

### हिंदू संगठनों पर रखी जा रही नजर

मुख्यालय के अधिकारियों बताया कि पुलिस पूरी तरह तैयार है और कानपुर नगर में पुलिस सुरक्षा एवं अन्य तरह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पड़ोसी देश की टीम को रुकने एवं अन्य तरह की व्यवस्थाओं के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। हिंदू संगठनों पर भी नजर रखी जा रही है। सुरक्षात्मक तैयारियों के लिए बोर्ड एवं एसोसिएशन से जुड़े अधिकारियों से लगातार समन्वय किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम और यातायात प्रबंधन के लिए भी विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार कर ली गई है। खुफिया इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस अधिकारी उन संगठनों के भी संपर्क में हैं, जिन्होंने बांग्लादेश टीम के आगमन पर विरोध की घोषणा की है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा धमकी के बावजूद स्थल बदलने की कोई योजना नहीं है।

## लखनऊ से कुआलालंपुर के लिए उड़ान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊः** एयर एशिया मलेशिया ने आयोजित एक समारोह में लखनऊ व मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच पहली उड़ान का उद्घाटन किया। एयर एशिया एविएशन समूह की सहयोगी कंपनी एयर एशिया मलेशिया द्वारा संचालित उड़ान ने 165 यात्रियों के साथ उड़ान भरी। एयर एशिया मलेशिया लखनऊ से परिचालन शुरू करने वाली एयर एशिया एविएशन ग्रुप की दूसरी एयरलाइन बन गई है। सप्ताह में तीन बार की इस उड़ान के जुड़ने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 157 हो गई है।

# गोरखनाथ के पदों - दोहों में सामाजिक समरसता



गोरखपुर में आयोजित संगोष्ठी में पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने कहा-देश ही नहीं विदेशों में भी है हैं नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न

**अमृत विचारः** महायोगी गुरु गोरखनाथ की शब्दियों, पदों और दोहों में समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता की ही बात है। यहां तक कि मलिक मुहम्मद जायसी ने भी कहा है, 'बिनु गुरू पंथ न पाइये, भूलै से जो भेंट, जोगी सिद्ध होई तब, जब गोरख सौं भेंट।' संत कबीरदास जी भी उनकी महिमा का बखान करते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग निगम नियोग सों।'

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में आयोजित एक संगोष्ठी में कही। इस दौरान डॉ. पद्मजा सिंह द्वारा रचित पुस्तक 'नाथपंथ का इतिहास', अरुण कुमार त्रिपाठी की पुस्तक 'नाथपंथ की प्रवेशिका' तथा महायोगी गुरु गोरक्षनाथ शोधपीठ की अर्धवार्षिक पत्रिका 'कुंडलिनी' का विमोचन भी किया। उन्होंने बताया कि पीताम्बर दत्त जी ने गोरखवाणी को संकलित किया और इसके लिए उन्हें हिंदी में डी. लिट् की उपाधि प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न सिर्फ देश के हर कोने में ही नहीं हैं बल्कि विदेशों में भी हैं। मुख्यमंत्री ने नाथपंथ की परंपरा से जुड़े चिह्नों के संरक्षण और उसे एक म्यूजियम के रूप में संग्रहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु गोरखनाथ शोधपीठ इस दिशा में पहल कर सकता है।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी और अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने विस्तार से नाथपंथ की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव भाषा एवं हिंदुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल आदि शामिल थे। संचालन आयोजन सचिव संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी ने किया।

### पद्धतियों के दिए उद्धरण

सीएम योगी ने समाजिक समरसता और समतामूलक समाज को लेकर संतों की पद्धतियों, साहित्य के कुछ उद्धरण भी दिए। उन्होंने कहा कि संत रामानंद जी ने उपासना विधि की एक विशिष्ट पद्धति को बढ़ाया लेकिन छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया। एक तरफ रविदास उनके शिष्य थे तो दूसरी तरफ कबीरदास।

# 13 जिलाधिकारी बदले, नवीन बने सिंचाई सचिव

## 29 आईएएस अफसरों के हुए तबादले, संजीव मौर्या बने नगर आयुक्त बरेली, अयोध्या के सीडीओ बने कृष्ण कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली की नगर आयुक्त निधि गुप्ता पहली बार बनीं जिलाधिकारी

**अमृत विचारः** शासन ने 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। राजस्व विभाग से सचिव समेत राहत व चंकबदी आयुक्त नवीन कुमार जीएस को सचिव सिंचाई बनाया है। इसी के साथ 13 जिलाधिकारी, तीन नगर आयुक्त व तीन सीडीओ बदल दिए गए हैं। बरेली की नगर आयुक्त निधि गुप्ता पहली बार जिलाधिकारी बनीं हैं उन्हों अमरोहा में तैनाती दी गई है। जबकि सीडीओ बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली बनाया गया है।

शासन से शुक्रवार देर रात हुए आदेश के अनुसार कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र को निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आगरा के जिलाधिकारी रहे भानु चंद्र गोस्वामी को प्रभारी राहत आयुक्त, प्रभारी चकबंदी आयुक्त व विशेष सचिव राजस्व की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सचिव राजस्व, राहत आयुक्त व चकबंदी आयुक्त रहे नवीन कुमार जीएस को सिंचाई विभाग में सचिव बनाया गया है।

तबादला आदेश में 13 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। मैनपुरी के जिलाधिकारी पद से अविनाश कृष्ण सिंह को हटाकर प्राविधिक शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक बनाया गया है, जबकि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। आजमगढ़ के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को इसी पद पर कुशीनगर भेजा गया है, यहां तैनात उमेश मिश्रा को जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर बनाया गया है। जबकि अरविंद मलप्पा बांगरी को मुजफ्फरनगर से आगरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज से हटाकर आजमगढ़, रविंद्र सिंह को शामली से फतेहपुर और रवींद्र कुमार मंदर को जौनपुर से प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया है।

विशेष सचिव नगर विकास धर्मेंद्र प्रताप सिंह को जिलाधिकारी शाहजहांपुर, विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास डॉ दिनेश चंद्र को जिलाधिकारी जौनपुर, फतेहपुर की जिलाधिकारी इंदुमति को विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान को जिलाधिकारी शामली, फिरोजाबाद के नगर आयुक्त घनश्याम मीना को जिलाधिकारी हमीरपुर और यहां जिलाधिकारी रहे राहुल पांडेय को इसी पद पर हाथरस की जिम्मेदारी दी गई है। नगर आयुक्त बरेली निधि गुप्ता वत्स पहली बार अमरोहा की जिलाधिकारी बनाई गई हैं। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म, अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को विशेष सचिव पंचायती राज, हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, मेरठ के नगर आयुक्त अमित पाल को उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण, विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म डॉ मन्नान अख्तर को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं प्रबंध निदेशक व सीईओ प्रोमोट फार्मा, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या ऋषि राज को नगर आयुक्त फिरोजाबाद, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार को नगर आयुक्त मेरठ, संयुक्त मजिस्ट्रेट आगरा कृष्ण कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रयागराज जागृति अवस्थी को मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र और संयुक्त मजिस्ट्रेट उन्नाव हिमांशु गुप्ता को मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर बनाया गया है।

### सूर्यपाल गंगवार ही लखनऊ के जिलाधिकारी



लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और बुलंदशहर के जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के तबादले की खबर निराधार निकली। शासन ने कहा कि इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। दोनों अपने पद पर बने हुए हैं।

### 13 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

अमृत विचार : शासन ने शनिवार को 13 पीसीएस अधिकारियों को स्थानांतरण कर दिया। संजीव ओझा को सीआरओ बस्ती से अपर मेलाधिकारी प्रयागराज मेला प्राधिकरण पद पर तैनाती दी गई है। महेंद्र कुमार श्रीवास्तव एसडीए कौशांबी से प्रधान प्रबंधक चीनी निगम लि. मुंडेरवा बस्ती, अरुण कुमार नगर मजिस्ट्रेट बदायूं से एडीएम प्रशासन बदायूं, देवेंद्र पाल सिंह एसडीएम बुलंदशहर से नगर मजिस्ट्रेट बदायूं, शशिभूषण एडीएम न्यायिक मुरादाबाद से अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, रमेश यादव एडीएम न्यायिक सहारनपुर से अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल, प्रियंका एडीएम न्यायिक बुलंशहर से अपर आयुक्त झांसी मंडल, अंजू कटियार संबद्ध राजस्व परिषद लखनऊ से ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ, शमशाद हुसैन अपर आयुक्त मेरठ मंडल से अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार गुप्ता सीआरओ प्रतापगढ़ से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, सुभाष चंद्र यादव एडीएम अगला न्यायिक सोनभद्र से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, अजय लेख कुमार तिवारी ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ से सीआरओ प्रतापगढ़ तथा भगवान शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल ऐप पर अपर आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल के पद पर भेजे गए हैं।

# एआई, ड्रोन और रोवर से होगी चकबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईटी रूड़की के साथ चल रहा परीक्षण
- जीआईएस बेस्ड सॉफ्टवेयर व मोबाइल ऐप बनेगा

**अमृत विचारः** किसानों के हित और पारदर्शिता के जल्द ही मद्देनजर एआई, ब्लॉक चैन, ड्रोन एवं रोवर सर्वेक्षण आधारित चकबंदी होगी। राज्य सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत आईआईटी रूड़की के साथ परीक्षण शुरू कर दिया है। इसके साथ ही जीआईएस बेस्ड सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल ऐप विकसित करने की भी कार्रवाई चल रही है।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकबंदी संबंधी पुराने लंबित वादों को निस्तारित करने के लिए ग्रामों में ग्राम अदालत लगाने के निर्देश दिए थे। पिछले वर्ष सितंबर से अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में 705 ग्राम अदालत का आयोजन किया गया। इसके जरिये 25,523 वादों को निस्तारण किया जा चुका है।

### चकबंदी कार्यों में बना 10 वर्षों का नया कीर्तिमान

चकबंदी आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि चकबंदी संबंधी कार्यों में पिछले एक वर्ष में 10 वर्षों का नया कीर्तिमान बना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में आठ माह में प्रदेश के 40 जिलों के 82 ग्रामों में अब तक चकबंदी करायी जा चुकी है। वहीं पिछले वर्ष 2023-24 में प्रदेश के 74 जिलों के 781 गांवों में चकबंदी करायी गयी। इसके अलावा पिछले साल सितंबर से अब तक 705 ग्राम अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 25,523 वादों का निस्तारण किया जा चुका है। कुल मिलाकर वर्ष 2021-2022, 2022-23 तथा 2023-24 में 1475 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में नहीं मिला फर्जीवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उन्नाव, कौशांबी, बिजनौर और सुल्तानपुर की रिपोर्ट का इंतजार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पांच जिलों में कराई गई जांच में एक जिले की रिपोर्ट आ गई है। कुशीनगर जिले में फर्जी मामला न मिलने पर समाज कल्याण विभाग ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी उन्नाव, सुल्तानपुर, बिजनौर और कौशांबी की रिपोर्ट आनी बाकी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सुल्तानपुर में फजीवाड़े का खुलासा होने के बाद समाज कल्याण निदेशालय हरकत में आ गया था। निदेशालय की ओर से जून और जुलाई माह के भीतर सबसे अधिक विवाह कराने वाले पांच जिलों में औचक सत्यापन कराने का आदेश दिया। औचक सत्यापन तीन सदस्यीय टीम से कराया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कुशीनगर में पांच जोड़ों का सत्यापन कराया गया था, सभी सही पाए गए।

## सपा विधायक और पत्नी पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊः** भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, बालश्रम कराने के आरोप में भदोही कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। एफआईआर की तहरीर श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह ने दी थी। एफआईआर की संस्तुति बाल कल्याण समिति की ओर से की गई थी। बतादें कि जाहिद बेग के आवास के एक कमरे में विगत नौ सितंबर की रात नाबालिग नौकरानी का फंदे से लटकता शव बरामद हुआ था।

# रोजा समेत 13 इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घटा, मांग को पूरा करने के लिए हो रहा भारी आयात

**अमृत विचार।** रोजा समेत 13 इकाइयां के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घट गया है। इस दौरान मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर बिजली आयात करनी पड़ रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रोजा की 300 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बीते दिन ठप हो गई, जबकि पिछले करीब एक सप्ताह के भीतर एक-एक कर कई इकाइयों में उत्पादन ठप हो गया है। इन इकाइयों में टांडा की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां, टांडा की ही 660 मेगावाट की एक इकाई, हरदुआगंज की 660 मेगावाट व 105 मेगावाट इकाइयों के अलावा यहां की 250 मेगावाट क्षमता की दो अन्य इकाइयां बंद चल रही हैं। इसी तरह, जवाहरपुर की 660 मेगावाट और पारीछा की 250 मेगावाट की दो इकाइयों में उत्पादन बंद है।

तकनीकी खराबी के कारण इन इकाइयों के बंद होने से कुल 3661 मेगावाट उत्पादन घट गया है। रिहंद व ऊंचाहर की क्रमशः 500 व 210 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां पहले से रखरखाव कार्य के लिए बंद रखी गई हैं।

इससे कुल 3923 मेगावाट उत्पादन कम हो गया है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम में बिजली उत्पादन करीब चार हजार मेगावाट हो रहा है, जबकि प्रदेश में बिजली की मांग लगभग 22 हजार मेगावाट से ऊपर चल रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से भारी मात्रा में बिजली आयात की जा रही है।

## वर्ग पहेली-192

**बाएं से दाएं**

1. (पुराण) परशुराम के अवतार में विष्णु का एक शत्रु।
2. 1. किसी वस्तु या पदार्थ की गंध जानने के उद्देश्य से उसे नाक के पास ले जाकर सांस खींचना 2. किसी खाद्य पदार्थ को बहुत कम खाना।
4. 1. व्याखान, भाषण 2. इमाम भाषण 3. धर्मोपदेश 4. तारीफ़, प्रशंसा 5. नए राजा (ख़ासकर मुसलमान राज्यों के) की गद्दी पर बैठने की घोषणा।
5. औटाने के लिए आंच पर चढ़ाए गए दूध या रस इत्यादि तरल पदार्थ को चलाने-हिलाने की कलछी, चमचा।
6. 1. उत्पन्न करना, रचना या बनाना 2. ऊपर से नीचे की ओर लाना, उतारना 3. पशुओं के गर्भ से बच्चा निकालना या उत्पन्न करना, जनना 4. जन्म देना।

**ऊपर से नीचे**

1. (काव्यशास्त्र) वह नायिका जिसका यौवनकाल आरंभ हो रहा हो, किशोरी।
3. 1. ज़मीन से रगड़ते हुए खींचना 2. किसी को उसकी इच्छा के विरुद्ध या किसी साज़िश से किसी मसले में उलझा देना, फंसाना।
5. अधिक।



### वर्ग पहेली -191 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 जा | | 2 हि | | 3 अ |
| | ल | | सा | | प |
| 4 मु | सा | ह | ब | | रि |
| | ज़ी | | कि | | चि |
| | | 5 ह | ता | ह | त |
| | 6 श | रा | ब | | |
| | | म | | 7 गो | ई |

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 8 | | | 1 | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 3 | | 5 | 1 | | 4 | 9 | | 8 |
| | 9 | | | | 5 | | | 1 |
| | 6 | | 4 | | 1 | | 8 | |
| 1 | | | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | 2 | 5 | | 3 | 8 | | 4 |
| | | | | 1 | | | | 7 |
| | | 8 | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 18.12 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज संपत्ति के लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। नए प्रोजेक्ट्स में काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आप खाने को लेकर काफी शौकीन रहेंगे।

**वृष:** आज कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। कानूनी विवादों में सफलता मिल सकती है। व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने परिवार में न होने दें। परिवार के किसी व्यक्ति के साथ आपका विवाद हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**कर्क:** आज संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा।

**सिंह:** आज गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको मेहनत का शानदार परिणाम मिल सकता है।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आप विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने का प्रयास करेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं।

**तुला:** आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। आपके खर्चों में कमी आएगी। संतान की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक:** आज बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णयों से आपको काफी लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। भोग-विलास के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**धनु:** आज पुरानी गलतियों को दूर करने का अवसर मिलेगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स गुम हो सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मकर:** आज आप अपने निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

**कुंभ:** आज अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित होने की संभावना है। जीवनसाथी को आपने ऊपर भरोसा कम रहेगा। घर में थोड़ी परेशानी का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

**मीन:** आज अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। कुछ सामाजिक कार्य करने की मन में इच्छा जागृत होगी। प्रेम संबंधों के लिए दिन काफी अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 18.49 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
भीष्मा — सुबह : 10.32
खून भरी मांग — रात : 07.10

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.13
सूर्यवंशी — रात : 08.00

Sony Pix
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.42
मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09.00

Zee Cinema
द कराटे किड — सुबह : 10.19
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.25

Colors Cineplex
ठग्स — सुबह : 10.22
ओएमजी 2 — शाम : 05.26

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे, जहां वो जवानी में मिला करते थे, वहां खड़े-खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया, लेकिन दादी नहीं आईं।
घर जाकर दादा गुस्से से, "आईं क्यों नहीं"?
दादी शर्माते हुए-मम्मी ने आने नहीं दिया।

मोनू-बचपन से ही शौक था अच्छा इंसान बनने का।
सोनू- फिर क्या हुआ, बन गए?
मोनू-अरे कहां, बचपन खत्म, शौक खत्म।

# वायरल फीवर के प्रकोप से पीसीएम की बढ़ी मांग

## उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीज अस्पताल में भर्ती, एक महीने के अंदर डेढ़ से दो लाख पैरासिटामॉल की गोली की खपत

**संवाददाता, सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में वायरल फीवर का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेजी के साथ बुखार लोगों को अपनी चपेट में ले रहा। हालात यह है कि लगभग एक महीने के अंदर बुखार के मरीजों ने डेढ़ से दो लाख पैरासिटामॉल की गोली का प्रयोग कर चुके हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में वायरल फीवर का प्रकोप चरमसीमा पर है। वायरल फीवर के साथ-साथ उल्टी और दस्त के मरीजो की संख्या में भी इजाफा हुआ है। यह आंकड़ा सीएचसी सलोन अस्पताल का है। यदि निजी अस्पतालों के आंकड़ों को शामिल किया जाए तो बुखार में ही पीसीएम दवाएं अधिक प्रयोग की गई होंगी। मौसम के उतार-चढ़ाव से सितम्बर महीना वायरल फीवर के नाम है। वायरल फीवर हर घर में फैला हुआ है। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार के मरीजों की भरमार है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में लगभग 800 मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें अधिकांश मरीज बुखार और उल्टी दस्त से पीड़ित बताए जाते हैं। सेंधियापुर निवासी उर्मिला, करहिया निवासी हार्दिक (10), तारा देवी रामीपुर, प्रभावती दुल्ला का पुरवा, रीना भुआदेव, माही (7) अस्पताल में भर्ती हैं। यह सभी मरीज बुखार और उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं। डॉ. अमित सचान ने बताया कि वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। प्रतिदिन 100 मरीज वायरल फीवर से ग्रसित पाए जा रहे हैं। डॉ. आशीष नायक ने बताया कि वायरल फीवर मरीजों को पर्याप्त मात्रा में दवा और उन्हें बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। कोविड-19 के बाद ये देखा जा रहा है कि पैरासिटामॉल दवा की खपत बढ़ी है।


पर्चा बनवाते मरीज। अमृत विचार


मरीज देखते डॉक्टर नायक। अमृत विचार

"प्रतिदिन सात से आठ सौ मरीजों की ओपीडी देखी जाती है। इन दिनों वायरल फीवर बढ़ा है। लगभग एक महीने में 15 से 20 हजार के करीब वायरल फीवर के मरीज देखे गए। इस बीच वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डेढ़ से दो लाख पीसीएम गोली की खपत एक महीने में हुई है।
–अमित कुमार सिंह, सीएचसी अधीक्षक सलोन।"

# पीडब्ल्यूडी ने सड़क का पटवाया गड्ढा

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार:** अमृत विचार में 14 सितंबर के अंक में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने सड़क में हुए गहरे गड्ढे को तत्काल प्रभाव से पटवा दिया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अमृत विचार टीम व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब हो कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निर्मित क्षेत्र के गूढ़ा-ओसाह सम्पर्क मार्ग पर स्थित भौसी चौराहे के पास जल निकास के लिए रोड में गहरा गड्ढा हो गया था। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त कराने के साथ ही रोड में हुए गड्ढे को भराने की मांग की थी। मोहम्मद इस्लाम, अजय गुप्ता, मेवालाल मंसाराम लोधी, राम सुमिरन राजपूत, सुनील कुमार, सुशील कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले रोड़ में गहरा गड्ढा हो गया था। प्रधान प्रतिनिधि अरुण रावत ने बताया कि यह सम्पर्क मार्ग बांदा-बहराइच राज्य मार्ग से सीधे हैदरगढ़-महराजगंज सम्पर्क मार्ग से जुड़ा होने के कारण इस सम्पर्क मार्ग पर स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन होने के साथ ही 24 घंटे राहगीरों का आवागमन रहता है। जनहित की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अमृत विचार ने 14 सितम्बर के अंक में गूढ़ा ओसाह सम्पर्क मार्ग पर गड्ढा, मरम्मत की मांग नामक शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई आलोक चौधरी ने तत्काल प्रभाव से गड्ढे को पटवा दिया है, जिनकी त्वरित कार्रवाई से दुर्घटना का खतरा टल गया है।


गूढ़ा ओसाह मार्ग पर पटवाया गया गड्ढा।

खबर का असर


गूढ़ा-ओसाह संपर्क मार्ग पर गड्ढा, मरम्मत की मांग

14 सितंबर को प्रकाशित खबर की छायाप्रति।

# शिष्टाचार भेंट कर दी शुभकामनाएं

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरेनी व समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसी के साथ उन्होंने अपेक्षा की पटरी से उतर चुकी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए सकारात्मक प्रयास किये जायेंगे।

कानून व्यवस्था दुरुस्त न होने से आय दिन आपराधिक घटनाएं होती रहती है जिससे आम जनमानस में भय पैदा हो गया है। वही घटनाओं का खुलासा न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद है। समाजसेवी होने के कारण उन्होंने समाज की चिंताओं से अवगत कराया और अपेक्षा की कि इसमें सुधार के प्रयास किये जायेंगे। जिससे समाज में पुलिस के प्रति विश्वास बहाल हो सके।


नवागंतुक पुलिस अधीक्षक को बुके देकर शिष्टाचार भेट करते समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपियों को जेल

**संवाददाता, सलोन, रायबरेली**

- **जमीन के लालच में भतीजे ने ममेरे भाई के साथ मिलकर रची थी हत्या की साजिश**
- **पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद गठित की गई थी टीम**

**अमृत विचार:** डीह थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार में दो दिन पूर्व हुई युवक की ब्लाइंड मर्डर का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय सलोन में किया है। मृतक के भतीजे ने जमीन के लालच में ममेरे भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

शनिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा पहुंचे। प्रेसवार्ता से पूर्व उन्होंने बताया कि घटना को 24 घंटे के अंदर वर्कआउट करने में सीओ प्रदीप कुमार का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने बताया कि 11 सितम्बर की रात डीह थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार निवासी संतलाल यादव (38) का शव रामगंज नहर पुलिया के पास सड़क पर मिला था। एएसपी ने बताया कि मृतक के गले पर मिले रस्सी के निशान और पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने से सीओ प्रदीप कुमार ने नेतृत्व में घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। 13 सितम्बर को मृतक की बहन गीता यादव पत्नी हनोमान निवासी पूरे खरगवन ने तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था।

एएसपी ने बताया की मृतक के बीवी बच्चे नही थे। जांच पड़ताल के दौरान मृतक के भतीजे नरेंद्र पुत्र सिद्धनाथ और इसके ममेरे भाई कौशल कुमार पुत्र बिंदा प्रसाद पूरे करामत मजरे मझिलहा का नाम प्रकाश में आया था। एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्त पुलिस के सामने टूट गए। इसके बाद वारदात दर वारदात की पूरी कड़ी पुलिस के सामने उगल दी।

### हत्या का सच छिपाने के लिए नहर पुलिया पर फेंकी थी लाश

एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने मीडिया को बताया कि पूछताछ के दौरान मृतक युवक का भतीजा अभियुक्त नरेन्द्र अंदर से टूट गया था। उसने बताया कि उसके दादा सन्तलाल के बीबी-बच्चे नही थे और अपने हिस्से की जमीन भी किसी अन्य को देने की बात करते थे। उसके साथ गाली-गलौज करते थे। अभियुक्त नरेंद्र मजदूरी के सिलसिले से अपने मामा के यहां आया-जाया करता था। 11 सितम्बर को वह अपने मामा के लडके कौशल कुमार के साथ रामगंज बाजार गया और वहां जाकर ठेके पर जमकर पी थी और दादा को रास्ते से हटाने के लिए कौशल को तैयार करने लगा। नरेन्द्र ने कौशल को बताया कि अपने दादा सन्तलाल की जमीन के हिस्से से पांच बिसुवा जमीन उसे दे देगा, यदि वह हत्या करने में उसकी मदद करे। इसके बाद दोनों अभियुक्त तैयार हो गये और रात्रि में सो रहे सन्तलाल को उठाकर मकान के पीछे ले गये, वहां गला दबाकर युवक की हत्या कर दी थी। घटना दुर्घटना प्रतीत हो इसलिए शव को रामगंज नहर पुलिया सड़क पर ले जाकर फेंक दिया था।

## सार-संक्षेप

### अथक परिश्रम का प्रयास, बीडीओ के पद हुआ चयन


बीडीओ के पद पर चयनित प्रवीण कुमार का स्वागत करते परिजन व ग्रामीण।

**संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** ग्रामीण परिवेश से पढ़ लिख कर निकला छात्र प्रवीण कुमार यादव पुत्र गेंद राज यादव निवासी पूरे मोइला मुजरे हथकुई जिसने प्राथमिक स्तर की शिक्षा प्राथमिक विद्यालय कजियाना व उच्च प्राथमिक विद्यालय कजियाना से प्राप्त किया। हाईस्कूल इंटर की शिक्षा महात्मा बुद्ध इंटर कॉलेज दौलतपुर से किया तथा स्नातक की शिक्षा कानपुर यूनिवर्सिटी से प्राप्त किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने आगे की तैयारी लखनऊ में रहकर लगन से किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि होनहार बालक ने यूपी एसएससी परीक्षा पास करके खंड विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

### विश्वकर्मा जयंती पर जवाबी आल्हा का होगा आयोजन

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली। अमृत विचार :** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 9 अम्बेडकर नगर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर आगामी 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में जवाबी आल्हा एवं कीर्तन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अर्पिता इंटरप्राइजेज के मालिक रामसजीवन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से बैसवारा उजाला मण्डल लालगंज की मशहूर आल्हा गायिका जानकी गुप्ता व हरचंदपुर के मशहूर आल्हा गायक रामलखन यादव के मध्य जवाबी आल्हा कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं रात्रि 9 बजे से कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मशहूर कीर्तनकार अनूप अंजाना कीर्तन गाकर लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### युवक की बाइक चोरी

**संवाददाता, सरेनी, रायबरेली। अमृत विचार :** गुरुवार को दंगल देखने गए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दिया। इससे हड़कंप मच गया। पीड़ित ने शुक्रवार की रात को पुलिस को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद पुत्र राम अवतार गुरुवार को रामबाग का दंगल देखने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक को एक घर के सामने खड़ा कर दिया और दंगल देखने चले गए। लेकिन जब कुछ देर बाद लौटे तो बाइक गायब थी। बहुत खोजने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने शुक्रवार की रात को पुलिस को तहरीर दे दिया है।

### राम वनगमन की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** लालगंज नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर धाम परिसर में आज रविवार को श्रीराम कथा के समापन के पश्चात भंडारा होगा। कस्बे के हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा मे कथा व्यास पंडित आशुतोष त्रिपाठी ने राम वन गमन का प्रसंग सुनाया। कथा प्रसंग सुनकर मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गए। आयोजन में निखिल तिवारी, काकू सिंह, एपी पांडेय, कृष्ण शंकर पांडेय, दीपक त्रिपाठी, राजू सिंह, सूर्यकुमार खन्ना, रामगोपाल त्रिपाठी, नीरज बाजपेई, अजय बाबू पांडेय, रवि शंकर बाजपेई, कौशिक बाजपेई, बब्बू गुप्ता मौजूद रहे।

### मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था रवाना

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र के 162 भक्तों का एक जत्था मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए कस्बे से रवाना हुआ। सेवा समिति के सदस्यों ने भक्तों को अंग वस्त्र और यात्रा के दौरान उपयोगी सामान देकर उन्हें विदा किया। दर्शनार्थी कस्बे से लखनऊ तक बस से यात्रा करेंगे। इसके बाद ट्रेन के जरिए जम्मू के कटरा पहुंचेंगे। कटरा से पैदल यात्रा कर देवी मां के दरबार पहुंचेंगे। दर्शन पूजन और भ्रमण के बाद आगामी 17 सितंबर को दर्शनार्थियों की वापसी होगी। इस मौके पर सुखेंद्र बहादुर सिंह भैयाजी, जेपी सिंह, सनी सिंह, अरविंद अग्निहोत्री, रणवीर सिसोदिया, शुभम तिवारी, डॉ. एमडी सिंह, दीपक सिंह, हरिद्वार सिंह सहित तमाम सेवादार व भक्त मौजूद रहे।

### ग्राम न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। अमृत विचार :** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें सुनवाई करते हुए तहसील लालगंज स्थित ग्राम न्यायालय द्वारा फौजदारी व सिविल के वादों का निस्तारण किया। ग्राम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी देवेश यादव ने लोक अदालत में सुनवाई करके वादों का निस्तारण किया। जानकारी देते हुए ग्राम न्यायालय के पेशकार अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि सुनवाई पश्चात एक फौजदारी तथा 10 सिविल वादों का निस्तारण किया गया है। शीघ्र न्याय पाकर वादकारियों में खुशी की लहर है।

### दंगल देखने गए युवक की बाइक चोरी

**संवाददाता, सरेनी, रायबरेली। अमृत विचार :** गुरुवार को दंगल देखने गए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने शुक्रवार की रात को पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद पुत्र राम अवतार गुरुवार को रामबाग का दंगल देखने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस को एक घर के सामने खड़ा कर दिया और दंगल देखने चले गए। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने शुक्रवार की रात को पुलिस को तहरीर दे दी है।

# बजाज ने 6 करोड़ का किया व्यवसाय

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के पूरे बघेलन चौराहे पर आयोजित तीन दिवसीय बजाज महालोन एवं एक्सचेंज मेले में दूसरे दिन पल्सर, प्लैटिना सहित सात बाइकों की बिक्री हुई। महालोन एवं एक्सचेंज मेले का आयोजन बजाज नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम गुमावां लाही बॉर्डर द्वारा किया गया। दूसरे दिन मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभय फार्मेसी के मालिक फार्मासिस्ट जय किशन प्रजापति ने ग्राहकों को बाइक की चाबी देकर ढेरों शुभकामनाएं दी।

नरसिंह ऑटोमोबाइल शोरूम के प्रबन्धक सूरज सिंह ने बताया कि इस समय उनके यहां कई तरह की अच्छी स्कीमें चल रही है, हर बाइकों की खरीद पर भारी छूट के साथ ही आकर्षक उपहार प्रदान किए जा रहे हैं। महालोन एवं एक्सचेंज मेले के माध्यम से ग्राहकों को सुनहरा अवसर प्रदान किया जा है। मेले में 95 प्रतिशत तक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही 5 साल की वारंटी स्कीम उपलब्ध है। जो लोग बाइक लेने के इच्छुक हैं। वह 9999 के डाउन पेमेंट पर 5 मिनट में अपनी मन पसन्द बाइक फाइनेंस कराकर अपने सपने को पूरा कर सकते हैं। नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम एवं महालोन मेले में पांच कलर में उपलब्ध इलेक्ट्रिक चेतक स्कूटी ग्राहकों को खूब रास आ रही है। सूरज सिंह ने बताया कि एक बार चार्ज करने पर यह 120 किलोमीटर तक चलेगी। तेज एलइडी लाइट के साथ ही इसका बॉडी फ्रेम स्टील से बना हुआ है। इस लिए टिकाऊ और काफी मजबूत है। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, पल्लवी सिंह, डिंपल सिंह, सूरज सिंह, गोलू सिंह, विकास सिंह, अंसार, अजय, ग्राहक गायत्री सिंह, चन्दन सिंह, हरीश, निर्मल आदि लोगों उपस्थित रहे।


बजाज महालोन एवं एक्सचेंज मेले में ग्राहक को बाइक की चाबी देते अतिथि।

# गंगा नदी में अचानक बढ़ा जलस्तर

**संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली**

**अमृत विचार:** बीते दो दिनों से गंगा नदी के घटते हुए जलस्तर में अचानक वृद्धि के चलते भाद्र मास में गंगा स्नान और गंगा जल लेकर शिवालयों और मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए गंगा तट डलमऊ के विभिन्न घाटों पर हजारों की संख्या में कावड़ियां आते हैं।

डलमऊ के गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते नदी की तेज बहाव धारा में बैरी केटिग न होने से प्रतिदिन आने वाले हजारों कांवड़ियों को अनेक प्रकार की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जहां एक ओर नगर पंचायत की सकरी गलियों में पहले अतिक्रमण से लगने वाले जाम से जूझना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर स्नान घाटों पर फैली गंदगी और नदी की तेज धार में बिना बेरी कटिंग के स्नान करना पड़ रहा है जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। शनिवार को केंद्रीय जल आयोग डलमऊ द्वारा चेतावनी बिंदु 98.360 मीटर के सापेक्ष गंगा नदी का जलस्तर 97.700 मी. नापा गया। उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभी किसी प्रकार की बाढ़ की स्थिति उत्पन्न नहीं है। बाढ़ से निपटने के सभी उपाय कर लिए गए हैं। आने वाले कांवरियों और मूर्ति विसर्जन के लिए नगर पंचायत द्वारा सभी प्रकार की तैयारी की गई है।


गंगा नदी में बढ़ रहा जलस्तर। अमृत विचार


रोवर्स रेंजर्स कैंप को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

## बैसवारा महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार:** बैसवारा डिग्री कॉलेज में शनिवार को रोवर्स एवं रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम औपचारिक रूप से प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रशिक्षक श्रीराम यादव एवं अर्चना यादव ने स्काउट के मूलभूत सिद्धांत, स्काउट गीत, झंडा गीत एवं प्रतिज्ञा विषय में स्काउटों को प्रशिक्षित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त करें और देश सेवा के लिए तत्पर रहे। एक अच्छे नागरिक बनने का भी संकल्प दिलाया। इसके अलावां महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. रमेश चंद्र यादव, डॉ. निरंजन राय, केके दीक्षित, डॉ. सूर्य प्रकाश वर्मा, डॉ. प्रिया दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# हरकत में पीडब्ल्यूडी विभाग, रास्ता हुआ दुरुस्त

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार:** शनिवार के अंक में खबर प्रकाशित होते ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए। विभाग के अधिकारियों ने शिवगढ़ नगर पंचायत के शिवली चौराहा स्थित क्षतिग्रस्त बेड़ारु रोड़ में गड्ढे भरवाकर वैकल्पिक रूप से सड़क की रिपेयरिंग करा दी है।

गौरतलब हो कि नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 7 स्थित शिवली चौराहे पर जल निकास के अभाव में फिर से गड्ढों एवं जलाशय में तब्दील हो गया था। जिसमें आए दिन स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीरों का गिरकर चोटिल होने लगे थे। वहीं सड़क पर दूषित पानी जमा होने से व्यापारियों एवं ग्राहकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर नगर पंचायत के लोगों में जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति गहरा रोष व्याप्त था। नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 4 से सभासद उमेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी तथा व्यापारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अमृत विचार के माध्यम से अपनी आवाज उठाते हुए सड़क की रिपेयरिंग की मांग की थी। जनहित की समस्या को अमृत विचार ने 14 सितम्बर के अंक में 'सड़क दूषित पानी जमा होने से व्यापारियों एवं ग्राहकों को हो रही समस्या' नामक शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई अमन यादव ने बताया कि बारिश के साथ चलते गिट्टी प्लांट बन्द है, राहगीरों को कोई समस्या ना हो इसलिए दो माह के अन्दर दूसरी बार गड्ढों को भरवाकर सड़क की वैकल्पिक रुप से मरम्मत करा दी गई है। गिट्टी प्लांट शुरू होते ही अच्छी तरह से गड्ढों को भरवाकर पीसी कराई जाएगी।


पीडब्लूडी विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई सड़क की मरमत।

खबर का असर


14 सितंबर को प्रकाशित खबर की छायाप्रति।

# प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का दिखा उत्साह

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** जेसीआई की ओर से शनिवार को "डायमंड जेसी सप्ताह 2024" के अंतर्गत छठवें दिन मेहंदी व बेस्ट ऑफ द वेस्ट प्रतियोगिता रायबरेली क्लब सिविल लाइन्स रायबरेली में किया गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित विभिन्न स्कूलो के 250 के आसपास छात्र-छात्राओं में प्रतियोगिता के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

अध्याय अध्यक्ष रचित मुरारका द्वारा आए हुए सभी निर्णायक मण्डल सदस्यों व मुख्य अतिथि महेंद्र अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि राघव मुरारका को पौधा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान अंशिका गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल द्वितीय स्थान तमन्ना व तृतीय स्थान रिया, श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल सीनियर ग्रुप में विभूति रावल, सेंट जेम्स पब्लिक स्कूल अंशिका गुप्ता, सेंट् जेम्स पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान कोमल निर्मल व विबग्योर ओपन ग्रुप में एकता अग्रहरि, सिमरन अग्रहरि, प्राची सोनकर ने बाजी मारी। इसी तरह से बेस्ट ऑफ वेस्ट में जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान सिद्धि एलपीएस, द्वितीय स्थान दिव्यांश श्री हेमकुंड, तृतीय स्थान सागर एसजीएस पब्लिक स्कूल बछरावां, सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान सारा एलपीएस, द्वितीय स्थान आकांक्षा जायसवाल एलपीएस, तृतीय स्थान अदिति एलपीएस, ओपन एंट्री में प्रथम स्थान जेबा खान, द्वितीय स्थान पर सुष्मिता ने बाजी मारी। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के सदस्य रीना गुप्ता, दीप्ति सिकरिया, रेखा जीवनानी का विशेष योगदान रहा। संचालन शालिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी नितिन प्रजापति द्वारा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सप्ताह प्रभारी संस्कार जायसवाल द्वारा सप्ताह की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में प्रभात श्रीवास्तव, ऋषि अग्रवाल, संजय कुमार श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, रजत गुप्ता, प्रभु अग्रवाल, सुयश जीवनानी, प्रियंका अग्रवाल, शालिनी श्रीवास्तव, अभिनव गर्ग, आदित्य सिंह, नितिन प्रजापति, देवांग सिकरिया, किशन गुप्ता, हर्षवर्धन गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।


समारोह में सम्मानित किए गए विजेता प्रतिभागी, मौजूद अतिथि।

## भाजपा की सदस्यता को लेकर उत्साह

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों में भाजपा की सदस्यता के लिए जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने लालगंज नगर के बूथ संख्या 248 पर अध्यक्ष अचिन अवस्थी के साथ घर-घर जाकर सदस्य बनाया। विधानसभा संयोजक ने लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के उद्देश्यों के बाबत बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर हम सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर रंजन त्रिवेदी, अवधेश कुमार, सती पाल, कृपाशंकर, बिन्नी, नीमा सहित 52 लोगों को सदस्य बनाया गया।

# मार्केट को साफ सुथरा रखने की जरूरत

**संवाददाता, रायबरेली**

- **व्यापारी नेता ने भ्रमण कर सभी व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता व नगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में बाटा शू कंपनी से लेकर किराना मार्केट का भ्रमण करके व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कहा गया कि दुकान से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कलेक्शन की गाड़ी 16 सितंबर से प्रातः 11 बजे मार्केट में कूड़ा लेने आएगी।

अतुल गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपना-अपना कूड़ा गाड़ी में डालकर रायबरेली को साफ और स्वच्छ बनाने की अपील की। इस दौरान यह भी कहा गया कि प्रत्येक दिन ग्राहकों का मार्केट में आना जाना होता है। ऐसे में हम लोगों को मार्केट को साफ सुथरा रखने में सहयोग करने की जरूरत है। शनिवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सर्वण सिंह के साथ मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक करके 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन को स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाए जाने के लिए शहर की मुख्य बाजार में स्वच्छता अभियान मंडल के सहयोग से चलाने व सड़क का पैचअप, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस अवसर पर जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी, नगर महामंत्री अब्दुल वाहिद, बीके रावत, शिखर श्रीवास्तव, महेश बलेचा, उपस्थित रहे।


नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सर्वण सिंह से वार्ता करते व्यापारी नेता।

# समाधान दिवस में आईं 17 शिकायतें, 5 का निस्तारण

## कोतवाल बोले-शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करा दिया जाएगा

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचारः** शनिवार को स्थानीय कोतवाली में कोतवाल शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 17 शिकायतें आई। पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

12 शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व टीमें गठित कर दी गई है। कोतवाल ने बताया कि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करा दिया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय यादव, शुभम सिंह, संजय पाठक, महेश तोमर, सौरभ कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र पटेल आदि थे।


सरेनी थाने में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद पुलिस अधिकारी।

### समाधान दिवस में आईं 12 में एक का हुआ निस्तारण

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचारः** कोतवाली परिसर में शनिवार को सीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 शिकायतें आई हैं। इस दौरान सिर्फ एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। बची शिकायतों को राजस्व कर्मियों और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम विनय कुमार तिवारी, लेखपाल मनमोहन पांडेय, आशीष कुमार, आलोक सहित सहित राजस्व और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**संवाददाता, सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** ग्राम न्यायालय सलोन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत का आयोजन न्यायाधिकारी अंकित सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम न्यायालय में माह के तीसरे शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कोतवाली सलोन, डीह, नसीराबाद के 355 बीएनएस की धाराओं के 30 मामलों का निस्तारण कर तीन सौ रुपये अर्थदण्ड भी वसूला गया। न्यायधिकारी अंकित सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत में न केवल मुकदमों का निस्तारण किया जाता है, बल्कि पक्षकारों के मध्य परस्पर वैमनस्यता भी समाप्त हो जाती है। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव, अजय बाजपेई, नीरज श्रीवास्तव, किरन, प्रभाकर तिवारी, कन्हइया मौर्या, एजाज आदि मौजूद रहे।


सलोन के ग्राम न्यायालय में दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत का शुभारंभ करते अतिथि।

### 12 में से सिर्फ दो शिकायतें निस्तारित

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सलोन कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 12 मामले आए जिसमें से दो मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। शनिवार को कोतवाली परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा व नायब तहसीलदार अंकुर यादव की उपस्थिति में समाधान दिवस संपन्न हुआ। एएसपी ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस सलोन में आये सभी फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना गया। प्राप्त शिकायतों को समयावधि के अंतर्गत निस्तारण के निर्देश दिए।

## एसडीएम ने पीड़ितों की सुनी फरियाद

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचारः** गदागंज थाना परिसर में उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक कुमार वर्मा एवं डलमऊ कोतवाली सभागार में तहसीलदार उमेश चंद्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया।

गदागंज में सात शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं बाकी शेष बची हुई शिकायतों को त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। वही डलमऊ कोतवाली में चार शिकायती प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं कराया गया। सभी शिकायतों को टीम गठित करके निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

# हादसे में कांवरिया घायल, साथियों ने चौकी घेरा

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचारः** गंगा तट डलमऊ से जल भरकर महादेवन अमेठी जा रहे कांवरियों के एक युवक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की टक्कर मार दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे नाराज कांवरियों और बाइक सवार से हुई आपसी कहासुनी के बीच घायल कांवरिया को बाइक चालक द्वारा पिटाई कर दिया। इससे सभी कांवरिया आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। बाइक चालक को पकड़ कर नजदीकी चौकी ले गए, जहां पर आक्रोशित कांवरियों द्वारा चौकी का घेराव कर लिया गया। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया गया और घायल कावरिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर उपचार कराया गया। घायल कांवरिया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।


साथी के घायल होने पर हंगामा करते कांवरिया। अमृत विचार

**घंटेभर चलता रहा हंगामा, मौके पर पहुंचे अफसरों ने कराया शांत**

शनिवार को सुबह गंगा तट डलमऊ पर बम कांवरिया संघ जगदीशपुर अमेठी के लगभग दो दर्जन से अधिक भक्तों द्वारा गंगा स्नान के बाद जल लेकर महादेवन अमेठी जलाभिषेक करने के लिए जा रहे थे। रायबरेली डलमऊ मार्ग पर घुरवारा कस्बे में पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने कांवरियों के साथ चल रहे अमन सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह निवासी जगदीशपुर अमेठी को टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर होकर घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा साथ में चल रहे कांवरियों से बाइक चालक और उसमें सवारियों के साथ कहासुनी होने लगी। इतने में बाइक सवार और उसके सहयोगियों द्वारा घायल अमन सिंह के साथ हाथापाई करने लगे, जिससे आक्रोशित होकर सभी कांवरिया बाइक चालक को पकड़कर नजदीकी पुलिस चौकी घुरवारा ले गए और साथ में चल रहे अन्य सैकड़ों कावरियों द्वारा चौकी घुरवारा का घेराव कर लिया। मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस बल द्वारा घायल कावरिया अमन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले गए। अन्य सहयोगियों को समझाकर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया गया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घायल कांवरिया अमन सिंह के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डेंटल क्लीनिक से चोरों ने उड़ाई हजारों की नकदी

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचारः** बीते दिनो अशिकाबाद गांव में सात लाख कीमत के आभूषण नगदी चोरी की घटना हो या फिर धरई चौराहे पर सर्राफ की दुकान से डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण चोरी की घटना सलोन कोतवाली पुलिस इन दिनों बैकफुट पर खड़ी है। चोर पुलिस से दस कदम आगे निकलकर घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

ताजा मामला सूची चौकी क्षेत्र का है। यहां एक डेंटल क्लीनिक से दिनदहाड़े चोर ने चैनल का ताला तोड़कर गल्ले में रखे लगभग छह हजार रुपये की नकदी पार कर दी है। हालांकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक सूची चौकी से चंद कदम की दूरी पर सुरेंद्र कुमार की डेंटिस का क्लीनिक है। पीड़ित के मुताबिक दोपहर तीन बजे के करीब क्लीनिक बन्द करके सूची चौराहा गया हुआ था। इसी बीच चैनल का ताला तोड़कर क्लीनिक के अंदर घुसे अज्ञात चोर ने लगभग 6 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गया। वहीं जब पीड़ित युवक क्लीनिक पहुंचा तो सीसीटीवी कैमरे के जरिये पूरे वारदात की उसे जानकारी मिली। इसके बाद कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। चौकी के उपनिरीक्षक राम भवन का कहना है कि डेंटल की दुकान से 5 से 6 हजार रुपये युवक चोरी कर ले गया है। घटना की सीसीटीवी फोटज के जरिये इसकी जांच की जा रही है। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है।

### सनातनी बुद्धीलाल को किया सम्मानित

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** स्वामी सूर्यप्रबोध परमहंस इ.का. के संस्थापक एवं संरक्षक संन्त स्वामी भास्कर स्वरूप महाराज ने शनिवार को विद्यालय परिसर में सनातनी भक्त बुद्धी लाल सोनकर का सम्मान किया। स्वामी ने कहा कि भैया बुद्धी लाल जिस पृष्ठभूमि से आते हैं। उसमें श्री रामचरित मानस के प्रतिनिष्ठा प्रायः कम ही देखने को मिलती है किन्तु बुद्धी लाल पूरी निष्ठा से न केवल मानस का पाठ करवाते हैं बल्कि सामूहिक भोज और शरबत प्रसाद के रूप में सार्वजनिक रूप से वितरित करते आए हैं। इस मौके पर सन्तोष त्रिपाठी, रवीन्द्र शर्मा, दिनेश शंकर, कमल श्रीवास्तव, सतीश कुमार सिंह, बृजेश सिंह, आकाश पटेल, प्रतिमा मौर्या, दिव्यांशी, शारदा, रश्मि, शुभी, आरती आदि मौजूद रहे।

### गंभीर हालत में घायल छात्रा को लखनऊ रेफर किया

**रायबरेली, अमृत विचारः** शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में छात्रा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर लखनऊ रेफर कर दिया। कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल किया।

बताते है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शिक्षक उसे लेकर लखनऊ चले गए। शहर कोतवाली के इंदिरा नगर निवासी अपूर्वा यादव कचहरी रोड स्थित एक स्कूल में इंटर की छात्रा है। दोपहर में शिक्षकों द्वारा अपूर्वा को जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया गया, जहां इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। स्कूल प्रबंधन के लोगों का कहना था कि सीढ़ी से गिरकर छात्रा घायल हुई है। ईएमओ डॉ. दीपेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रा के दोनों पैर में चोट लगी थी। सीओ सदर अमित सिंह व कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। कोतवाल ने बताया कि छात्रा कैसे घायल हुई, इस बारे में पता किया जा रहा है।

### हिंदी भाषा से समाज का विकास करना संभव : राकेश

**संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** आदर्श बाल विद्या मंदिर मुराई बाग में हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कवि समीक्षक वाई. वेद प्रकाश ने सभी बच्चों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हिन्दी के उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक राजेश यादव ने कहा कि अपनी भाषा के माध्यम से ही हम समाज का विकास कर सकते हैं। अभिषेक सिंह ने बच्चों को हिन्दी निबंध लेखन के गुण बताए। संजय गुप्ता ने बच्चों से हिन्दी साहित्य एवं भाषा की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अमित यादव ने कहा कि हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। इसके अलावां मोनिका, सविता यादव, आन्या, प्रिया, पवन, सुधीर, राहुल मौर्य, वेद प्रकाश, सुमित, नरेंद्र, विवेक, जेबा अंसारी, एंजेलिना प्रिया, सपना, शिल्पी, वीएन, सुरभि, वंदना सिंह, शमिता, पूजा, आदर्श, तनवीर आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** स्वामी सत्यमित्रानंद महाविद्यालय महनन्दपुर में हिंदी दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार बाजपेई ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ. सर्वेश द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी भाषा के इतिहास और महत्व की जानकारी दी। डॉ. बीना यादव ने एक कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रिया मिश्रा, डॉ. कुलदीप पांडेय, डॉ. लीना सिंह, प्रिया गौड़, ऋषभ श्रीवास्तव आदि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित थे।


आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

### बच्चों को निपुण बनाएं शिक्षक : नन्दलाल


ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

**संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** चार दिवसीय नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण के तीसरे फेरे के दूसरे दिन में खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ नन्दलाल रजत ने उपस्थित होकर सभी शिक्षकों से निपुण लक्ष्य शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त करने को कहा। ब्लॉक संसाधन केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स (एआरपी) विनोद अग्निहोत्री, अनुराग सिंह राठौर, सुशील कुमार एवं मधु सिंह ने सीखने की प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा कि सभी बच्चों को बुनियादी भाषा तथा गणित में निपुण बनाना है। इसके अलावां डीसी प्रशिक्षण दीपक श्रीवास्तव, एसआरजी राजवन्त, प्रशिक्षक मोहम्मद इरफान खान, अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### बच्चों को राजभाषा का बताया महत्व


दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

**संवाददाता, सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ द्वारा हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। राजभाषा के प्रचार, प्रसार के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय में इस पूरे सप्ताह ज्यादातर कामकाज हिन्दी में ही किए गए। इस अवसर पर हिन्दी के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं रामबली शर्मा, साक्षी सिंह, सतीश कुमार, आकांक्षा, लक्ष्मी आदि ने कठिन परिश्रम करके बच्चों को अपनी राजभाषा के महत्व को समझाया।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया 'हिंदी दिवस'

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। अमृत विचार :** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने कहा "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटय न हिय के सूल। साथ ही विद्यालय के बच्चों अपूर्वा, आनवीं, अस्मिता ने भी हिंदी भाषा की व्यापकता एवं उपयोगिता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे निबंध लेखन प्रतियोगिता, सुलेख लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कहानी वाचन प्रतियोगिता इत्यादि जिसमे विद्यालय के समस्त बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में सभी प्रतियोगी विजेता बच्चों में प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय को पुरस्कृत भी किया गया।

# एम्स में मनाई गई हिंदी दिवस की हीरक जयंती

संवाददाता, राही, रायबरेली

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज में हिंदी दिवस की हीरक महोत्सव मनाया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार राजवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर हीरक जयंती का शुभारंभ किया। एम्स प्रशासन ने बताया कि दो सितंबर से 16 सितंबर तक संस्थान में हिंदी दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारियों व छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वस्तुनिष्ठ, काव्य पाठ, निबंध, भाषण सहित पांच अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें तकरीबन 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 30 विजेताओं को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार राजवंशी, प्रोफेसर डॉ. भोलानाथ, डॉ. प्रबल जोशी तथा नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र पाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। निदेशक ने हिंदी की वर्तमान स्तिथि पर अपने विचार व्यक्त किए। निदेशक ने संस्थान के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करने का अनुरोध किया तथा संस्थान के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रत्येक दिन हिंदी में अपने हस्ताक्षर करने की बात कही। निदेशक ने कहा कि आने वाले समय में कंप्यूटर भाषा के लिए हिंदी और संस्कृत भाषा बहुत उपयोगी सिद्ध होंगी। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा समिति द्वारा किया गया।


हिन्दी दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित करते एम्स निदेशक प्रो. डा. अरविंद कुमार राजवंशी।

# एनटीपीसी में राजभाषा प्रतिज्ञा के साथ हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन


एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित हिंदी पखवाड़ा में शपथ लेते अधिकारी व कर्मचारी।

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचारः** हम केन्द्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने नेतृत्व और निरंतर निगरानी एवं प्रतिबद्धता के साथ यह प्रयास करेंगे कि स्वयं और अपने अधीनस्थों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रचार और प्रसार के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ पर उक्त राजभाषा प्रतिज्ञा परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई। छाबड़ा ने कहा कि राजभाषा हिंदी का संसार बहुत व्यापक व विशाल है और इसको अपने कार्यालयीन कामकाज में निरंतर प्रयोग करते रहेंगे।

महाप्रबंधक रवि प्रकाश अग्रवाल ने तकनीकी कर्मचारियों की बैठक करते हुए कहा कि तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी की पैठ गहराई से बन रही है। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे स्वयं हिंदी अपनाएं। उप महाप्रबंधक विनायक प्रकाश शॉ ने बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़ा 14 से 28 सितंबर तक मनाया जाएगा।

## यूं अम्मा कै डाट उ बतिया... सुनकर भावविभोर हुए लोग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचारः** विकास खंड सभागार में हिंदी काव्य कलश मंच के बैनर तले हिन्दी दिवस के मौके पर सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभात साहू व विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह रहे।

हिंदी दिवस के मौके पर फुरसतगंज से आए कवि राम अवध उमराव की पंक्तियां वादियां और पल सब तुम्हारे लिए, गीत मुक्तक गजल सब तुम्हारे लिए... सुनकर हिंद प्रेमियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। वही क्षेत्रीय कवियत्री आदित्या मिश्रा ने अवधी भाषा में-यूं अम्मा कै डाट उ बतिया यऊ बाबुल कै प्यार हो... सुनाकर समां बांधते हुए गांव के परिवेश का वर्णन किया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कवि सम्मेलन को आगे बढ़ाते हुए अमलेश अमल, आकाश हलचल, राम कुबेर मौर्य, राघवेन्द्र राघव, श्रीराम अंजान रश्मि चौधरी आदि क्षेत्रीय कवियों ने कविता पाठ किया। इसके अलावा कार्यक्रम में हिंदी कवि प्रभाकर सिंह पार्थ, कृष्णा नंद, राम कुबेर मौर्य व सेवानिवृत्त शिक्षक राम प्रसाद, पत्रकार पवन साहू आदि को हिंदी सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। संचालन प्रवीण त्रिपाठी व काव्य कलश मंच के संस्थापक राकेश दिवाकर ने संयुक्त रूप से किया।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने पर हुई चर्चा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** रायन इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के लिए हास्य व्यंग की कविताओं, नृत्य, तथा हिंदी दिवस मनाने के उद्देश्य पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य जागेश्वर दयाल द्विवेदी थे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाचार्या सदफ खान ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं बैज लगाकर किया। मुख्य अतिथि ने हिंदी के विकास तथा समृद्धि के लिए छात्रों को प्रेरित किया तथा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतीत अनुराग शुक्ला ने हिंदी के साथ अंग्रेजी को आत्मसात करने की बात कही की जो हिंदी की सहेली है। इसके अलावां डा. संतलाल ने हिंदी के विकास समृद्धि एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

हास्य व्यंग की कविताओं की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आयुषी द्विवेदी, द्वितीय पुरस्कार मान्या वर्मा तथा तृतीय पुरस्कार कृतिका तिवारी को दिया गया। संचालन छात्रा जयंती मिश्रा एवं मौली ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की हिंदी शिक्षक महेंद्र मिश्रा, सुषमा सिंह चौहान, दीनानाथ सिंह, जय श्री, अवनी सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।


रायन इंटरनेशनल स्कूल में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**रायन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस समारोह**


## कार्यालय उपजिलाधिकारी, जमुनहा, जनपद-श्रावस्ती

संख्या /र0का0/प्रे0वि0/2024-25 दिनांक सितम्बर 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 की धारा 61 नियम 57 के तहत 0.5 एकड़ से अधिक तथा 5 एकड़ से कम के तहसील जमुनहा के ग्रामो में उपलब्ध तालाब (सूची संलग्न) की नीलामी संलग्न सूची में अंकित तिथियो में तहसील मुख्यालय जमुनहा के सभाकक्ष में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक विशेष शिविर के माध्यम से किया जायेगा।
नीलामी में बोली बोलने की पात्रता व शर्ते उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 के निमय 57 (5) के अनुसार निम्नवत है-
(क)-सम्बन्धित ग्राम पंचायत में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति,
(ख)-ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसूचित जाति/ जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य श्रेणी का व्यक्ति,।
(ग)-सम्बन्धित न्याय पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।
(घ)-सम्बन्धित विकास खण्ड में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।
मछुआ समुदाय के व्यक्ति का अर्थ होगा केवट, मल्लाह, निषाद, बिन्द, धीमर, कश्यप, बाथम, रैकवार, माझी, गोड़िया, कहार, तुरैहा अथवा तुराहा समुदाय से सम्बन्धित ऐसा व्यक्ति जो परम्परागत रूप से मत्स्य पालन व्यवसाय में लगा हो।
प्रत्येक तालाब का आवंटन दस वर्ष की अवधि के लिए होगा, तथा उसका आगे न तो नवीनीकरण किया जायेगा और न ही उसकी समयावधि बढाई जायेगी।
यदि आवंटन की अवधि में आवंटी, आवंटन की शर्तो का उल्लंघन करता है तो उपजिलाधिकारी आवंटी को कारण बताओं नोटिस जारी करके आवंटन निरस्त कर सकेगा।
आवंटन की अवधि के दौरान स्थानीय निवासियों के उस तालाब में कपड़े धोने, जानवरो को पानी पिलाने, मिटटी के बर्तन बनाने के प्रयोजनार्थ मिटटी निकालने या इस प्रकार के अधिकार बाधित नही रहेंगें।
नीलामी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु तहसीलदार जमुनहा के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है, तथा राजस्व परिषद की वेबसाइट www.bor.up.nic.in से डाउनलोड कर सकते है।
**नीलाम अधिकारी- शुभम तिवारी नायब तहसीलदार जमुनहा।**
**नीलामी की शर्ते :-** 1-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि के रूप में 2000 (दो हजार रू0) जमा कर नीलामी में भाग लेना होगा। 2-अधिकतम बोली लगाने वाले की धरोहर राशि समायोजित करते हुए बाकी बोली दाताओं की धनराशि वापस कर दी जायेगी। 3-अधिकतम बोली दाता को नीलाम धनराशि का एक चौथाई भाग तुरन्त जमा करना होगा तथा शेष धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा। 4-नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी जमुनहा को होगा। सूची में अंकित निर्धारित तिथि पर नीलामी नही हो पाती है तो अगली तिथि उसी दिन नीलाम अधिकारी द्वारा तय करदी जायेगी। उक्त पट्टा नीलामी से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में रजिस्ट्रार कानूनगो श्री देवी प्रसाद मो0 न0 9936804251 से प्राप्त की जा सकती है।

तहसील जमुनहा के अन्तर्गत विकास खण्ड जमुनहा व गिलौला के सम्मिलित ग्रामो में मत्स्य पालन हेतु आवंटन/ नीलामी होने वाले तालाबो की सूची

| क्र0 सं0 | ग्रामो का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल हे0 में | आरक्षित बोली धनराशि प्रति हे0 में रू0 5000 प्रति हे0 प्रतिवर्ष | बोली बोलने के लिए जमानत धनराशि रू0 2000 | नीलामी तिथि | नीलामी तहसील सभागार जमुनहा/ नीलाम अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | दामूपुरवा | 80 | 0.332 | 1660 | 2000 | 24.09.2024 | नायब तहसीलदार जमुनहा |
| | | 812 | 0.340 | 1700 | 2000 | ,, | ,, |
| 2 | धूमबोझी | 350 | 0.745 | 3725 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 333 | 0.432 | 2160 | 2000 | ,, | ,, |
| 3 | ललबोझादर्बेशगांव | 407मि | 0.405 | 2025 | 2000 | ,, | ,, |
| 4 | महरूमुर्तिहा | 1122म | 0.232 | 1160 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 657घ | 1.073 | 5365 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 909 | 0.759 | 3795 | 2000 | ,, | ,, |
| 5 | डांडेकुइंया | 415 | 1.056 | 5280 | 2000 | ,, | ,, |
| 6 | ददौरा | 1047 | 1.387 | 6935 | 2000 | ,, | ,, |
| 7 | हरिहरपुरमहराजनगर | 10 | 0.520 | 2600 | 2000 | ,, | ,, |
| 8 | खलीफतपुर | 200 | 0.484 | 2420 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 164मि | 1.139 | 5695 | 2000 | ,, | ,, |
| 9 | चौगोई | 71 | 0.405 | 2025 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 135 | 0.324 | 1620 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 574 | 0.208 | 1040 | 2000 | ,, | ,, |
| 10 | इमलियाकरनपुर | 806मि | 0.320 | 1600 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 513 | 0.463 | 2315 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 630 | 0.212 | 1060 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 898 | 0.267 | 1335 | 2000 | ,, | ,, |
| 11 | मनवरियादीवान | 21क | 0.398 | 1990 | 2000 | ,, | ,, |
| 12 | रामपुरबस्ती | 686 | 0.263 | 1315 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 735 | 0.380 | 1900 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 757 | 0.445 | 1235 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 1356 | 0.293 | 1465 | 2000 | ,, | ,, |
| 13 | सिटकहना | 1147ग | 0.823 | 4115 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 1139कघ | 0.677 | 3385 | 2000 | ,, | ,, |
| 14 | अचरौराशाहपुर | 683 | 0.394 | 2985 | 2000 | ,, | ,, |
| 15 | नेवरिया | 1144 | 0.388 | 1940 | 2000 | ,, | ,, |
| | ,, | 1565 | 0.506 | 2530 | 2000 | ,, | ,, |
| | ,, | 1827 | 0.263 | 1315 | 2000 | ,, | ,, |
| 16 | ककन्धू | 1263 | 0.255 | 1275 | 2000 | ,, | ,, |
| 17 | मनिहारतारा | 214 | 0.330 | 1650 | 2000 | ,, | ,, |
| | | 288 | 0.809 | 4045 | 2000 | ,, | ,, |
| 18 | अकारा | 194 | 0.705 | 3525 | 2000 | ,, | ,, |

UP - 219510 दिनांक 13.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

उपजिलाधिकारी, जमुनहां
तहसीलदार, जमुनहा

## एक नजर

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी ने किया सरेंडर

**अयोध्या, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र निवासी रामजन्मभूमि परिसर की सफाई कर्मी और साकेत कॉलेज की बीए अंतिम वर्ष छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक और आरोपी ने सरेंडर कर दिया है। प्रकरण में मुख्य आरोपी समेत पांच को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दो सितंबर को सात नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें एक नाबालिक समेत तीन को पुलिस ने तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था जबकि दो युवकों को 10 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी कुमारगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी विनय कुमार ने एसीजेएम प्रथम की अदालत में आत्म समर्पण कर दिया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रकरण के एक आरोपी विनय कुमार ने अदालत में सरेंडर किया है। अन्य की तलाश कराई जा रही है।

### भव्य और आकर्षक होगा दीक्षांत समारोह : कुलपति

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को भव्य और आकर्षक होगा। इस समारोह में सर्वोच्च अंक व उपाधिधारकों को 18 व 19 सितम्बर को रिहर्सल में शामिल होना होगा। जिससे समारोह के दिन असुविधा से बचा जा सके। ये बातें अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शनिवार को कहीं। वह विवि के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में दीक्षांत समारोह की तैयारियों की बैठक कर रहीं थीं। कुलपति ने 23 समितियों के संयोजकों से कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अनुशासन समिति, पार्किंग समिति, मंच व्यवस्था, गार्ड ऑफ ऑनर सहित अन्य समितियों से अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।

# 38 उपकरणों से लैस होगा महिला अस्पताल

## नवजात को पीलिया होने पर खून का नमूना लिए बिना होगी जांच

## 2.34 करोड़ रुपये की लागत से जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा सुधार, चरेरा में बनाया जाएगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए सरकार ने संसाधनों की उपलब्धता के लिए कई योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। महिला अस्पताल में 38 आधुनिक उपकरणों की खरीदारी के लिए 1.60 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जिला अस्पताल में पेयजल आपूर्ति के लिए नई बोरिंग, चरेरा में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण समेत रुदौली सीएचसी व कोछाबाजार पीएचसी पर चिकित्सक व कर्मचारियों के आवास की मरम्मत, रंगाई-पुताई और चाहरदीवारी के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. विभा कुमारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में नवजात को पीलिया की शिकायत होने पर बिना खून के जांच व उपचार के लिए आधुनिक मशीन, गर्भवती महिलाओं के उपचार के लिए अतिरिक्त सेट की खरीद समेत कुल 38 प्रकार के सामान व उपकरण की खरीद के लिए पांच जुलाई को प्रस्ताव भेजकर अनुमति और बजट आवंटित करने की मांग की थी। शासन की ओर से प्रस्ताव के सापेक्ष एक करोड़ 60 लाख 50 हजार 512 रुपये स्वीकृत कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका बताया कि 1.60 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ है। विभागीय मानकों और नियम के तहत योजना में खरीद और स्थापना कराई जाएगी।

**जिला अस्पताल में नई बोरिंग के लिए 27.54 लाख रुपये मिले**




### जिला अस्पताल में अब पेयजल की नहीं होगी समस्या

जिला अस्पताल परिसर के विस्तार व परिसर स्थित बोरिंग के पुरानी होने और विद्युत मोटर के बार-बार जल जाने के चलते आवासों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने को लेकर प्रबंधन की ओर से नई बोरिंग का प्रस्ताव मुख्यायल को भेजवाया गया था। शासन ने इसे स्वीकृत कर लिया है और योजना के लिए 27.54 लाख रुपये आवंटित किया है। जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि अस्पताल परिसर में पेयजल आपूर्ति के लिए नई बोरिंग की स्वीकृति मिली है। जल्द ही योजना पर काम शुरू कराया जाएगा।

### पूरा ब्लॉक में स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए 24.03 लाख स्वीकृत

पूराबाजार विकास खंड के गांव चरेरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए 24.03 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। कार्यदायी संस्था उप्र निर्माण व श्रम विकास सहकारी संघ को चुना गया है। प्रस्तावित योजना के तहत 16,44,101 रुपये से सिविल कार्य, 118165 रुपये से पेयजल आपूर्ति व सेनेटरी, 155006 रुपये से विद्युतीकरण, 80275 रुपये से सेप्टिक व सॉकपिट, 54950 से इंडिया मार्का हैंडपंप, 250378 रुपये से चहारदीवारी, 35858 से लोहे का मुख्य गेट और 17670 रुपये से इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाएगा।

### सीएचसी रुदौली व पीएचसी कोछा बाजार का होगा सुदृढ़ीकरण

शासन की ओर से सीएचसी-पीएचसी के सुदृढ़ीकरण योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीएचसी रुदौली को क्लस्टर हाउसिंग योजना के तहत 23.04 लाख रुपये का बजट दिया गया है। इस बजट से श्रेणी दो के छह आवास, फार्मासिस्ट आवास, श्रेणी तीन के छह आवास, चहारदीवारी की मरम्मत व रंगाई-पुताई का कार्य कराया जाना है। बीकापुर तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा बाजार के लिए योजना में 50.75 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत बजट में 8.62 लाख से पश्चिमी, 11.51 लाख से सामने व पीछे की चारदीवारी, 11.39 लाख से पूरब स्थित चारदीवारी व रिटेनिंगवॉल का निर्माण कराया जाएगा। 5.99 लाख से चिकित्साधिकारी, 7.33 लाख से श्रेणी दो के दो और 5.51 लाख से श्रेणी एक के दो आवास की मरम्मत व रंगाई-पुताई का प्रस्ताव है।

# जिला अस्पताल में जल्द खुलेगी एनसीडी क्लीनिक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में जल्द ही एक एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिसीज) क्लीनिक खोलने की तैयारी चल रही है। इस क्लीनिक में गैर संचारी रोगों का शत प्रतिशत इलाज हो सकेगा। क्लीनिक सामान्य ओपीडी की तरह सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक ही चलेगी। इसमें चिकित्सक व स्टाफ की नियुक्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से की जाएगी। विभाग की ओर से जिला अस्पताल प्रशासन से जगह की मांग की गई है। जिले में एकमात्र एनसीडी क्लीनिक अभी मेडिकल कॉलेज में संचालित हो रही है।

**गैर संचारी रोगों का होगा शत-प्रतिशत इलाज**

जिला अस्पताल में रोजाना तरह-तरह के मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें कई मरीज गैर संचारी रोग जैसे, शुगर, ब्लड प्रेशर व थैलेसीमिया इत्यादि के मरीजों की भी अधिकता रहती है। यह मरीज भी उन्हीं लाइनों में लगे रहते हैं जहां पर जुकाम-बुखार व अन्य संचारी रोगों से ग्रसित मरीज रहते हैं। ऐसे में उन मरीजों के संपर्क में आने से गैर संचारी रोगों के मरीजों में इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। यह घातक भी होता है। इसके लिए सरकार ने प्रदेश के समस्त जिला अस्पतालों में एनसीडी क्लीनिक खोलने की बात कही है। डिप्टी सीएमओ डॉ.दीपक पांडेय ने शनिवार को बताया कि अभी मेडिकल कॉलेज में क्लीनिक चल रही है। कुछ होगा तो आप लोगों से अवगत कराया जाएगा। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.उत्तम कुमार ने बताया कि क्लीनिक के लिए जगह मांगी गई है। ओपीडी के टाइम ही संचालित होगी। चिकित्सक व स्टाफ भी सीएमओ ऑफिस से ही नियुक्त किए जाने हैं।



### नहरबाग के राजा

गणेश जी शहर के कई स्थानों पर विराज चुके हैं। विधिवत पूजा पाठ शुरू हो चुका है। नगर के 90 स्थानों पर पार्वती पुत्र को विराजमान किया जाना है। मुख्य स्थानों पर सजे पंडालों में दर्शन करने को लोग उमड़ रहे हैं। रामपथ पर नहरबाग में श्री सिद्ध विनायक गणेश पूजा समिति की ओर से गणेश जी को विराजमान कराया गया है। ● अमृत विचार

# परिवर्तिनी एकादशी पर कनक बिहारी के विग्रह को कराया जल विहार



जानकी कुंड में कनक बिहारी के विग्रह को कराया जा रहा जल बिहार। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में परिवर्तिनी एकादशी बड़ी धूमधाम से मनाई गयी। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष एकादशी पर कनक भवन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विभिन्न अनुष्ठान हुए। इस अवसर पर कनक भवन परिसर में स्थित जानकी कुंड में जलविहार उत्सव का भी आयोजन किया गया। स्वर्गद्वार क्षेत्र स्थित हनुमान सदन मंदिर में विराजमान प्रभु के विग्रह को सरयू विहार कराया गया।

कनक भवन मंदिर के पुजारी दिनेश कुमार ने बताया कि हर साल परिवर्तिनी एकादशी पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। मंदिर में विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। इसके बाद शाम को कनक बिहारी सरकार को परिसर स्थित प्राचीन जानकीकुंड में नौका पर जल विहार कराया गया। नौका पर कनक बिहारी सरकार के विग्रह को विराजमान कर जल विहार कराया गया। साथ ही परिसर में स्थित लाल साहब दरबार में विराजमान लाल साहब भगवान को भी जल विहार कराया जाता है। जानकी महल में भगवान के जल विहार का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। देर रात तक कनक भवन परिसर भक्तों से गुलजार रहा।

# विधायक व एसडीएम ने सुनीं फरियाद

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गयाजिसमें उप जिलाधिकार व सुरेश पासी विधायक थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जिसमे 13 शिकायत आई जिसमें चार का ही हो सका निस्तारण दो पुलिस विभाग की दो राजस्व की इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इस मौके पर थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र व सत्य प्रकाश उप निरीक्षक चंद्रशेखर आज लोग मौजूद रहे।



थाना समाधान दिवस पर लोगों की फरियाद सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**कानून गो और लेखपाल पर लगाए आरोपः संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** थाना दिवस पर आज उप जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह को हरिनाथ पुत्र जयकरन व श्याम लाल पुत्र देवतादीन निवासी ग्राम सांडवा गडेरी थाना संग्रामपुर तहसील व जनपद अमेठी का मूल निवासी है हरिनाथ और श्याम लाल ने कहा कि 1787 जो की खाते की जमीन है उसी के बगल 1785 खाद गड्ढा है जिस पर अमित कुमार पुत्र जयकरन द्वारा अवैध निर्माण कार्य कानूनगो राजेश और लेखपाल की मिलीभगत से कराया जा रहा है।

हरिनाथ ने इसकी शिकायत आज संग्रामपुर मे थाना दिवस पर उप जिलाधिकारी अमेठी से की है उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल की सह पर विपक्षी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने अपनी जमीन की पैमाइस के लिए कई बार चक्कर लगाया है लेकिन उनकी कोई सुन नही रहा है। हरिनाथ ने उप जिलाधिकारी से अपनी जमीन की पैमाईश दूसरे कानून गो और लेखपाल से कराए जाने की मांग की है।

## महिला हुई जंगली जानवर की शिकार

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत दरखा ग्राम पंचायत के कालू का पुरवा में दो अलग-अलग गांव में जंगली जानवर सियार के काटने से एक महिला आरती पत्नी गिरिजा शंकर तिवारी 45 वर्ष सहित दो लोग घायल हो गए जिसको परिजनों ने गौरीगंज जिला अस्पताल ले गए जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ स्थित बलरामपुर हॉस्पिटल रेफर कर दिया आरती दरवाजे के सामने सो रही थी तभी सुबह एक जंगली सियार ने उन पर धावा बोल दिया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज किया जा रहा है।



## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांकः समग्र शिक्षा/क.गॉ.आ.वा.वि./5470/2024-25 दिनांकः 13 सितम्बर 2024

**विज्ञप्ति/सूचना**

प्रमुख सचिव उ.प्र. शासन के पत्रांक- बे.शि.अनु.-5/2805/68-5-2023-05/2020/लखनऊ दिनांक 01 फरवरी 2023, राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान उ.प्र. सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद, विद्या भवन, निशातगंज लखनऊ शासनादेश संख्या 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक के.जी.बी.वी./11308/2022-23 दिनांक 14 फरवरी, 2023 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, बदायूं के अनुमोदन दिनांक 10 सितम्बर 2024 के अनुपालन में जनपद बदायूं में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन करने हेतु पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक, शिक्षिका, सहायक रसोईया, अनुचर, चौकीदार के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से 1 वर्ष / शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिए संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित कर्मियों की आवश्यकता है:-

| क्र. सं. | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | रिक्त पद | आरक्षण/संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण: अनराक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु-सूचित जाति | अनु-सूचित जन-जाति | ई. डब्लू. ए. सं. | मानदेय प्रतिमाह (रूपये) में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षिका- विज्ञान | जेड.बी.सी. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका- गणित | पी.सी.एम. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका- सामा.वि. | भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र विषय में से किसी 1 विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 4. | अंशकालिक शिक्षिका - कम्प्यूटर | प्रशिक्षित स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए. / बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित डी.ओ. ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से से ओ-लेवल / ए लेवल डिप्लोमा आदि | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10780 |
| 5. | अंशकालिक शिक्षा- शारीरिक | बी.पी.एड., सी.पी.एड. एवं डी.पी.एड. आदि | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 6. | अनुचर | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6325 |
| 7. | चौकीदार | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6325 |
| | | कुल योग | 8 | 2 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 |

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं में स्वीकार्य किये जाएंगे। उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। उक्त पदों पर चयन हेतु अहर्ता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को जनपद बदायूं की वेबसाइट www.budaun.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशांत कुमार**
**जिला समन्वयक बालिका शिक्षा**
**समग्र शिक्षा, बदायूं**

**वीरेन्द्र कुमार सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बदायूं**


## व्यापारियों की आवाज को डीएम के सामने रखाः राजेश मसाला

**संवाददाता अमेठी, अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी मसाला ने फुटपाथ व्यापारियों की समस्या को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत को लिखा पत्र, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय परीक्षण। जिलाधिकारी निशा अनंत ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू कसौधन के अनुरोध पर जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता श्री राजेश मसाला ने अमेठी के छोटे व्यापारियों को रोजगार के लिए सुव्यवस्थित जगह देने की मांग की जिससे उनका रोजीरोटी चलती रहे। आम व्यापारी के दुःख दर्द को बताते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के आधार पर उनका दुकान हटवा दिया जाता है। जिस कारण दैनिक रुप से कमाने वाले व्यापारियों का उत्पीड़न होता है तथा इन लोगो को नयी जगह तलाश करके दुकान करनी पड़ती है। इससे निजात पाने हेतु अध्यक्ष ने जिलाधिकारी अमेठी से मिल कर उनकी पीड़ा को समझाते हुए अनुरोध किया गया। व्यापारियों को नपं अमेठी में उपयुक्त स्थल पर अस्थाई दुकान दी जाए।

## हार्टअटैक से दरोगा की गयी जान

**अमेठी, अमृत विचार।** विशेषरगंज बाजार से संग्रामपुर की तरफ आ रहे विजिलेंस दरोगा संतोष सिंह 50 किसी काम से निकले थे और वह कल अपनी बाइक से विशेश्वरगंज से संग्रामपुर की तरफ आ रहे थे तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। पास के ही दुकान पर रुक कर उन्होंने चाय पी और लोगों को बताया कि उनकी तबीयत खराब है। एंबुलेंस को फोन करके इसकी सूचना दी गई, जब तक एंबुलेंस आई तब तक उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई। बेहोशी के हालत में हो गए। ग्रामीण ने उनको एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी संग्रामपुर पहुंचाया जहां पर वो सीएससी संग्रामपुर पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** थाना रामगंज अंतर्गत अग्रेसर वा सोनारी ग्राम सभा के बॉर्डर पर हुई ई घटना सौरभ पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र यादव ग्राउंड पर दौड़ की प्रैक्टिस कर साईकिल से देर शाम वापस घर जा रहे युवक पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। हमले में युवक बालबाल बच गया उसकी पीठ में चोटें आयी है।

रामगंज थाना क्षेत्र के गांव अग्रेसर डंड़वा के ग्राउंड से दौड़ की प्रैक्टिस कर शनिवार देर शाम लगभग 7 बजे साईकिल से वापस घर जा रहे युवक पर रास्ते में अग्रेसर और सोनारी गाँव की सरहद पर पीछे से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया।फायर से18 वर्षीय सौरभ यादव घायल हो गया।गोली उसकी पीठ को छूते हुए निकल गयी। हमले में युवक बालबाल बच गया।सौरभ यादव रामगंज थाना क्षेत्र के गांव नकछेद का पुरवा मजरा सोनारी का निवासी है। बदमाश असलहा लहराते हुए फरार हो गये। सूचना पर पीआरवी और स्थानीय थाना रामगंज थाना प्रभारी व सीओ अमेठी लल्लन सिंह व सूचना पर पीआरवी घटनास्थल पर पंहुचकर जांच पड़ताल में जुटी थाना प्रभारी रामगंज आजेंद्र पटेल ने बताया घायल के निशान देही पर दो को हिरासत में लिया है।



बदमाशों की गोली से घायल युवक। अमृत विचार



ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को दी गई ट्रेनिंग।

## शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शुकुल बाजार के सभागार कक्ष व स्वामी विवेकानंद कक्ष में निपुण भारत मिशन अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित प्रशिक्षण के दूसरे दिवस द्वितीय बैच के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों को आकलन, ट्रैकर, भाषायी शिक्षण समेत गणित शिक्षण की जानकारी दी गई। अकादमिक रिसोर्स पर्सन राहुल पाण्डेय, अनूप कुमार तिवारी, दिलीप वर्मा, शिवकुश पाण्डेय, देवी शरण कनौजिया ट्रेनिंग दे रहे हैं। प्रशिक्षण में लवलेश शुक्ला, प्रदीप कौशल, प्रभाकांत तिवारी, निर्मल तिवारी, विपिन विश्वकर्मा, आरती, वंदना, रिचा त्रिपाठी आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# भाजयुमो ने फूंका पूर्व सीएम का पुतला

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा संतों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से पूरा हिंदू समाज आहत है जिसके विरोध में भारतीय युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर तिराहे पर सपा मुखिया अखिलेश यादव का पुतला फूंका।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा ने कहा कि अगर अखिलेश यादव ने दुबारा ऐसा कहा तो उन्हें फूंक दिया जाएगा। दरअसल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक दिन पहले संत महात्माओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और कहा था प्रदेश में माफिया है उसी तरह कि संत महात्मा हैं। आज युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अमेठी कस्बे के अंबेडकर तिराहे पर अखिलेश यादव का पुतला फूंक कर विरोध प्रकट किया।



पूर्व सीएम अखिलेश का पुतला फूंकते भाजयुमो के कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा ने कहा कि अखिलेश यादव ने एक दिन पहले संत महात्माओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

इसी को लेकर आज अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इस बयान से हिंदुओं को गहरा आघात लगा है। अखिलेश यादव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं उन्हें संत महात्माओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

## एक नजर

### डॉ. दिनेश बने जौनपुर के नए डीएम

**जौनपुर ।** उत्तर प्रदेश शासन ने गुरुवार की देर रात जौनपुर समेत प्रदेश के 29 जिलाधिकारियों का तबादला किया है। जिले के डीएम रविन्द्र कुमार को प्रयागराज की कमान सौंपा गया है। जिले के नये जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र होंगे। दिनेश चन्द्र जिले के 59वें जिलाधिकारी होंगे। रविंद्र कुमार का 7 महीना 12 दिन का कार्यकाल रहा। बता दें कि सहारनपुर में डीएम का कार्यभार सम्भाल चुके चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग उ.प्र. शासन के विशेष सचिव डॉ. दिनेश चन्द्र को जौनपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। वह 2012 बैच के आईएएस हैं।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** साइकिल से घर जा रहे बुजुर्ग की बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजन बिलखने लगे। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह निवासी 75 वर्षीय कलकू सरोज पुत्र दुखी सरोज शनिवार की सुबह आठ बजे रामपुर बावली बाजार से घर जा रहे थे। रामपुर जलेशरगंज रोड पर पूरे बख्तावर के समीप अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। घायल वृद्ध को लोगों ने इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक पुत्र हरीलाल व दो पुत्रियां शक्ति व सीता हैं।

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

**जौनपुर :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया। उपस्थित विद्यार्थियों ने हिंदी वर्णमाला के साथ हिंदी भाषा को अपने मन से जोड़े रखने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि हिंदी भाषा दिन प्रतिदिन वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रही है हिंदी बोलने वालों की संख्या में हो रही वृद्धि इसकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रतीक है। इसी क्रम में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर एवं डॉ. चंदन सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर मनोज कुमार पांडे, डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ सुरेन्द्र यादव समेत विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हवन पूजन के साथ गणपति महोत्सव का समापन

**जौनपुर।** शीतला चौकियां धाम में चल रहे गणपति महोत्सव के 7वें दिन धाम क्षेत्र में जगह–जगह बने पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर विधि विधान से गणपति महोत्सव का समापन किया गया। धाम क्षेत्र में बने सभी पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सभी पण्डालों में कढ़ी, चावल, मिष्ठान, फल प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया। शनिवार को पंडाल में विराजमान गणपति बप्पा को गाजे बाजे के साथ महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने नाचते गाते हुए विसर्जन करने नगर के विसर्जन घाट पहुंचे। गणपति बप्पा मोरया के जय जयकारों के साथ मूर्ति विसर्जित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने गणपति बप्पा को नम आंखों से विदा कर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ... के जयकारें करते हुए नजर आए।

### शुभम द्विवेदी का आईईएस में चयन

**प्रयागराज।** यूपीएससी की आईईएस परीक्षा में प्रयागराज नैनी (चटकहना) के शुभम द्विवेदी ने बाजी मार ली है। शुभम ने अपने माता, पिता व गांव का नाम रोशन किया है। परिवार में खुशी का माहौल है। पिता राजेश द्विवेदी और मां शकुंतला द्विवेदी बेटे के सफलता से उत्साहित और खुश है। शुभम द्विवेदी नेएनआईटी श्रीनगर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई करने के बाद प्लेसमेंट के दौरान बेंगलुरु में एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य भी किया है। छह महीने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ सिविल सेवा की तैयारी की।

# भानुचन्द्र को अहम जिम्मेदारी, नवनीत - अरविन्द का डिमोशन

**सख्ती**

- महाकुंभ की तैयारियों को लेकर गंभीर न होने पर हटाये गये डीएम, पीडीए वीसी
- लचर कार्यशैली को लेकर कमिश्नर पर लटकी तलवार

**प्रयागराज, अमृत विचार:** शासन ने करीब दो दर्जन आईएएस अफसरों को बीती रात नयी तैनाती दी है। इसमें कई आईएएस को जहां अच्छी तैनाती मिली है वहीं दो आईएएस को डिमोट किया गया है क्योंकि वह दोनों अफसर महाकुंभ -2025 की तैयारियों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं थे। इसमें जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज जैसे जिले से डिमोट करके आजमगढ़ का डीएम बनाया गया है। दूसरे आईएएस अरविन्द कुमार चौहान है जो प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज (पीडीए)के उपाध्यक्ष और प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक प्रयागराज मण्डल (आरएफसी) थे,इनको डिमोट करके शामली जिले का डीएम बनाया गया है। अब प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास पंत पर भी तबादले की तलवार लटक रही है क्योंकि वह भी महाकुंभ -2025 की तैयारियों को लेकर गंभीर नहीं है, क्योंकि महाकुंभ के अधिकांश कार्य पिछड़े हुए हैं और उन सभी कार्यो की बराबर मानीटरिंग नहीं हो पा रही है। महाकुंभ के तैयारियों के दौरान नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण का काम सबसे पिछड़ा हुआ है जिसके महाकुंभ तक पूरा होने की संभावना नहीं है।

प्रयागराज के निवर्तमान डीएम नवनीत सिंह चहल और पीडीए वीसी अरविन्द सिंह चौहान पर आरोप था कि यह लोग महाकुंभ 2024 - 2025 की तैयारियों को लेकर गंभीर नहीं थे। निवर्तमान डीएम नवनीत सिंह चहल महाकुंभ की तैयारियों को लेकर फील्ड में बहुत कम निकलते थे तो वहीं पीडीए वीसी अरविन्द सिंह चौहान अपनी विवादित कार्यशैली, डिशीजन समय से न लेने, वरिष्ठ अफसरों और जूनियर अफसरों से विवाद एवं महाकुंभ के कार्यों की ठीक से मानीटरिंग न कर पाने की वजह से पीडीए के वीसी पद से हटा दिए गये है। करीब छह माह पूर्व एक महिला द्वारा वीसी के चैम्बर में शादी को लेकर जमकर हंगामा हुआ था जिसकी रिपोर्ट प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने शासन को भेज दिया था। निवर्तमान पीडीए वीसी करीब चार वर्ष वीसी के पद पर थे लेकिन आम पब्लिक के लिए नये फ्लैट बनाना या नयी योजना शुरू करने के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं कर पाये जो कि इनकी सबसे बड़ी विफलता थी। शासन के सीधे हस्तक्षेप पर माफिया अतीक अहमद के कब्जे वाले लूकरगंज में जमीन पर गरीबों के 75 फ्लैट बने थे लेकिन उसमें भी पीडीए वीसी नहीं बल्कि पुलिस, प्रशासन के अफसरों ने खड़े होकर वहां निर्माण कराया था।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आगरा के डीएम भानुचन्द्र गोस्वामी के कद में बढ़ोतरी हुई है। उनको प्रदेश के सबसे प्रमुख पद राहत आयुक्त के पद पर तैनाती दी गयी है। इस पद पर पहले आईएएस जीएस नवीन कुमार तैनात थे लेकिन शासन उनकी कार्यशैली से नाराज़ चल रहा था। प्रदेश के नवनियुक्त राहत आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी सुल्तानपुर निवासी हैं।वह 2009 बैच के वरिष्ठ आईएएस है। भानुचन्द्र गोस्वामी एक व्यवहार कुशल, ईमानदार, आम लोगों के हित में काम करने वाले और दबंग आईएएस अफसर हैं। जो जौनपुर, प्रयागराज और आगरा जैसे महत्वपूर्ण जिलों में डीएम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज के वीसी थे। आज प्रयागराज शहर की जो अतिक्रमण मुक्त चौडी सड़कें, सजे हुए चौराहे, गलियां, फुटपाथ, डिवाइडर और सुंदर वाल पेंटिंग से सजी शहर की बिल्डिंग है वह सब भानुचन्द्र गोस्वामी की देन थी। शहर की सड़को को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सड़को के बीच, किनारे और चौराहों पर स्थित 200 से ज्यादा अवैध धार्मिक निर्माणों को रातों रात ध्वस्त कराकर शानदार चौड़ी सड़कें बनवा दिया था। शहर में चार फ्लाईओवर का निर्माण कराया था।

प्रयागराज के पूर्व डीएम भानुचन्द्र गोस्वामी ने शासन के निर्देश पर माफिया अतीक अहमद, माफिया अशरफ, माफिया विजय मिश्र और माफिया दिलीप मिश्र सहित तीन दर्जन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी बिल्डिंग्स को जहां ध्वस्त करवाया वहीं इन सभी माफियाओं के अवैध साम्राज्य पर जोरदार प्रहार करते हुए ध्वस्त कर दिया था।

## शाहगंज सीएचसी को मिला प्रथम स्थान

**जौनपुर।** कायाकल्प अवार्ड योजना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज प्रदेश में 7वां व जनपद में प्रथम स्थान पाकर गौरवान्वित हैं। इसके अंतर्गत कायाकल्प की टीम जो कि प्रदेश स्तर से आती है भारत सरकार के दिशा निर्देश पर और कई बिंदुओं पर जांच करती है बिंदुवार समीक्षा की जाती है और उसके पश्चात अंक प्रदान किए जाते हैं। इसमें अस्पताल के भवन की मरम्मत तथा उसकी दशा, परिसर की साफ सफाई, पुराने सामान का सदुपयोग, कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां, सामानों का रखरखाव,सफाई व्यवस्था, नए पार्क का निर्माण, मरीजों की बढ़ती हुई संख्या, लेबर रूम की दशा दिशा, बढ़ती हुई डिलीवरी की संख्या, भर्ती मरीजों की संख्या, उनका बेहतर उपचार, मरीज से लिया गया फीडबैक लिया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री ने बाल गृह में बच्चों का किया अन्नप्राशन

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, राजकीय बाल गृह परिसर का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज


बाल गृह में पहुंचीं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने बच्चों का किया अन्नप्राशन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केन्द्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर शनिवार को प्रयागराज पहुंची। उन्होंने राजकीय बाल गृह परिसर का निरीक्षण किया गया। केंद्रीय मंत्री ने पोषण माह सितम्बर, 2024 के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र में गर्भवती लाभार्थी नन्दनी एवं सपना की गोदभराई की। इसके अलावा शिशु गृह की बच्ची प्रकृति सहित आयुषी का अन्नप्राशन अपने हाथों से किया और शुभाशीष दिया।

उन्होंने बाल गृह परिसर में ही 'एक वृक्ष मां के नाम' समर्पित करते हुए (औषधि वृक्ष) मेडिकल प्लांट नीम का रोपड़ किया गया। उन्होंने बाल गृह शिशु का निरीक्षण कर संस्था में आवासित बच्चों की शिक्षा एवं खानपान की व्यवस्था को देखा। संस्था में आवासित नवजात शिशुओं को गोद में लेकर प्यार व दुलार किया गया और उपस्थित स्टाफ को बच्चों की उचित देखरेख और आत्मीयता से पालन पोषण के लिए प्रोत्साहित किया। केंद्रीय मंत्री ने राजकीय बाल गृह बालिका में बालिकाओं से मुलाक़ात कर उनकी दिनचर्या व शिक्षण को देखा। बालिकाओं की ओर से निर्मित हस्त उत्पाद का अवलोकन भी किया व उनके कार्यो को सराहा। हस्तशिल्प वस्तुओं को समृति स्वरुप केंद्रीय मंत्री को भेंट किया गया। उन्होंने राजकीय महिला शरणालय में निरीक्षण कर उनके बीते जीवन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को सरकार की योजनाओ को लाभार्थियो तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्या अनिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अखिलेश मिश्रा, सदस्य बाल कल्याण समिति अरविन्द कुमार, प्रोटोकाल अफसर अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सुदामा वर्मा, शहर बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीता सिंह व ओपी यादव, तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हिंदी दिवस पर छात्र और छात्राओं ने रखे अपने विचार



रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में चल रहा हिन्दी दिवस समारोह। अमृत विचार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल इंदिरानगर राजगढ़ में हिंदी दिवस के नाम रहा और यहां चल रहे हिंदी सप्ताह समारोह का आज समापन हुआ। हिंदी दिवस पर छात्र और छात्राओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिंदी सरल एवं सुगम है। यह बोलने में अच्छा लगता है। गांव से लेकर शहर तक सभी लोग सभी बोलते हैं। जिसमें विद्यालय में हिंदी से संबंधित विषयों पर कनिष्ठ, मध्यम एवं वरिष्ठ वर्गों में निबंध एवं स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। हिंदी विषय पर वाद– विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कक्षा 9 के सभी छात्र– छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बच्चों ने हिंदी भाषा पर रोशनी डाली। प्रधानाचार्या अंजलि मित्तल ने कहा कि हिंदी भाषा सभी भाषाओं में अलग है। यह पूरे भारत में बोली जाती है। पूरे भारत में आप कहीं भी जाएं सभी वर्ग हिंदी भाषा का सम्मान करते हैं और सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है। जिसमें अंश, आयुष, श्रद्धा, कृतिका, श्रेयांश, राजदीप,अंशु, अर्पिता, मुस्कान, स्वस्तिका बच्चों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या अंजलि मित्तल ने किया। इस मौके पर संगीता सिंह, वंदना सिंह, कृति सोनी, प्रतिमा जायसवाल, प्रीति सिंह रहे।

### समझौते के आधार पर मामले का निस्तारण करना उद्देश्य

**मिर्जापुर।** समझौते के आधार पर वादों के निस्तारण के लिए शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर, बाह्य ग्रामीण, राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल नेसुबह दीवानी कचहरी परिसर में राष्ट्रीयलोक अदालत का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश नेकहा कि छोटे क्रिमिनल, सिविल और उपभोक्ता फोरम, बैंक, बिजली और राजस्व के वादों का निस्तारण समझौत के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में कराया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण करना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों से दोनों पक्ष संतुष्ट होते हैं। उधर राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों की भीड़ सुबह से ही रही।

### गलरा के प्रधान के खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका खारिज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा के ग्राम प्रधान की खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जिस बात को लेकर ग्रामीणों तथा ग्राम प्रधान ने लोगों को शनिवार को मिष्ठान खिला कर कर खुशी मनाया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि ग्राम प्रधान के चुनाव के खिलाफ वादी की गैरमौजूदगी में दाखिल चुनाव याचिका पोषणीय नहीं है। याचिका दाखिल करते समय वादी का सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मौजूद होना बाध्यकारी नियम है। लालगंज तहसील की न्याय पंचायत खुटहा के ग्राम पंचायत गलरा की प्रधान के खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सी के राय की अदालत ने याची ममता मिश्रा पत्नी अरूण मिश्रा की याचिका पर अधिवक्ता नरेंद्र कुमार पांडेय को सुनकर दिया है। याची 26 अप्रैल 21 को हुए चुनाव में ग्राम प्रधान चुनी गई। विपक्षी कृष्णा देवी पत्नी शिव प्रसाद तिवारी ने चुनाव के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी एसडीएम की अदालत में अधिवक्ता के जरिये चुनाव याचिका दाखिल की। याची को नोटिस जारी किया गया तो उसने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति की। एसडीएम ने आपत्ति निरस्त कर सुनवाई करने का आदेश दिया।

### जनसेवा केंद्र संचालिका से बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग लूटा

थरवई, अमृत विचार : गंगानगर इलाके में शनिवार की सुबह बाईक सवार बदमाशों ने जनसेवा केंद्र चलाने वाली संचालिका के लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। संगीता मौर्य 40 वर्ष पत्नी अशोक कुमार मौर्य बैजपुर की रहने वाली है। वह बैंक ऑफ़ बडौदा शाखा सराय चंडी का जनसेवा केंद्र चलाती है। शनिवार की सुबह वह अपने केंद्र जा रही थी। तभी सराय चंडी रेलवे फाटक के समीप बैजपुर गांव के पास अचानक पीछे से नकाबपोश बाइक सवार दो बदमाशों ने उनको धक्का दे दिया। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। नकाबपोश बदमाशों ने महिला के हाथ से बैग छीन कर भाग निकले। पीड़िता महिला ने बताया कि बैग में 80 हजार रुपये नकदी व लैपटॉप और मोबाइल था। लूट की सूचना पाकर एसीपी चंद्रपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक अरविंद गौतम पुलिस व एसओजी की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच गए। टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक सवार लुटेरों की तलाश शुरु कर दी। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### लोकविधा पर आधारित लोक संगीत महोत्सव आयोजित


मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**जौनपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित रिपेट्री अनुदान के अंतर्गत सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के सौजन्य से अमारी गांव स्थित संस्था मुख्यालय पर एक दिवसीय अवधी लोक संगीत महोत्सव कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। संगीत उत्सव कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने लोकगीत, लोकनृत्य, भजन, कजरी, सोहर, नटका आदि के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक संगीत उत्सव के प्रारंभ में संगमलता व साथी टीम ने वृंदावन जाऊंगी सखी वृंदावन जाऊंगी मोहे उठे विरह के पीर सखी वृंदावन जाऊंगी की प्रस्तुति से लोगों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में बृजेश पाण्डेय ने कजरी गीत चला राम जन्मभूमि हम दिखाई देब अयोध्या घुमाई देब ना की अनुपम प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में लोक कलाकार अंकित मिश्रा, लालचंद पाण्डेय, लालचंद शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, आरती पाण्डेय, प्रीती तिवारी, गिरजाशंकर मिश्रा, सौरभ पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, लालता प्रसाद विश्वकर्मा आदि लोक कलाकारों ने भी संगीत प्रस्तुत कर लोगों को आकर्षित किया। संचालन इंद्र कुमार ने किया तथा सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के अध्यक्ष पं. दयाशंकर पांडे एवं सचिव पं. इंदुप्रकाश मिश्रा ने लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## वाचमैन की मुम्बई में हत्या

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव निवासी 28 वर्षीय कृष्णकांत पांडेय न्यू मुम्बई के परनवेल में एक कंपनी में बाचमैन का कार्य करता था शुक्रवार की देर रात्रि ड्यूटी कर अपने कमरें पर लौट रहा था कि रास्ते में कुछ स्थानीय व बिहारी श्रमिकों से विवाद हो गया जिससे स्थानीय लोगों व श्रमिकों ने बाचमैन की पिटाई कर दिया जिससे बाचमैन को गंभीर रुप से चोट लगने से मौत हो गई स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पंहुची संबधित थाने की पुलिस ने बाचमैन के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## अखिलेश के बयान पर भड़का भाजयुमो



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता।

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मठाधीश और माफिया वाले बयान पर भाजयुमो कार्यकताओं ने नाराजगी जताई। आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सपा अध्यक्ष का पुतला फूंका।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव को अपने इस बयान के लिए सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही नहीं बल्कि अन्य सभी सनातनी मठों के मठाधीश के साथ साथ सभी सनातनियों से भी माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव,मदन पाल,नीरज अग्रहरि,मण्डल अध्यक्ष प्रिंस पांडेय,विकल पाण्डेय,रोहित सिंह,राहुल मौर्य,पंकज द्विवेदी, विनय सिंह,निहाल सिंह,प्रांजल सिंह,मनीष पाण्डेय,सिद्धार्थ सिंह,गजराज सिंह,राम आसरे पाल,राम शर्मा आदि रहे।

## मिर्जापुर में अखिलेश का पुतला दहन

**मिर्जापुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्र मोंटी के नेतृत्व में अखिलेश यादव के द्वारा मठ मंदिरों को माफियाओं के अड्डा कहे जाने का पुरजोर विरोध किया एवं गणेशगंज तिराहा पे अखिलेश यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्र मोंटी ने कहा कि अखिलेश यादव 2024 के चुनाव परिणाम के बाद से मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है। इस दौरान शिवम अग्रहरी, उत्कर्ष पांडेय, अभिनव सिंह, शशांक त्रिपाठी, दीपक शुक्ला, आकाश गुप्ता, अश्वनी गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर में 7 सेमी प्रति घंटे की दर से गंगा में बढ़ रहा जलस्तर

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** गंगा के जलस्तर में शुक्रवार की रात से ही सात सेमी प्रति घंटे की दर से हो रहा है। इससे गंगा के तटवर्ती इलाके में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गई है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि से नगर के पक्केघाट, नारघाट एवं अन्य घाटों की सीढ़ियां डूब गई है। वहीं गंगा के जलस्तर में तेजी से हो रहे वृद्धि से तटवर्ती इलाके के गांवों के लोग बाढ़ को लेकर चिंतित है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गंगा के जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो कोन ब्लाक, मझवां, सीखड़, पहाड़ी व नरायनपुर ब्लाक के सैकड़ों गांवों मेंबोई गई खरीफ की फसल, धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, मूगफली की फसल डूब जाएगी। इससे किसानों को क्षति होगी। वहीं प्रशासन भी संभावित बाढ़ को लेकर सतर्क हो गया है। बाढ़ चैकियों पर तैनात लेखपालों को गंगा के जलस्तर पर बराबर नजर रखने की हिदायत दी गई है।

## सरकारी स्कूल पर कब्जे की जिलाधिकारी से शिकायत




**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर के दो अलग-अलग मोहल्ले के प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। मामले में शिक्षकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। शहर के बलीपुर-टक्करगंज विद्यालय में लक्ष्मी मिश्रा प्रधानाध्यापक के रूप में तैनात हैं। जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कुछ लोग जबरन विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर रहे हैं।

## 17 करोड़ से बनने वाले शिवालय का महापौर ने किया शिलान्यास

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्थित अरैल में लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से शिवालय पार्क बनाया जाएगा। 11 एकड़ भूमि पर तैयार होने वाले इस शिवालय को पर्यटन से जोड़ने के लिए भव्य स्वरूप देने के साथ ही तमाम सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। शनिवार को महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने शिवालय पार्क का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि इस शिवालय पार्क में भगवान शिव के दिव्य दर्शन होंगे। साथ ही नैनी और प्रयागराज के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले करोड़ों तीर्थ यात्रियों का प्रमुख पर्यटन स्थल बनेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रणविजय सिंह डब्बू, दिलीप जायसवाल, संजय कुमार और अन्य स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** बीएसएस एकेडमी फुलवारी में अनोखे अंदाज में मनाया गया हिंदी दिवस

# स्वर व व्यंजन बने बच्चे, प्रस्तुतियों से बताई हिंदी भाषा की महत्ता



हिंदी दिवस पर बीएसएस एकेडमी में वर्णमाला की प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी फुलवारी में हिंदी दिवस अनोखे अंदाज में मनाया गया। स्वर और व्यंजन बने बच्चों ने प्रस्तुतियों से हिंदी की महत्ता को बताया। शुभारंभ विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस न केवल हमारी भाषा के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि इससे बच्चों को भाषा की गहराई और सृजनात्मकता को समझने का अवसर मिलता है। चांदनी श्रीवास्तव, अथर्व सोमवंशी, श्रद्धा सिंह, अन्वी पांडेय, ध्रुवी सिंह, शशांक सिंह, इच्छा ओझा, शुभी सिंह, आरुषि, जैद अंसारी, श्रेजा यादव, वर्तिका, रिषु, दिव्यलाना पटेल, तहसीन, विराट उपाध्याय ने प्रस्तुति दी। केजी के बच्चों हिंदी के महत्व पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। वान्या सिंह, माही गुप्ता, शाम्भवी, शिखर, अनुप्रिया, परी, समृद्धि ने कविता और विनायक, शौर्य प्रताप सिंह ने कहानी की प्रस्तुति दी। शुभी गौतम, कृतिका, अर्थ सिंह, रिधिका आदि ने हिंदी वर्णमाला की महत्ता बताई।

### आधुनिकीकरण ने किया हिंदी को कमजोर करने का प्रयास : प्रो.अमित

**प्रतापगढ़ :** पीबीपीजी कालेज सिटी में हिंदी दिवस के अवसर पर शनिवार को डीएलएड विभाग में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी व साहित्य को लेकर प्रश्न पूछकर प्रशिक्षुओं के ज्ञान का अंकन किया गया। कार्यक्रम शुरू करते हुए प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नगरीकरण व आधुनिकीकरण ने हिंदी को कमजोर करने का प्रयास किया है। डीएलएड प्रशिक्षु अंकिता विश्वकर्मा, निधि चौरसिया, ज्योति, खुशी खंडेलवाल, पूनम पाल, राजेन्द्र गौतम, अंकित यादव आदि ने हिंदी भाषा के उत्थान और आगे बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने हिंदी से जुड़े संस्मरण साझा किए। संचालन सुनीत कुमार सिंह ने किया। कृष्ण कुमार शर्मा, सहदेव सिंह, अवनीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जम्मू में आतंकवाद रोधी अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हाल में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ों के बाद सुरक्षाबलों ने शनिवार को किश्तवाड़, उधमपुर, पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में 11 सितंबर को हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जैईएम) संगठन से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए जबकि दो अन्य घायल हो गए जिसके बाद तलाश अभियान चलाया गया।

### सीआरपीएफ के हवलदार ने खुद को मारी गोली, मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपनी सर्विस रायफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह गादीरास गांव में सीआरपीएफ के 226वीं बटालियन के शिविर में हवलदार विपुल भूयान (44) ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिली है कि भूयान ने शिविर के शौचालय में एके-47 राइफल से खुद को गोली मार ली।

### बीकानेर में सड़क हादसे में शिशु सहित तीन की मौत

**जयपुर।** बीकानेर जिले में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों व एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नौरंगदेसर के पास यह हादसा एक कार और जीप की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। इसके अनुसार कार सवार लोक एक शोकसभा से लौट रहे थे। हादसे में मनोज सोनी, कल्याण सोनी और आठ महीने के बच्चे की मौत हो गई। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं हैं। ये लोग बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ से थे।

### हिमाचल में बारिश के कारण 156 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 5 (हिंदुस्तान-तिब्बत रोड) सहित कुल 156 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम से राज्य के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश जारी है और कटौला में सर्वाधिक 78 .5 (मिलीमीटर) मिमी बारिश दर्ज की गई।

# ममता का काम पर लौटने का आग्रह, डॉक्टरों ने ठुकराया

## गतिरोध के बीच धरनास्थल पहुंचीं मुख्यमंत्री, मांगों पर गौर करने तथा दोषी पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जारी गतिरोध के बीच शनिवार को जूनियर चिकित्सकों के धरनास्थल पर पहुंचीं और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने तथा दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से बनर्जी ने कहा कि वह उनके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगी क्योंकि वह आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं रखतीं।

उन्होंने कहा कि बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है। मुख्यमंत्री के जाने के बाद चिकित्सकों ने कहा कि वह बातचीत होने तक मांगों पर समझौता को तैयार नहीं हैं। बनर्जी पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ अचानक अपराह्न एक बजे सेक्टर 5 स्थित धरनास्थल पहुंचीं। बनर्जी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आपकी दीदी के तौर पर मिलने आई हूं। मैं आपकी मांगों पर गौर करूंगी और अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई करूंगी। उन्होंने धरने पर बैठे चिकित्सकों से काम पर लौटने का आग्रह किया।



धरनारत डॉक्टरों को संबोधित करती ममता बनर्जी।

### चिकित्सक बैठक के लिए बनर्जी के आवास पहुंचे

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल में हुई घटना के बाद उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए चिकित्सकों का समूह शनिवार शाम को कालीघाट क्षेत्र में स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर पहुंचा। 30 चिकित्सकों का दल शाम छह बजकर 45 मिनट पर वहां पहुंचा। बैठक के लिए तय समय शाम छह बजे था। सरकार ने बैठक के लिए 15 लोगों को आमंत्रित किया था। सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर स्थित धरनास्थल से रवाना होने से पहले चिकित्सकों ने कहा कि उन्होंने सरकार के समक्ष पहले जो पांच मांगें रखी थीं, उससे कम पर राजी नहीं होंगे। इससे पहले, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के ई-मेल का जवाब देते हुए आंदोलनकारी चिकित्सकों ने कहा कि वे बैठक में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखेंगे।

### डॉक्टरों में संदेह के बीज बोने गई थीं ममता : भाजपा

**नई दिल्ली।** आरजी कर मामले में विरोध कर रहे चिकित्सकों के प्रदर्शनस्थल पर ममता बनर्जी के दौरे को लेकर भाजपा ने आरोप लगाया कि उन्होंने डॉक्टरों के बीच संदेह के बीज बोने और फोटो खिंचाने के लिए यह दौरा किया। भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य भवन जाते समय रास्ते में चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन स्थल का दौरा किया, पांच मिनट भाषण दिया। उन्होंने दावा किया कि ममता ने चिकित्सकों से बातचीत नहीं की और न ही उनकी बात सुनी।

### माकपा नेता समेत दो लोग चिकित्सकों पर हमले की साजिश में गिरफ्तार

**कोलकाता।** माकपा के नेता कलातन दासगुप्ता समेत दो लोगों को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने फोन कॉल की ऑडियो क्लिप जारी की, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। घोष ने आरोप लगाया था कि राज्य में ममता बनर्जी सरकार को बदनाम करने के लिए साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश रची जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। गिरफ्तार दूसरा आरोपी संजीव दास है। पुलिस ने बताया कि दासगुप्ता को सेक्टर 5 में स्वास्थ्य भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन स्थल से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा-आरएसएस की जागीर बन गया जम्मू-कश्मीर : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा कब बहाल होगा

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर भाजपा और आरएसएस की नियंत्रित नौकरशाही की जागीर बन गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल होगा। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए डोडा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा किया।

रमेश ने एक्स पर कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में हैं। 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के गिरने के बाद से जम्मू-कश्मीर का प्रशासन केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब वापस मिलेगा?

### मोदी के तीसरे कार्यकाल में बढ़ा आतंकवाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र-शासित प्रदेश में आतंकवाद और मजबूत होकर लौटा है, जबकि कई साल पहले इसका सफाया कर दिया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद 98 दिन में जम्मू-कश्मीर में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं। बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति कायम हो जाएगी।

# सुन्नी में गरजे हिंदू संगठन, मस्जिद का सुरक्षा घेरा बढ़ाया, बाजार रहे बंद

शिमला, एजेंसी

- सिरमौर के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में अवैध मस्जिदों के खिलाफ प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश में मस्जिद विवाद थम नहीं रहा। शिमला के संजौली से उपजा विवाद राज्य के कई अन्य इलाकों में भी पहुंच चुका है। शनिवार को सिरमौर के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में अवैध मस्जिदों के खिलाफ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के आह्वान पर कई जगह बाजार बंद रहे। संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण हटाने और प्रवासियों की जांच की मांग को लेकर शिमला ग्रामीण विधानसभा के सुन्नी में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में बाजार दो से तीन घंटे के लिए बंद रहे। हिंदू संगठनों के लोग रैली निकालकर आगे बढ़े। प्रदर्शन में महिलाएं भी रहीं।

रैली सुन्नी चौक पहुंचने के बाद हिंदू संगठनों के नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। संजौली में लोगों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध जताया। संजौली प्रदर्शन में शामिल रहे लोगों के खिलाफ दर्ज किए मामलों को वापस लेने की मांग उठाई। लोगों ने प्रदेश सरकार को चेताया कि यदि जल्द केस वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन होंगे। कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों का प्रमाणीकरण करवाया जाए। लोगों ने सुन्नी में बनी मस्जिद की जांच की मांग भी उठाई।

# सेबी प्रमुख ने नियम तोड़कर किया सत्ता का दुरुपयोग, अनुचित लाभ कमाया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ प्राप्त किए, जबकि बुच को सेबी से भी वेतन मिल रहा था : पवन खेड़ा

कांग्रेस ने कहा है कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने नियमों का उल्लंघन कर सत्ता का दुरुपयोग किया है और निजी स्तर पर अनुचित लाभ कमाया है। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने सत्ता का दुरुपयोग कर निजी लाभ के लिए नियमो को तोडा है। उसकी परतें गत 2 सितंबर से उजागर होनी शुरू हुई है कि कैसे उन्होंने देश को धोखा दिया है।

उन्होंने कहा कि दो सितंबर को पता चला कि बुच ने आईसीआईसीआई बैंक और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से 16.8 करोड़ रुपये वेतन, ईएसओपी और ईएसओपी पर टीडीएस के रूप में प्राप्त किए, जबकि उन्हें सेबी से भी वेतन मिल रहा था। खेड़ा ने कहा कि चौंकाने वाली बात है कि सेबी इस दौरान आईसीआईसीआई और उसके सहयोगियों के खिलाफ शिकायतों को संभाल रहा था। 3 सितंबर को आईसीआईसीआई के स्पष्टीकरण के बाद, हमने एसओपी और टीडीएस के बारे में नए तथ्यों पर जवाब दिया जो अभी तक नहीं मिला है।

# हरियाणा : गहलोत, माकन व बाजवा बने वरिष्ठ पर्यवेक्षक

- कांग्रेस अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गहलोत, माकन और बाजवा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

# भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ दो मामले दर्ज

- उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ कथित उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार करने के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि राजराजेश्वरीनगर से विधायक मुनिरत्न के खिलाफ शुक्रवार को व्यालिकावल पुलिस थाने में दो मामले दर्ज किए गए।

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के ठेकेदार चेलुवराजू की शिकायत पर दर्ज पहली प्राथमिकी में विधायक पर 30 लाख की रिश्वत मांगने और राशि न मिलने पर अनुबंध समाप्त करने की धमकी देने का आरोप है। चेलुवराजू ने आरोप लगाया कि मुनिरत्न ने 2021 में ठोस अपशिष्ट निपटान अनुबंध को 20 लाख की मांग की, लेकिन अपशिष्ट प्रबंधन अनुबंध के लिए 10 ऑटो ट्रिपर के लिए भुगतान के बावजूद, निकाय ने वाहनों को उपलब्ध कराने की स्वीकृति नहीं दी।

# ईडी ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने खुद को कथित तौर पर सीबीआई और दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने में तमिलनाडु से चार और लोगों को गिरफ्तार किया। धनशोधन रोधी केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के मुताबिक तमिलारसन कुप्पन (29), प्रकाश (26), अरविंदन आई (23) और अजीत (28) को तमिलनाडु के पल्लीपट्टु से हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि विशेष अदालत ने चारों को चार दिनों की हिरासत में भेज दिया। ये गिरफ्तारियां बेंगलुरु में दर्ज 2.6 करोड़ की साइबर ठगी में हुई है। ईडी ने इस मामले में पिछले महीने बेंगलुरु से चार लोगों को पकड़ा था। चारों आरोपी मुखौटा कंपनियों का गठन करने और बैंक खाते खोलने में शामिल थे।

# सुकमा में इनामी नक्सली समेत आठ गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने इनामी नक्सली समेत आठ को गिरफ्तार कर उनके पास से विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। 12 सितंबर को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ, जिला बल, बस्तर फाइटर और जिला रिजर्व गार्ड की टीम गश्त पर गई थी। टीम जब बैनपल्ली गांव पहुंची तब कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी का एक्स हैक कर राहुल गांधी पर की अभद्र टिप्पणी

नोएडा, एजेंसी

- कांग्रेस किसान मोर्चा ने सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया विरोध आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा के एक्स अकाउंट को हैक कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया। इसके बाद कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौतम अवाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया।

अवाना ने दावा किया कि जिलाधिकारी के एक्स अकाउंट से राहुल गांधी के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से मिलकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक निदेशक (सूचना) सुनील कनौजिया ने 13 सितंबर को सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर लिया है। हैकर ने अभद्र राजनीतिक टिप्पणी की, जो आपत्तिजनक है।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 75,000 |
| सोना रवा | 74,850 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 85,600 |
| चांदी (999) | 85,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए सरकार बढ़ा रही निर्यात : शाह

## बोले गृहमंत्री- प्याज-बासमती चावल के एमईपी को हटाए गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात शुल्क 40 से घटाकर 20% करने का भी लिया गया फैसला

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है, जिससे किसानों को लाभ हो सके। शाह ने कहा कि सरकार ने प्याज और बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटाने समेत तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने प्याज पर एमईपी हटाने और निर्यात शुल्क को 40 से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार ने बासमती चावल पर भी एमईपी समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे चावल उत्पादक किसान इनका निर्यात करके मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात पर शुल्क को 12.5 से 32.5% बढ़ाने और इनके रिफाइंड तेलों पर शुल्क को 13.75 से 35.75% करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

### निर्यात नियम आसान होने से बढ़ेगा रोजगार: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कृषि निर्यात नीतियों में हाल के बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि बासमती चावल और प्याज पर निर्यात मानदंडों को आसान बनाने और कुछ खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा होंगे। मोदी ने एक्स पर कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्याज पर निर्यात शुल्क कम करना या खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने जैसे फैसले उत्पादकों को लाभ पहुंचाने वाले हैं। इनसे जहां उनकी आय बढ़ेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# यूएस फेड रेट में कटौती का भारतीय बाजारों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
आर्थिक विशेषज्ञ

ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों का भारत सहित वैश्विक बाजारों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, अमेरिका वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फेडरल द्वारा किसी भी दर में कटौती से उभरते बाजारों पर प्रभाव पड़ सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा अपेक्षित दर में कटौती से भारत को अमेरिका के समान परिणामों का अनुभव नहीं हो सकता है। भारतीय शेयर बाजार, बांड बाजार, मुद्रा विनिमय दरें और अर्थव्यवस्था भी इसका प्रभाव महसूस करेगी। इस बात का विवरण दिया गया है कि फेड रेट में कटौती भारतीय बाजारों को कैसे प्रभावित कर सकती है।

**विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि :** फेड दर में कटौती अमेरिकी ट्रेजरी बांड जैसे निवेश पर कम रिटर्न से अमेरिकी परिसंपत्तियों को निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है। जब ऐसा होता है तो निवेशक उभरते बाजारों में उपज तलाशते हैं। भारत मजबूत शेयर बाजार के साथ, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए आकर्षक बन है।

**इक्विटी पर प्रभाव :** भारतीय शेयरों में एफआईआई निवेश में बढ़ोतरी से इक्विटी में तेजी आ सकती है। आईटी, बैंकिंग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में पूंजी प्रवाह हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतें ऊंची हो सकती हैं। विदेशी निवेश से भारतीय बाजारों में अस्थिरता हो सकती है। जबकि अल्पकालिक लाभ की उम्मीद है, फेड नीति या वैश्विक जोखिम भावना में बहिर्वाह शुरू हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतों में तेज सुधार हो सकता है।

**भारतीय रुपये की सराहना :** फेड रेट में कटौती का प्रभाव भारतीय मुद्रा पर होगा। जब फेडरल ब्याज दरें कम करता है, तो डॉलर अन्य मुद्राओं के मुकाबले कमजोर होता है, जिससे रुपये की सराहना हो सकती है, क्योंकि निवेशक भारतीय संपत्तियों में निवेश करने के लिए डॉलर को रुपये में बदलते हैं।

**व्यापार के लिए निहितार्थ :** मजबूत रुपये का सकारात्मक और नकारात्मक पड़ता है। सकारात्मक पक्ष पर, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम तोनकारात्मक पक्ष वैश्विक बाजार में भारतीय निर्यात को और महंगा बना देता है, जिससे संभावित क्षेत्रों को नुकसान हो सकता है।

**बांड पर प्रभाव :** अमेरिका में कम ब्याज दरें वैश्विक निवेशकों को भारत सरकार और कॉर्पोरेट बांड जैसी अधिक उपज देने वाली संपत्तियों में बेहतर रिटर्न की तलाश करने के लिए प्रेरित करेंगी।

**आर्थिक विकास को बढ़ावा :** फेड दर में कटौती अप्रत्यक्ष रूप से भारत की विकास संभावनाओं को बढ़ावा दे सकती है। विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि और वैश्विक स्तर पर कम ब्याज दरों के साथ, भारत सरकार और व्यवसायों दोनों के लिए उधार लेने की लागत में कमी देख सकता है। इससे बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और सेवाओं, विकास को गति देने वाले प्रमुख क्षेत्रों में अधिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। तेल की कीमतों में कमी (रुपया की मजबूती पर) से मुद्रास्फीति के दबाव को रोकने में मदद मिलेगी, जिससे आरबीआई को ब्याज दरों को कम रखने या यहां तक कि अपनी दरों में कटौती पर विचार करने के लिए अधिक जगह मिलेगी।

**मुद्रास्फीति और आरबीआई नीति :** भारत की मौद्रिक नीति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति एक प्रमुख कारक है। फेड रेट में कटौती से मुद्रास्फीति पर दोहरा प्रभाव पड़ सकता है। सबसे पहले, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम करेगा, विशेष रूप से तेल, जो मुद्रास्फीति में एक प्रमुख योगदानकर्ता हैं। दूसरी ओर, भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी पूंजी के प्रवाह से परिसंपत्ति मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, खासकर शेयर बाजार और रियल एस्टेट क्षेत्र में। इससे कुछ क्षेत्रों में मुद्रास्फीति का दबाव पैदा हो सकता है, जिससे आरबीआई को अपनी मौद्रिक नीति को सावधानीपूर्वक संतुलित करने की आवश्यकता होगी।

**विचार योग्य जोखिम :** फेड दर में कटौती का समग्र प्रभाव आम तौर पर भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है, फिर भी विचार करने के लिए कई जोखिम हैं :

**वैश्विक जोखिम :** यदि फेड की दर में कटौती को अमेरिका या वैश्विक स्तर पर कमजोर होती आर्थिक स्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में माना जाता है, तो यह निवेशकों के बीच जोखिम के प्रति घृणा पैदा कर सकता है।

# देश की पहली डिजिटल लॉटरी पहला इनाम 50 करोड़ रुपये

विशेष संवाददाता, शिलांग

- मेघालय सरकार ने की लॉन्च, टिकट 5 हज़ार का, पारदर्शिता का दावा
- बार-बार हारे जाने पर खाता हो जाएगा अस्थाई रूप से बंद

मेघालय सरकार ने देश की पहली डिजिटल लॉटरी मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा की मौजूदगी में लांच की। पहला इनाम 50 करोड़ है। साथ ही टिकट की कीमत 5 हजार रुपये रखी गई है। easyLottery. In पर टिकट खरीद से लेकर पुरस्कार तक की जानकारी है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह सरकारी स्वीकृति लॉटरी वितरण वेबसाइट है, जो सुरक्षित, संरक्षित और पारदर्शी है। ड्रा को छोड़कर टिकट वितरण से लेकर पुरस्कार तक का काम डिजिटल होगा। मशीने ऐसे डिजाइन हुई हैं कि गड़बड़ी की गुंजाईश नहीं है। गैर हस्तांतरित टिकट नीति से यह प्लेटफार्म सुनिश्चित करेगा कि पुरस्कार लॉटरी मालिक के खाते में पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि लॉटरी जीते तो खरीदार की बल्ले-बल्ले और हारे तो टैक्स सरकार को मिलेगा, जो जनहित में खर्च होगा। इससे जीएसटी संग्रह बढ़ेगा। बार -बार हारने पर खाता अस्थाई रूप से बंद हो जाएगा। ड्रा से पहले लॉटरी के 2.6 लाख टिकट डिजिटल प्लेटफार्म से बेचे जाएंगे। पहला ड्रा 10 नवम्बर को होगा।

# भारत खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : रामनाथ ठाकुर

- ब्राजील में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में बोले किसान कल्याण राज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने और वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 12-14 सितंबर को ब्राजील के कुइआबा में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह टिप्पणी की।

भारत ने बैठक में खाद्य सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया कि हमारा दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री से राहत, कीमतें गिरीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- मोबाइल वैन, एनसीसीएफ और नैफेड के जरिए 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री हुई थी शुरू

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 से घटकर 55 रुपये प्रति किलो हो गई, जबकि मुंबई में 56 और चेन्नई में खुदरा कीमत 58 रुपये प्रति किलो हो गई।

सरकार ने मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलो की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री शुरू की है। दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है। मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। सरकार ने प्रमुख शहरों में प्याज़ का थोक निपटान भी शुरू कर दिया है।

### राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा विभाग

रसद आपूर्ति में सुधार और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सड़क और रेल दोनों को शामिल कर दोहरी परिवहन रणनीति लागू की जा रही है। उपभोक्ता मामले विभाग मांग और मूल्य प्रवृत्तियों के आधार पर लक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने को राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि 4 .7 लाख टन प्याज के बफर स्टॉक और वृद्धि के साथ सरकार को उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी।

## एक नजर

### ब्रिक्स सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा चीन

**बीजिंग।** चीन के उप विदेश मंत्री चेन जियाओदोंग ने यहां 11वें जियांगशान सुरक्षा फोरम में कहा कि चीन ब्रिक्स के भीतर उपयोगी सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा। जियाओदोंग ने कहा कि चीन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, चीन-मध्य एशिया जैसे तंत्रों की संरचना में सहयोग को बढ़ावा देगा, ताकि एक दूसरे के पूरक बनें। यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि ग्रेटर ब्रिक्स सहयोग सुरक्षा के क्षेत्र में फलदायक बना रहे।

### बांग्लादेश में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी कॉक्स बाजार जिले में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में छह लोगों की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद शमसुद्दौजा नयन ने कहा कि ढाका से लगभग 392 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले में एक शरणार्थी शिविर में गुरुवार को भारी भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण शिविर में कम से कम तीन झोपड़ियां नष्ट हो गई।

### छत ढहने से एक ही परिवार के पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में आंधी-तूफान के कारण शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढहने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चारसद्दा जिले के तुरंगजई गांव में भीषण तूफान आने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक दंपति और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। उसने बताया कि स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने शवों को मलबे से निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### कोमोरोस के राष्ट्रपति पर चाकू से हमला

**मोरोनी।** हिंद महासागर के द्वीपीय देश कोमोरोस के राष्ट्रपति पर शुक्रवार को उस समय चाकू से हमला किया गया जब वह एक धार्मिक नेता के अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुंचे थे। इस हमले में राष्ट्रपति मामूली रूप से घायल हुए हैं। राष्ट्रपति के कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति को बचाने की कोशिश में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति अजाली असौमानी मामलू रूप से घायल हुए हैं और वह अपने घर लौट आए हैं।

### बोइंग के 30 हजार से अधिक कर्मी हड़ताल पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरलाइन बोइंग कंपनी के 30 हजार से अधिक कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी संबंधी और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। इस वर्ष बोइंग कंपनी को आठ अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। कंपनी पहले से ही 60 अरब डॉलर के कर्ज और कई सुरक्षा मुद्दों से जूझ रही है। कर्मचारियों के जाने पर शेयर में भी भारी गिरावट देखी गयी।

### ईरान ने अफ़गानिस्तान में हुए हमले की निंदा की

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने मध्य अफगानिस्तान के दयाकुंडी प्रांत में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा किये गये हमले की कड़ी निंदा की है। कनानी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जबावी कार्रवाई करने के लिए प्रभारी अफगानिस्तान अधिकारियों को अपना समर्थन देने के लिए कहा और अपराधियों को दंडित करने के लिए तत्काल उपाय करने का भी आह्वान किया।

# एफबीआई की सूचना पर साइबर अपराधी को पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल व लैपटॉप बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुद को तकनीकी सहायक बताकर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर की ठगी करने के आरोपी साइबर अपराधी को मंबई से गिरफ्तार किया है। आधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के साथ समन्वय में साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चक्र-3 चलाया जा रहा है और इसी के तहत सीबीआई ने एक जटिल वर्चुअल संपत्ति और सोना-चांदी आधारित साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जो 2022 से दूसरे देशों में लोगों को निशाना बना रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक गत दो दिनों में सात जगहों पर ली गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने मुंबई से ठगी कर रहे कथित साइबर अपराधी विष्णु राठी के परिसरों से 100-100 ग्राम के 57 सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टो करेंसी के प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाला लैपटॉप, लॉकर के विवरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को ऐसी सामग्री मिली है, जिससे पता चलता है कि यह अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क अपराध से की गई कमाई को वर्चुअल परिसंपत्तियों और सोने-चांदी में तब्दील कर रहा था।

# स्पेस वॉक : अंतरिक्ष में भविष्य की संभावनाओं का द्वार

सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लेओनोव ने 1965 में अंतरिक्ष में पहली बार स्पेस वॉक किया, तब मानवता ने एक नए युग की शुरुआत की। इस ऐतिहासिक घटना ने न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण की सीमाओं को विस्तारित किया, बल्कि अंतरिक्ष में मानव गतिविधियों के भविष्य की संभावनाओं का द्वार भी खोला। आज स्पेस वॉक, अंतरिक्ष अन्वेषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह गतिविधि अंतरिक्ष यात्रियों को उनके यान के बाहर काम करने की अनुमति देती है। यह तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होने के साथ मानवता की विज्ञान-प्रौद्योगिकी में प्रगति का प्रतीक भी है।

### स्पेस वॉक का महत्व-उद्देश्य

स्पेस वॉक का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष स्टेशन के बाहरी हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और अपग्रेडेशन करना होता है। इसके अलावा, यह बाहरी अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग और उपकरणों की स्थापना के लिए भी किया जाता है। ये कार्य बहुत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये यान और स्टेशन की लंबी अवधि की कार्यक्षमता सुनिश्चित करते हैं और नई तकनीकों और वैज्ञानिक डेटा के संग्रहण में भी सहायक होते हैं।

### स्पेस वॉक करने की तैयारी

स्पेस वॉक की तैयारी एक विस्तृत और जटिल प्रक्रिया होती है। इसमें कई चरण शामिल हैं। स्पेस वॉक से पहले, मिशन की योजना बनाई जाती है जिसमें कार्यों की सूची, समय-सारणी, और आवश्यक उपकरणों की पहचान शामिल होती है। अंतरिक्ष यात्री स्पेस वॉक के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसमें वर्चुअल रियलिटी सिमुलेटर, पानी के अंदर अभ्यास, और स्पेससूट का उपयोग शामिल होता है। अंतरिक्ष यात्रियों को विशेष स्पेससूट पहनना होता है जो उन्हें अंतरिक्ष की कठिन परिस्थितियों से बचाता है। इन सूट्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति, तापमान नियंत्रण, और संचार उपकरण होते हैं।



### पहली बार निजी अंतरिक्ष यात्रा

अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा डिजाइन किए गए नए, कम भारी स्पेससूट का इस्तेमाल करते हुए दो अंतरिक्ष यात्रियों ने पहली बार व्यावसायिक रूप से अंतरिक्ष यात्रा की है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अरबपति जेरेड इसाकमैन और स्पेसएक्स की इंजीनियर सारा गिलिस ने लगभग 700 किमी. की ऊंचाई पर अपने अंतरिक्ष यान के बाहर लगभग आधे घंटे समय बिताया। अपोलो के चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष में इंसान की सबसे अधिक दूरी की यह यात्रा थी। अंतरिक्ष में यह संक्षिप्त यात्रा वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# रूस में भीतर तक हमले की मांगी अनुमति

## यूक्रेन ने लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल के लिए पश्चिमी देशों से फिर किया अनुरोध

**अभी रूसी सीमा में सीमित क्षेत्र में अमेरिकी हथियारों के प्रयोग की अनुमति**

**कीव, एजेंसी**

अमेरिकी और ब्रिटिश नेताओं के बीच एक दिन पहले हुई बैठक में लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल को लेकर उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं दिखाई देने पर यूक्रेन ने शनिवार को पश्चिमी देशों से एक बार फिर अनुरोध किया कि वे उसे रूस में अधिक गहराई तक हमला करने की अनुमति दें। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार एंड्री यरमक ने शनिवार को कहा कि रूसी आतंक रूसी संघ के अंदर मौजूद हथियार के भंडार, हवाई क्षेत्रों और सैन्य अड्डों से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि रूस में भीतर तक हमला करने की अनुमति मिलने से समस्या के समाधान में तेजी आएगी। यह नया अनुरोध तब समाने आया जब कीव ने कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर और अधिक ड्रोन और तोपों से हमले किए।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार सहयोगियों से रूसी क्षेत्र के अंदर गहराई तक हमला करने के लिए पश्चिम द्वारा प्रदत्त लंबी दूरी के हथियारों के उपयोग की अनुमति देने का आग्रह किया है। अभी तक अमेरिका ने कीव को यूक्रेन से लगी रूस की सीमा के अंदर एक सीमित क्षेत्र में ही अमेरिका प्रदत्त हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी है। माना जाता है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई तो लंबी दूरी के हमलों की अनुमति देने पर चर्चा हुई, लेकिन बैठक के तुरंत बाद किसी निर्णय की घोषणा नहीं की गई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और अन्य सहयोगियों पर दबाव डाल रहे हैं कि उनकी सेना को पश्चिमी हथियारों का उपयोग करके हवाई अड्डों और दूर के प्रक्षेपण स्थलों को निशाना बनाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन के बिजली घरों और उपयोग की अन्य चीजों पर हमले तेज कर दिए हैं। उन्होंने शनिवार सुबह की बैठक पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि रात भर में 70 से अधिक रूसी ड्रोन यूक्रेन में हमले के लिए भेजे गए। यूक्रेनी वायुसेना ने बाद में कहा कि 76 रूसी ड्रोन देखे गए थे, जिनमें से 72 को मार गिराया गया। रात भर हुए अन्य हमलों में रूसी तोप के गोले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि 54 वर्षीय एक चालक की मौत हो गई और सात अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रीय गवर्नर इहोर तेरेखोव ने कहा कि एक केएबी हवाई बम पूर्वी शहर खार्किव में एक गैरेज परिसर पर भी गिरा, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष में आने वाले सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण : स्टार्मर



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि आने वाले सप्ताह यूक्रेन संघर्ष में बहुत महत्वपूर्ण होंगे और उन्होंने कीव की आवश्यकताओं के समर्थन के महत्व को भी रेखांकित किया। स्टार्मर ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ कहा कि मुझे लगता है कि अगले कुछ सप्ताह और महीने महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम स्वतंत्रता के इस महत्वपूर्ण युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करें। बाइडेन ने कहा कि वह और स्टार्मर यूक्रेन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और मध्य पूर्व से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करेंगे, जिसमें गाजा बंधक और युद्धविराम वार्ता भी शामिल है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि स्टार्मर की वाशिंगटन यात्रा बाइडेन से रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी की विपत्ति का समर्थन करने का आग्रह करने के लिए है। ब्रिटेन कथित रूप से यूक्रेन को रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी तक लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए लंबी दूरी की स्टॉर्म शैडो मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देना चाहता है, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ है क्योंकि इन मिसाइलों में अमेरिकी तकनीक है और ऐसे किसी भी हमले के लिए अमेरिकी सरकार से अनुमति की आवश्यकता होती है।

## रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगा उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में हुई एक बैठक में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु को आश्वस्त किया कि उत्तर कोरियाई सरकार व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि की भावना में रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगी। यह जानकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने दी।

रूसी सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि शोइगु ने 13 सितंबर को प्योंगयांग का दौरा किया था, जहां किम ने उनकी अगवानी की थी। उल्लेखनीय है कि 18-19 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान, रूस और उत्तर कोरिया ने स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान में सहयोग पर एक अंतर सरकारी समझौता, तुमनया नदी के पार एक सीमा ऑटोमोबाइल पुल के निर्माण पर एक समझौता और व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर एक नई संधि पर हस्ताक्षर किया था। उत्तरार्द्ध दस्तावेज़ को 09 फरवरी, 2000 के देशों के बीच दोस्ती, अच्छे-पड़ोसी और सहयोग की बुनियादी संधि का स्थान लेने के लिए तैयार किया गया है। नई संधि की कोई समय-सीमा नहीं होगी, यह अनुसमर्थन के अधीन है और अनुसमर्थन उपकरणों के आदान-प्रदान की तारीख को लागू होगी।

# स्विटजरलैंड से भारत के संबंध और होंगे प्रगाढ़

**जिनेवा, एजेंसी**



स्विस फेडरल काउंसलर इग्नाज़ियो कैसिस से हाथ मिलाते जयशंकर।

- विदेश मंत्री जयशंकर ने की अपने समकक्ष कैसिस से वार्ता
- बैठक में दोनों के बीच वैश्विक क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्विटजरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार देशों के इस संघ में स्विट्जरलैंड भी शामिल है।

जयशंकर दो-दिवसीय यात्रा पर यहां आए थे, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि एक विशेष शिष्टाचार के तहत कैसिस ने जिनेवा में जयशंकर की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए के सदस्य देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

भारत ने मार्च में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एक 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत को इन चार यूरोपीय देशों से 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, जयशंकर और कैसिस ने परस्पर हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की। इनमें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस शामिल हैं।

## भारतीय दल से मिले जयंत, बढ़ाया उनका उत्साह

**ल्योन/नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने फ्रांस के ल्योन में आयोजित विश्व कौशल 2024 में शामिल भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना की है। इस कार्यक्रम में भारतीय टीम में 60 प्रतिस्पर्धी शामिल हुए हैं। चौधरी ने हर प्रतिभागी से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने जिम्बाब्वे, केन्या जर्मनी, फ्रांस, स्विट्ज़रलैण्ड, चीन और कोरिया जैसे देशों तथा अन्य देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने भारतीय प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखा।

## इजराइली हवाई हमले से लेबनान में 13 लोग घायल

**बेरूत, एजेंसी**

दक्षिणी लेबनान के कफ़र रुम्मान शहर में हुए इजराइली हवाई हमले में 13 लोग घायल हो गए हैं। अल जज़ीरा प्रसारक ने लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। यह हमला उस इमारत के पास हुआ जहां घायल लोग मौजूद थे।

लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी लेबनान के अहमदीह बस्ती में एक इमारत पर हमला किया, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए।

### लेबनान ने इजरायल पर पांच मिसाइलें दागीं

**यरूशलम।** लेबनान से इजराइल के क्षेत्र में लगभग पांच मिसाइलें दागी गईं हैं। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि ऊपरी गैलिली क्षेत्र में सायरन बजने के बाद, लेबनान से इजराइल में पांच मिसाइलों की पहचान की गई। कुछ मिसाइलों को रोक दिया गया और अन्य खुले इलाकों में गिरीं। आईडीएफ के अनुसार किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## बलूचिस्तान में बस खाई में गिरने 6 की मौत, 24 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में शनिवार को एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। घायलों में कुछ ही हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार यह हादसा प्रांत के झोब जिले के धाना सर इलाके में हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बचाव दल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शवों तथा घायलों को गहरी खाई से बाहर निकालकर पास के अस्पताल में पहुंचाया। स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में भाग लिया। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।



**उत्सव**

कोझिकोड के ओनापोटन में ओणम उत्सव में शामिल होने के लिए जाते स्थानीय लोक कलाकार। ओणम को खासतौर पर खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए मनाया जाता है। इस बार ओणम 15 सितंबर को मनाया जा रहा है।

# मैं बाइडन से अलग हूं : हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**





- हैरिस ने खुद को बताया नई पीढ़ी का प्रतिनिधि

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से अलग है क्योंकि वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है प्रेशिडेंशियल डिबेट। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं। पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के नफरत भरे और विभाजनकारी भाषण की आलोचना की और कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ट्रंप जिस तरह की नेतृत्व शैली अपनाते हैं अब उससे लोग थक गए हैं।

एक न्यूज चैनल के एंकर ब्रायन टैफ ने हैरिस से पूछा कि वह एक या दो ऐसे क्षेत्र बताएं जहां वह बाइडन से खुद को अलग समझती हैं। हैरिस ने कहा कि देखिए मैं जो बाइडन नहीं हूं और मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं। उन्होंने कहा कि जिन चीजों को एक बार हल्के में लिया गया उन्हें अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

हैरिस ने कहा कि मेरे पास एक योजना है जो एक नए दृष्टिकोण पर आधारित है। इसके तहत मैं परिवारों के लिए उनके बच्चे के एक वर्ष के होने तक चाइल्ड टैक्स क्रेडिट 6,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना चाहती हूं क्योंकि यह वर्ष बच्चे के विकास लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है और इसलिए मेरा नजरिया वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए नए विचारों, नई नीतियों के बारे में है।

### हैरिस को वोट देना, रूस से युद्ध के लिए मतदान करना है : ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकी उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए मतदान करना, रूस के साथ युद्ध करने के लिए मतदान करना है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा कि कॉमरेड कमला हैरिस के लिए मतदान करना रूस के साथ युद्ध के लिए मतदान करना है। उन्होंने बार-बार कहा है कि अगर वे 2020 में फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाते तो यूक्रेन में संघर्ष नहीं होता।

## ईरान ने किया उपग्रह के प्रक्षेपण का दावा

**तेहरान।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा बनाए गए एक रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। ईरान ने इस प्रक्षेपण को सफल बताया जो उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला दूसरा प्रक्षेपण होगा। हालांकि प्रक्षेपण के सफल होने के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही ईरान के अधिकारियों ने इस संबंध में कोई फुटेज या अन्य विवरण उपलब्ध कराया है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह प्रक्षेपण किया है। युद्ध के दौरान ईरान ने इजराइल पर अभूतपूर्व तरीके से सीधे तौर पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

# विलियम्स और बुच ने प्रार्थनाओं के लिए जताया आभार

**केप केनवरल, एजेंसी**



- दोनों अंतरिक्ष यात्री फरवरी तक परिक्रमा प्रयोगशाला में रहेंगे
- अंतरिक्ष स्टेशन पर रखरखाव और प्रयोगों में दे रहे योगदान

अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने शुक्रवार को कहा कि वे वापसी के लिए सभी लोगों की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हैं। पिछले सप्ताह बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की वापसी के बाद से यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है।

इस कैप्सूल से दोनों जून में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) गए थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कैप्सूल में कुछ विसंगतियों का पता लगाया जिसके कारण धरती पर उनकी वापसी को लेकर अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विल्मोर और विलियम्स अब स्टेशन के पूर्ण चालक दल के सदस्य हैं, जो नियमित रखरखाव और प्रयोगों में अपना योगदान देते हैं। विल्मोर और विलियम्स तथा उनके साथ मौजूद सात अन्य ने इस सप्ताह की शुरुआत में दो रूसी और एक अमेरिकी को ले गए सोयुज अंतरिक्ष यान का स्वागत किया, जिससे स्टेशन पर अस्थायी रूप से अंतरिक्ष यात्रियों की संख्या 12 हो गई, जो एक रिकॉर्ड है।

### उन्हें वापस लाने को इस महीने जाएगा अंतरिक्ष यान

स्टारलाइनर के दोनों परीक्षण पायलट-सेवानिवृत्त नौसेना कप्तान और लंबे समय तक नासा के अंतरिक्ष यात्री फरवरी के अंत तक परिक्रमा प्रयोगशाला में रहेंगे। उन्हें वापस लाने के लिए स्पेसएक्स कैप्सूल का इंतजार करना होगा। यह अंतरिक्ष यान इस महीने के अंत में लॉन्च होने वाला है, जिसमें वापसी के लिए विल्मोर और विलियम्स के वास्ते दो सीट खाली रखी जाएंगी। स्टारलाइनर कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों के साथ बोइंग की पहली अंतरिक्ष उड़ान थी।

### छह जून को दोनों पहुंचे थे अंतरिक्ष स्टेशन पर

छह जून को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने से पहले इसमें थ्रस्टर संबंधी दिक्कतें पैदा हो गईं और हीलियम लीकेज का सामना करना पड़ा। यह इस महीने की शुरुआत में न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में सुरक्षित रूप से उतरा, लेकिन नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम में बोइंग का आगे का रास्ता अनिश्चित बना हुआ है। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने शटल का समय पूरा होने के एक दशक पहले अंतरिक्ष परिवहन के लिए स्पेसएक्स और बोइंग के साथ करार किया था। स्पेसएक्स 2020 से अंतरिक्ष यात्रियों को उड़ान पर ले जा रहा है।